संसेक्स 74,244.90 ▲ -793.25
डॉलर 83.616 ▼ +0.268

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 36.0 | 24.0 | 26.0 |
| धनबाद | 39.0 | 26.0 | 29.0 |
| जमशेदपुर | 41.0 | 26.0 | 29.0 |
| पलामू | 39.0 | 25.0 | 29.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत 2081 डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 15 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 177, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय भारत रत्न बाबा साहेब चाहते थे देश में समान नागरिक संहिता ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
भारत ने इजराइल और ईरान से तनाव कम ...12 देश/विदेश

## वासंतिक नवरात्र

### सप्तमी : कालरात्रि



**नवरात्रि** की सप्तमी के दिन मां कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। यह देवी कालरात्रि ही महामाया हैं और भगवान विष्णु की योगनिद्रा हैं। देवी की चार भुजाएं हैं- दायीं ओर की ऊपरी भुजा से महामाया भक्तों को वरदान दे रही हैं और नीचे की भुजा से अभय का आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं।

ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।।

**मां** कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है। इनका वर्ण अंधकार की भांति काला है, केश बिखरे हुए हैं, कंठ में विद्युत की चमकवाली माला है। मां कालरात्रि के तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह विशाल व गोल हैं, जिनमें से बिजली की भांति किरणें निकलती रहती हैं। इनकी नासिका से श्वास तथा निःश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। मां का यह भय उत्पन्न करनेवाला स्वरूप केवल पापियों का नाश करने के लिए है। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करनेवाली हैं।

### मुख्यमंत्री के गृह जिला में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों ने हरवे-हथियार के साथ किया हमला

# भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर गम्हरिया में हमला, बाल-बाल बची

**- सीएम इन दिनों अपने गृह जिला में हैं और कार्यकर्ताओं चुनाव तैयारी की जानकारी ले रहे हैं**

**- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हमले के पीछे मुख्यमंत्री का हाथ होने की आशंका जताई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गम्हरिया/रांची।** झारखंड में अब तक शांति से चल रहे चुनाव प्रचार अभियान में रविवार को अचानक आक्रमकता और हिंसा का प्रवेश हो गया। दरअसल चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री के गृह जिला सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर गांव में सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर स्थानीय लोगों ने हरवे-हथियार के साथ हमला कर दिया। संयोग से इस दौरान गीता कोड़ा सुरक्षित बच निकलीं वहीं कई कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई। मालूम हो कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इन दिनों अपने अपने गृह जिला में ही कैंप कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को आक्रमक प्रचार कर राज्य में सभी 14 सीट पर इंडी गठबंधन को जीत दिलाने का मंत्र दे रहे हैं। इस मामले में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने प्रशासन से घटना की जांच करने की मांग की है। गीता कोड़ा पर हुए हमले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगबबूला हो गए। उन्होंने कहा अपनी हार की निश्चितता देख कर झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान कायराना हमला किया है। राज्य के पहले मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल ने कहा कि सरायकेला मुख्यमंत्री का गृह जिला भी है और इस कृत्य में उनकी भी संलिप्तता हो सकती है।

**क्या हुआ महिला सुरक्षा का दावा : बाबूलाल** ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे हैं, और इसी कुंठा में भाजपा के जुझारू कार्यकर्ताओं पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली जेएमएम की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला कर रहे हैं। मरांडी ने कहा कि ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है जो गीता कोड़ा को अपना नेता मान चुकी है और सिंहभूम की जनता इसका सही जवाब देगी।

### गीता पर पहले सोशल मीडिया पर और अब शारीरिक हमला

मरांडी ने कहा दरअसल जबसे गीता कोड़ा बीजेपी में शामिल हुई हैं और कांग्रेस और झामुमो की सरकार नाकामियां और भ्रष्टाचार पर मुखर रूप से बोलने लगी है उस दिन से हेमंत सोरेन और उनकी षडयंत्रकारी कोटेरी ने पहले सोशल मीडिया पर और अब सामने से शारीरिक हमले शुरू कर दिये हैं। कहा कि झामुमो के सभी लंपटो और दंगाइयों को समझ में आना चाहिए कि गीता कोड़ा अब भाजपा की सिपाही है, उनके ऊपर हुआ हर हमला लोकतंत्र पर हमला करना होगा और हम उसका माकूल जवाब देंगे। यह अफसोसलनक है कि राज्य की पुलिस भी इन उपद्रवियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। भाजपा नेता ने कहा कि चुनाव आयोग से आग्रह करूंगा कि इस अपराधिक कृत्य का संज्ञान ले और तुरंत कारवाई करें।

### भाजपा प्रत्याशी ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन, आयोग ने दिया जांच का आदेश



**रांची।** सिंहभूम के भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर हमला को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को ज्ञापन के साथ घटना का वीडियो का पेन ड्राइव भी दिया गया है। भाजपा प्रत्याशी पर हमले का चुनाव आयोग ने जांच का आदेश भी दे दिया है। प्रतिनिधिमंडल मे विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविनाथ किशोर एवं लक्ष्मी कुमारी शामिल थीं।

### पं. जगनारायण पाठक की जयंती पर विशेष

## कांग्रेसी राजनीति के बुलंद हस्ताक्षर थे जगनारायण पाठक

**- राणा अरुण सिंह**

**पूर्व** विधायक व चर्चित स्वतंत्रता सेनानी स्व. जगनारायण पाठक पलामू की राजनीति में अविस्मरणीय व्यक्तित्व रहे हैं। जो सदैव अगली पीढ़ी को स्पंदित करते रहेंगे। 15 अप्रैल 1910 को हैदरनगर के चौकड़ी गांव जन्मे पंडित जगनारायण पाठक 11 जुलाई 1995 तक कांग्रेसी राजनीति के बुलंद हस्ताक्षर रहे। जयंती पर उन्हें याद करना आज के परिवेश में प्रासंगिक है। पं जगनारायण पाठक ने कभी भी अपने राजनीतिक जीवन में अपने लाभ के लिए काम नहीं किया। सदा ही दूसरे के हित के लिए तत्पर रहा करते थे।



पं. जगनारायण पाठक 1967 और 1969 में लेस्लीगंज- पाटन तत्कालीन विधान सभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे। इसके अलावे 1976से 1982 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे। 1952 से 1962 तक पलामू जिला डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के चैयरमैन थे। पं.जगनारायण पाठक की स्वतंत्रता आंदोलन में महती भूमिका रही है। पढ़ाई छोड़ 1932 में वे स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे। अगस्त 1942 में गांधी जी के देशव्यापी आंदोलन 'अग्रेजों भारत छोड़ो' से विशेष प्रभावित हुए और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्हें जेल भी जाना पड़ा। इस दौरान वे राष्ट्रीय नेताओं के सम्पर्क में आए। आज जंयती पर पलामू के ऐसे महानायक को याद कर उनसे जीवन दर्शन से प्रेरणा का संकल्प लिया जा सकता है। जो हमें धर्म संप्रदाय से ऊपर उठना सिखाता है। इस संदर्भ में 1982 से 1991 तक पलामू जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हदयानंद मिश्र बताते हैं कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। वे भावना प्रधान व्यक्ति थे। कांग्रेस के प्रत्येक सदस्य को परिवार से ज्यादा तवज्जो देते थे। दबाव के बाद भी वे अपने पुत्र को राजनीति में न लाकर भीष्म नारायण सिंह, रामदेनी राम, हरिहर सिंह व संकटेश्वर सिंह सरीखे लोगों को कांग्रेस की अग्रिम पंक्ति में शामिल किया। उनके पुत्र आलोक पाठक भी मानते हैं कि उनके पिताजी कांग्रेस को ही अपना परिवार समझा करते थे। सबको साथ लेकर सबकी विकास की बात करते थे, जो आज भी हमारे लिए नयी ऊर्जा का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड : चार लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डालें जाएंगे।

राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं।

घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13 मई है।

### वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 11.6 लाख रुपये बरामद

**रांची।** लालपुर थाना के प्लाजा चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान 11 लाख छह हजार 830 रुपये पुलिस ने बरामद किए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्लाजा चौक के समीप लालपुर थाना गश्ती दल और पीसीआर 25 चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग के दौरान एक स्कूटी ( जेएच 01 ईएच 1487 ) को जांच करने पर स्कूटी चालक के पास से 11 लाख छह हजार 830 रुपये बरामद किया गया। स्कूटी चालक से पूछताछ करने पर रुपये पंडरा बाजार समिति ले जाने की बात बतायी गयी है। स्कूटी सवार अंकित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह डिस्टलरी पुल के समीप किराए के मकान में रहता है। मूल रूप से वह बिहार के शेखपुरा का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह खूंटी से तगादा कर पैसा लाया था और पंडरा के दाल व्यवसायी सुमित अग्रवाल को देने जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग में पकड़ा गया।

# राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर होगी भाजपा की जीत : मरांडी

**● भाजपा का एकमात्र लक्ष्य विकसित राष्ट्र का निर्माण करना है : पूर्व सीएम**

**● भाजपा का विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए बाबूलाल मरांडी**




**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में आयोजित विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में कहा कि भाजपा की सोच पूरे देशवासियो का सर्वांगीण विकास करना है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार संवेदनशील होकर कार्य कर रहे हैं। कहा कि पीएम मोदी को रोकने के लिए विदेशी शक्तियों द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है। ऐसे में राष्ट्रवादी सोच वाले व्यक्तियों का दायित्व बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में लोहरदगा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को जीत दिलाकर भाजपा के संकल्प को आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि जिस प्रकार लोहरदगा की जनता ने मुझे लगातार तीन बार सांसद बनाया है उसी तर्ज पर समीर उरांव को भी जीत दिलाने का काम करे। वही भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि लोहरदगा सीट से मुझे जीतने का अवसर मिला तो स्थानीय विकास के लिए एक नया लंबी लकीर खींचने का काम करूंगा।

### कई लोगों ने पुनः घर वापसी की

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने पुनः घर वापसी की। पार्टी ज्वाइन करने वालों में नंदकिशोर साहू अरविंद पाठक, अजय साहू ,विजय साहू ,पवन साहू ,रितेश साहू ,बबलू साहू ,संतु साहू राजू साहू, नीरज गुप्ता ,माजिद कयूम सुनील महतो ,नरेश कुमार साहू ,लखन साहू ,रामविलास साहू ,जनक प्रजापति समेत अन्य लोग शामिल थे। मंच संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद , जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने की। सभा को पूर्व विधायक सधनु भगत ने कहा कि संगठन के द्वारा 400 का लक्ष्य को हमें चुनौती पूर्ण लेना चाहिए। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री लोहरदगा लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी ,पूर्व विधायक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (10 ग्राम) | 71,920 |
| चांदी (किलो) | 83,260 |

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

## कोल्हान विवि के प्रश्नपत्र में आई टीवी चैनल की शब्दावली

### राजनीति विज्ञान की परीक्षा में पूछा सवाल, गोदी मीडिया से आप क्या समझते हैं?

**राची।** कोल्हान विश्वविद्यालय ने एक ऐसा कारनामा किया है, जिसके कारण वह चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया और टीवी चैनल की शब्दावली का प्रयोग कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रश्न पत्र में हुआ है। दिलचस्प बात है कि यह ना तो विषय में और ना ही सिलेबस में है। कोल्हान विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा में राजनीति विज्ञान में सवाल पूछा गया है- गोदी मीडिया से आप क्या समझते हैं? हालांकि, यह लघु उत्तरीय प्रश्न है। जब छात्रों ने इस सवाल को प्रश्न पत्र में देखा, तो वे दंग रह गए। ज्ञात हो कि टीवी चैनलों पर इस मुद्दे पर बहस भी छिड़ी हुई है। इधर, कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अजय चौधरी से जब बात की गई, तो उन्होंने साफ कहा कि यह उनके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएम मोदी ने कहा, अगली सरकार में निवेश से नौकरी पर रहेगा फोकस



**नई दिल्ली।** मोदी की गारंटी नाम से घोषणापत्र जारी करने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कल्याणी की पूजा करते हैं और मां अपने दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए है, ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। इसके साथ सोने पर सुहागा ये कि आज बाबा साहेब की जयंती भी है। राजनाथ सिंह और उनकी टीम को घोषणापत्र बनाने के लिए धन्यवाद देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये घोषणापत्र नारी, युवा, किसान सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस निवेश से नौकरी, क्वालिटी ऑफ लाइफ भी है। गरीबी से जो बाहर आए हैं उन्हें संबल की आवश्यकता होती है, इसी सोच से बीजेपी ने गरीब कल्याण की योजनाओं को आगे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज के मैच



**समय : 15 अप्रैल, 7:30 बजे से**
**स्थान : बैंगलुरू**

## आजकल




## इंडिया

# जाति विरोधी थे बाबा साहब पर अधिक समर्थक हैं जातिवादी


सुनील बादल

**भारत** को जातिमुक्त कर समाज की बुराइयों को दूर करने की वकालत करने वाले बाबा साहब के समर्थक और उनके नाम पर राजनीति करने वालों ने दलों ने जाति की राजनीति को ही बड़ा हथियार बनाए रखा है । भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और भारत के पहले कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर अनुच्छेद 370 के भी धुर विरोधी थे। उनका लक्ष्य था 'सामाजिक असमानता दूर करके दलितों के मानवाधिकार की प्रतिष्ठा करना। 14 अप्रैल 1891 को महू में सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवीं संतान के रूप में डॉ भीमराव आंबेडकर का जन्म हुआ। उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का अद्भुत मेल था। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को भारत में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने भीमराव आंबेडकर को मेधावी छात्र के नाते छात्रवृत्ति देकर 1913 में विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेज दिया। अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मानव विज्ञान, दर्शन और अर्थ नीति का गहन अध्ययन बाबा साहेब ने किया। वहां पर भारतीय समाज का अभिशाप और जन्मसूत्र से प्राप्त अस्पृश्यता की कालिख नहीं थी। इसलिए उन्होंने अमेरिका में एक नई दुनिया के दर्शन किए। सदियों की गुलामी से अपनी पहचान खो चुके भारत में 1920 के दशक में आंबेडकर विदेश में पढ़ाई पूरी कर भारत लौटे। गांधी और कांग्रेस आजादी के आंदोलन में चर्चा में थे । ग्रामीण भारत, जाति प्रथा और छुआ-छूत के मुद्दों पर आंबेडकर और गांधी की पहचान एक दूसरे के विरोधी की थी । गांधी कहते यदि जाति व्यवस्था से छुआ-छूत जैसे अभिशाप को बाहर कर दिया जाए तो पूरी व्यवस्था समाज के हित में काम कर सकती है। गांधी ने गांव को एक पूर्ण समाज के रूप में विकास और उन्नति के केन्द्र में रखा। गांधी के उलट आंबेडकर ने जाति व्यवस्था को पूरी तरह से नष्ट करने की बात करते । उनका मानना था समाज में जबतक जाति व्यवस्था रहेगी, छुआ-छूत जैसे अभिशाप नए-नए रूप में समाज में पनपते रहेंगे। गांधी ने पूर्ण विकास के लिए गांव को केंद्र बनाने की वकालत की तर्क था कि बड़ी जनसंख्या का पेट सिर्फ कल-कारखानों से नहीं भरा जा सकता है। जबकि आंबेडकर ने लोगों से गांव छोड़कर शहरों का रुख करने की अपील की। आंबेडकर के मुताबिक गांव को छोड़ना इसलिए जरूरी है क्योंकि आर्थिक उन्नति और बेहतर शिक्षा सिर्फ शहरों में मिल सकती है और बिना इसके दलित समाज को विकास के चक्र में लाना नामुमकिन है। गांधी सत्याग्रह में भरोसा करते थे। उन्होंने ऊंची जातियों को सत्याग्रह के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि छुआ-छूत जैसे अभिशाप को खत्म करने का बीड़ा ऊंची जातियों के लोग उठा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने कई आंदोलन छेड़े और व्रत रखे जिसके बाद कई मंदिरों को सभी के लिए खोल दिया गया। जबकि आंबेडकर का मानना था कि सत्याग्रह पूरी तरह से निराधार है । उनके मुताबिक सत्याग्रह के रास्ते ऊंची जाति के हिंदुओं का हृदय परिवर्तन नहीं किया जा सकता क्योंकि जाति प्रथा से उन्हें भौतिक लाभ होता है और इस लाभ का त्याग वह नहीं कर सकते। महात्मा गांधी राज्य में अधिक शक्तियों को निहित करने के विरोधी थे। उनका मानना था कि शक्तियों को समाज में निहित किया जाए और इसके लिए वह गांव को सत्ता का प्रमुख इकाई बनाने के पक्षधर थे। इसके उलट आंबेडकर समाज के बजाए राज्य को ज्यादा से ज्यादा ताकतवर बनाने की पैरवी करते थे।

यहां प्रासंगिक है कि शेख अब्दुल्लास को अनुच्छेद 370 पर लिखे पत्र में आंबेडकर ने कहा था कि आप चाहते हैं कि भारत जम्मूआ-कश्मीबर की सीमा की रक्षा करे, यहां सड़कों का निर्माण करे, अनाज सप्लाई करे। साथ ही, कश्मीीर को भारत के समान अधिकार मिले, लेकिन आप चाहते हैं कि कश्मीर में भारत को सीमित शक्तियां मिलें। ऐसा प्रस्तारव भारत के साथ विश्वाहसघात होगा, जिसे कानून मंत्री होने के नाते मैं कतई स्वीतकार नहीं करूंगा।

उन्होंहने इसका मसौदा तैयार करने से इनकार कर दिया था। आंबेडकर के मना करने के बाद शेख अब्दु ल्ला नेहरू के पास पहुंचे और प्रधानमंत्री के निर्देश पर गोपालस्वाामी अयंगर ने मसौदा तैयार किया था। कुछ लोगों के भारी विरोध के बीच सोमवार 5 अगस्त 2019 के इतिहास में स्वतंत्र भारत का नया इतिहास लिख दिया गया। 17 अक्टूबर 1949 को संविधान में राष्ट्रपति के आदेश से जोड़े गये अनुच्छेद 370 को उसी तरीके से समाप्त कर दिया गया।

### देवघर में तीन शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर पुलिस ने तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के नाम महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिडको स्थित त्रिमूर्ति चौक निवासी तोयेश संजय पाटिल, सारवां थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी प्रफुल रवानी और मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा निवासी रितिक रोशन है। देवघर पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी करीब डेढ़ वर्ष से देवघर स्थित रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी कर रहे थे और इस आड़ में साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के एक खाते से एक माह में 70-80 लाख रुपये ट्रांजेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने बताया कि आरोपी टेलीग्राम समूह के माध्यम से सट्टा बाजार में निवेश कराने, बैंक क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता को झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड के विवरण प्राप्त कर ठगी करने का काम करते थे।

## एक नजर

### पुलिस बल ने सौ लीटर जावा महुआ को नष्ट किया

**पाटन।** पलामू लोकसभा चुनाव को देखते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार पाटन थाना प्रभारी लाल जी कुमार व किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज अपने दल बल के साथ लगभग ढाई सौ लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया। छापामारी के दौरान ग्राम पाल्हे कला, पाण्डेयपूरा, सुठा समेत अन्य गाँव में अवैध महुआ शराब को लेकर छापामारी की गईञ इस संबंध में थाना प्रभारी लाल जी कुमार ने बताया कि यह छापामारी अभियान लगातार लोकसभा चुनाव तक यह अभियान चलाया जाएगा। मौके पर साथ में छापामारी अभियान में थाना के मुंशी मुकेश चौबे,थाना के जवान,चौकीदार हैदर अली मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को हैदरनगर बीडीओ ने किया जब्त

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर बीडीओ विजय प्रताप मालवा ने शनिवार को कबरा खुर्द बालू घाट से अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को पकड़कर जब्त किया है। इससे बालू के अवैध कारोबारियों में हड़कंप है। बीडीओ ने अग्रेतर कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचित कर दिया है। बीडीओ ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना के आधार पर मालूम हुआ कि एक ही चालान पर एक ट्रैक्टर दिनभर बालू का परिवहन कर रहा है। इसके बाद उन्होंने कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित कबरा खुर्द के सोन नदी घाट पर अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जप्त किया। जिन दो ट्रैक्टरों को जप्त किया गया है,उनके पास शनिवार का चालान न होकर पूर्व की तिथि का चालान था। साथ ही कई चालान पर तारीख और समय पर ओवर राइटिंग किया हुआ है। बीडीओ ने बालू के इस अवैध उत्खनन के खिलाफ खनन विभाग एवं डीटीओ पलामू को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया है।

### हरिहरगंज थाने में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**हरिहरगंज।** थाना में रविवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी। डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित, केक काटकर व फूल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर डीएसपी ने कहा कि बाबा साहब के आदर्श विचार एवं संविधान के कानून पर हम सभी भारत वासियों को अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्गों का अनुसरण करना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर एएआई सुधांशु शेखर झा, सतीश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, लाल बहादुर हरिजन, एएनआई संजय कुमार सिंह, मनोज दास, आरक्षी महेंद्र राम, मनोज कुमार रवि, हवलदार कुलदीप, संजय रजक, राकेश कुमार, नीतीश कुमार शहीद कई लोग मौजूद थे।

# अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने दिया अर्घ्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई। रविवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। नमन कर सुख-शांति, समृद्धि व सुखमय जीवन की कामना किया। स्थानीय जेपी चौक स्थित बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा घाट, नहर मोड़ उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट व ब्लॉक रोड स्थित पंच मंदिर सरोवर छठ पोखरा में व्रतियों ने श्रद्धापूर्वक आस्था की डुबकी लगायी। वहीं भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान सम्पूर्ण छठ घाट के अलावे आस पास छठी मईया के गीतों से पूरा शहर गुंजयमान हो रहा हैं।

### अर्घ्यदान कर सुख समृद्धि की कामना की



**मोहम्मदगंज।** भीमचूल्हा में छठ व्रत को लेकर शनिवार को व्रतियों ने खरना स्नान और पूजा-अर्चना की। साथ रविवार को अर्घ्यदान के लिए घाट की सफाई की। घाट को जागृत किया। इसमें आसपास के छठ व्रती शामिल हैं। पुजारी गंगा तिवारी और सहयोगी सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि चैती छठ व्रत को लेकर भीमचुल्हा में कोयल नदी का पवित्र घाट भी व्रतियों की आस्था केंद्र बन गया है। इसके अलावा हैदरनगर देवीधाम में मां भगवती का दर्शन-पूजन करने आए भक्त भी इस रास्ते से गुजरने के दौरान इस धार्मिक और पर्यटक स्थल पर पूजा अर्चना करने लगे हैं। शनिवार को भी काफी संख्या में पहुंचे भक्तों ने इस स्थल का अवलोकन किया। भगवान शिव की आराधना की।

# भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क अभियान चलाया, नामांकन के लिए किया आमंत्रित

### क्षेत्र में कई जगह भाजपा प्रत्याशी का अभिनंदन



**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी के पलामू लोकसभा प्रत्याशी सह पूर्व सांसद विष्णु दयाल राम ने पाटन प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांव का भ्रमण किया। वहीं 24 अप्रैल को नामांकन में आने के लिए आमंत्रित किया।वे नौडीहा, पालहे, किशुनपुर, काला पहाड़, नवा जयपुर समेत अन्य गांवों का भ्रमण किया। स्थानीय ग्रामीणों ने किसानों के लिए पानी की मांग की। वहीं ग्रामीणों ने किशनपुर में बंद आरो प्लांट का मामला भी उठाया। सांसद बीडी राम ने कहा कि सोन और कोयल नदी से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाई जाएगी। इस योजना के लिए 454 करोड रुपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है। काम शुरू हो चुका है। सिंचाई एवं पेयजल के लिए केंद्र सरकार कटिबद्ध है। गढ़वा जिला में इस योजना का शिलान्यास हो चुका है। 2025 मार्च तक कार्य को धरातल पर उतारा जाएगा। मौके पर विभाकर पांडे, प्रफुल सिंह, राकेश दुबे, सुरेंद्र उपाध्याय, शेखर दादा, अमलेश दुबे, पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह, मंडल अध्यक्ष किशनपुर संतोष पांडे, अखिलेश पांडे, मुकेश सिंह, अलख दुबे, मुखिया सुमन गुप्ता, प्रमोद सोनी, मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह, ध्रुव द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, अर्जुन तिवारी, चिंटू उपाध्याय, नीलिमा झा, मधु देवी, पीपी शर्मा, निर्मला देवी, रूबी कश्यप, अभिषेक सिंह के अलावे बड़ी संख्या मे भाजपा समर्थक मौजूद थे।

# विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर जयंती मनायी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला आंबेडकर चौक पर स्थापित प्रतिमा व पूर्व विधायक के आवास पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के जनक बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। पूर्व राजद विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहेब का संघर्षपूर्ण जीवन और सफलता की कहानी हर किसी के लिए प्रेरणा है। उधर, डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस पर सतबरवा प्रखंड के बारी गांव में अंबेडकर चौक पर 134वीं जयंती मनायी गयी। इस मौके पर आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण में बाबा साहब की भूमिका अविस्मरणीय है। राष्ट्र की एकता व अखंडता को उन्होंने सदैव सर्वोपरि रखा। उनके बताए हुए मार्ग पर चलने से हमारा भारत देश विकसित हो सकेगा। छतरपुर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और



छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण व वितरण कर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से डॉ भीमराव के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं, बगैया पंचायत के तेलियाडीह में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पौधा समर्पित किया। उधर, छतरपुर नगर पंचायत स्थित बारा के फुलवारी प्रांगण में प्रखंड के विभिन्न कमेटियों द्वारा भारतीय संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के दौरान गांव के विभिन्न कमेटियों द्वारा जुलूस का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोग बाजे-गाजे के साथ नाचते गाते छतरपुर मुख्य पथ से नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस मौके पर जयंती समारोह कार्यक्रम का मुख्य आयोजन कर्ता रविंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के न सिर्फ शिल्पकार थे, बल्कि एक महान विचारक, विद्वान, लेखक, प्रखर पत्रकार, भारत रत्न एवं भारत के कानून मंत्री थे। वहीं, पांडु प्रखंड अंतर्गत कजरू कला में विश्व रत्न संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कजरु कलां में शेर अहमद के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। मैमूना पब्लिक स्कूल से प्रारंभ होकर जूलूस की शक्ल में बाबा साहब अमर रहे के नारों कर साथ अम्बेडकर चौक पहुंच कर बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए और बच्चों को शरबत पानी और मिठाइयां बांटकर कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया।

### विश्रामपुर प्रखंड के कई जगहों पर मनाई गई बाबा साहब की 135वीं जयंती



**विश्रामपुर।** नगर परिषद व प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में डॉ. भीमराव अम्वेदकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ निकाली गई शोभा यात्रा व प्रभात फेरी में सैकड़ों युवक डीजे के धुन पर नृत्य करते बाबा साहेब अमर रहे का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। मुरमा कला, तोलरा, लालगढ़, पंजरी, सेमरी, ब्रहमोरिया मोड़ होते हुए भंडार, गुरी, पिपरा होते हुए बीमोड़ पहुंचा। बीमोड़ पहुंच सभा में तब्दील हो गई। बीमोड़ पर जुलूस में शामिल लोगों को जलपान भी कराया गया। संचालन विजय रविदास ने किया। आयोजित कार्यक्रम में विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास, निवर्तमान विश्रामपुर वार्ड पार्षद नरेंद्र राम, बालाजी चौबे संदेश कुमार, गुड्डु राम, रोहित तिवारी, मणी भूषण पांडेय सहित कई नेताओं ने डॉ. भीमराव के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। इसी तरह विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में भीमराव अंबेडकर जयंती विश्रामपुर बाजार प्रांगण में मनाया गया। उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। जिसकी अध्यक्षता विक्रम आदित्य बक्सराय व संचालन पंकज लाल ने की। मौके पर प्रखंड मंत्री राजकुमार मेहता, ओमप्रकाश गुप्ता, सिंकु, शासी, विकास गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

## बाबा साहेब के बनाए संविधान पर ही सबको मिल रहा है अधिकार : प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के अंबेडकर चौक पर रविवार की दोपहर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई, भारत रत्न से सुशोभित बाबा साहब की 133 वीं जयंती के अवसर पर पांकी में आंबेडकर युवक संघ के लोगों ने स्वागत सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी, पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, जिला पार्षद खुशबू कुमारी, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता,भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद, उप मुखिया अनारिक राम के द्वारा सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ० भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को आंबेडकर नवयुवक समिति के लोगों ने फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब के द्वारा बनाये गए संविधान से ही आज देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। बाबा साहब ने देश एवं समाज के हर वर्गों के लोगों का ख्याल रखकर संविधान की रचना की, ऐसे महान पुरुष से हम सभी को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर अपने कार्यों एवं नीतियों की बदौलत भारत रत्न से सुशोभित हुए। मौके पर, अम्बेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष चिंटू अम्बेडकर, उपाध्यक्ष रविन्द्र रविदास, सचिव सुभम कुमार, उपेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी : एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रविवार को हुसैनाबाद थाना परिसर मेंआगमी रामनवमी पूजा की जुलूस को लेकर अखाड़ा समिति सदस्यों की बैठक हुई । इस बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने और संचालन थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में एलआरडीसी गोरांग महतो, एस आई शशि शेखर पांडेय,बीरेंद्र महतो के अलावा विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्य शामिल थे। इस दौरान शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण मे रामनवमी का त्यौहार मनाने की बात कही। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस प्रशसन अखाड़ा समिति और आम लोगों की सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने चयनित रूट पर ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया। साथ ही अखाड़ा जुलूस को रात आठ बजे तक संपन्न करने का निर्देश दिया और साथ ही जुलूस के दौरान डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। जुलूस में अगर डीजे बजते पकड़ाने पर उसे तत्काल जब्त कर डीजे संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केशरी, संतोष कश्यप, सतेंद्र यादव, जय कुमार, कामता सिंह, रामचंद्र सिंह, अवधेश चौधरी, बटेरन विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, विजय मेहता, शिवपूजन चौधरी, बजरंगी प्रजापति के अलावा समिति के कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी ने मनायी भीमराव अंबेडकर की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुंदरी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब का 133 वां जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से दलित कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक पासवान व पाटन कांग्रेस 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय,और मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बाबा भीमराव अंबेडकर साहब के चित्र पर मलयार्पणकर जयंती मनाई। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय ने कहा की भीमराव अंबेडकर एक संघर्षील व्यक्ति थे उनके द्वारा दिया गया नारा था कि शिक्षित बनो संगठित रहोऔर संघर्ष करो।इस नारे से बहुत कुछ सीखने को मिलता है कि वह एक महान व्यक्ति तो के धनी होने के साथ-साथ एक महान समाज सुधारक भी थे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश समाज के नवनिर्माण में सभी को योगदान देना मुख्य नारा था। मौके पर संतोष रवि, पांडू रवि, राहुल कुमार, संजय पासवान, चंदन कुमार, रामाशीष कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

## आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में एक दर्जन घायल, चार रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सेमरवार गांव में ओझा-गुणी व जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच शनिवार की रात जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए है। घायलों को इलाज के लिए हरिहरगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जिसमें एक पक्ष से रंजीत पासवान, रामाशंकर पासवान, शशि देवी व रीता देवी सहित आठ लोग घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से शैलेंद्र पासवान, धीरेंद्र पासवान, बबन पासवान, मुन्ना पासवान सहित तेरह लोग घायल हुए हैं। इस सिलसिले में दोनों पक्षों द्वारा थाना में अलग-अलग आवेदन दिया है। प्रथम पक्ष के सरजुन पासवान ने गोतिया बबन पासवान, परीखा पासवान सहित 16 लोगों पर ओझा-गुणी कहकर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है. वही दूसरे पक्ष के बबन पासवान ने जमीनी विवाद को लेकर गोतिया सरजुन पासवान, रंजीत पासवान रीता देवी सहित 17 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने की प्राथमिक दर्ज कराई है। इस घटना में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दी गयी है. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है. मामले की जांच की जा रही है।

## जुलूस में शामिल होने वाले लोग नशापान से दूर रहें : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी उत्तम तिवारी की अध्यक्षता में रामनवमी पूजा को लेकर शान्ति समिती की बैठक हुई। बैठक में पांकी प्रखंड के दोनों समुदाय के साथ- साथ विभिन्न पूजा अखाड़े के लोग शामिल हुए, मौके पर,थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए लोगो से पर्व को शान्ति पूर्वक भाईचारगी के साथ मानने की अपील की। साथ ही जुलूस में शामिल होने वाले लोगों से नशापान से दूर रहने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि सोशल मीडिया में किसी की भी धार्मिक भावनाओं को ठेस लगने जैसी पोस्ट ना करें। सोशल मीडिया पर प्रशासन को पैनी नजर रहेगी। रामनवमी के दिन होने वाले झंडा मिलान एंव जुलूस आदि की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही सभी से अपील की है की रामनवमी त्यौहार को लेकर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखें, सादगी व सद्भाव के साथ पर्व का आनंद उठाएं एंव किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा या शांति भंग होने जैसी स्थिती बनने पर अविलम्ब थाना को सूचित करें। थाना प्रभारी ने सूचित करते हुए कहा कि निकलने वाले जुलूस की सभी अखाड़े से लाइसेंसी अखाड़े हो या गैर लाइसेंसी, सभी अखाड़े के सदस्य थाना में आवेदन जमा करेगें। जिससे प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त किया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचल अधिकारी राजकुंवर सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता,भाजपा नेता जय प्रसाद गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेन्द्र पांडे,पांकी मध्य जिला पार्षद खुशबू कुमारी, सुनील सिंह, गुड्डु सिंह, रफीक अंसारी, उपेंद्र गुप्ता, जसवंत राम, संस्कार सोनी सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न पूजा अखाड़े के सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

## असंतोष : 30 गांव के लोग झंडों का करते थे कजरू मैदान में मिलान

# पूजा समितियों ने रामनवमी पूजा नहीं मनाने का लिया निर्णय

### रामनवमी पर सिर्फ एक झंडा लेकर मैदान में जाने की है अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांडू।** पांडू के कजरु कला सीतारामनगर स्थित रामनवमी मैदान खाली नहीं होने से इस वर्ष रामनवमी पूजा नहीं मानने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कजरु कला के देवनारायण पाण्डेय के द्वारा आठ माह पूर्व उक्त जमीन को अपना बताते हुए कब्जा कर अरहर की खेती लगा दी गयी है। फसल भी तैयार है, लेकिन अभी तक उस मैदान को खाली नहीं किया गया है। जबकि रामनवमी मैदान को खाली कराने को लेकर रामनवमी पूजा महासमिति के लोगों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक पलामू, पांडू अंचलाधिकारी, पांडू थाना प्रभारी को दिया था, लेकिन आजतक इस मामले में कोई पहल नहीं की गई। वहीं संस्थापक अध्यक्ष सह भाजपा के वरीय नेता धर्मदेव सिंह यादव के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। रविवार को कजरु कला के रामजानकी विवाह मण्डप में विचार गोष्ठी सह प्रेस वार्ता में उक्त आशय की जानकारी मीडिया को दी गयी है। प्रेस वार्ता में धर्मदेव सिंह यादव ने बताया कि आठ माह पूर्व देवनारायण पाण्डेय के द्वारा रामनवमी मैदान को कब्जा कर जोत दिया गया था और उसमें अरहर की खेती लगा दी गयी है। रामनवमी पूजा महोत्सव का समय आ गया, लेकिन अभी तक रामनवमी मैदान को खाली नहीं कराया गया है, जबकि इस सम्बंध में राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक पलामू, अंचलाधिकारी पांडू, थाना प्रभारी पांडू आदि को लिखित आवेदन पूजा समिति के लोगों ने दिया है, इसके बावजूद अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। जबकि उक्त जमीन के दस्तावेज की मांग संबंधित विभाग के पदाधिकारी व हक जता रहे देवनारायण पाण्डेय से भी मांग की गई थी, लेकिन अभी तक उक्त जमीन का कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया है। उल्टा उनके ऊपर देवनारायण पाण्डेय, पांडू पुलिस, विश्रामपुर अनुमंडल पुलिस ने कई मनगढ़ंत, तथ्यहीन व आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जो निंदनीय है। गोष्ठी में उपस्थित पांडू, बिश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के लगभग 30 गांवों के लोगों ने सामूहिक रूप से निर्णय लेते हुए इस वर्ष रामनवमी पूजा नहीं मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में उपस्थित कई पूजा समिति के लोगों ने बताया कि पांडू पुलिस के द्वारा गांवों में जाकर जुलूस नहीं निकालने की चेतावनी दी जा रही है। सिर्फ एक रामनवमी झंडा को लेकर कजरु कला रामनवमी मैदान में जाना है। वहीं रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी नहीं होने दिया जा रहा है।

## याद किये गये बाबा साहब




**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पलामू जिला के पाटन प्रखंड के विभिन्न जगहों पर भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई` साथ ही झारखंड प्रांतीय रविदास महासभा प्रखंड इकाई पाटन के द्वारा प्रखंड के सभी जगहों पर लगे डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर पुष्प अर्पित और माला अर्पण की गई। इसी दौरान ग्राम बसाबार चुरादोहर में जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई,इस शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि नंद यादव भी शामिल हुए एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व अर्पण किया। वह कमेटी के लोगों के द्वारा आए हुए सभी मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कृष्णकांत ईश्वरी राम, मधुकांत लाल रवि, रामकिशुन राम, रविंद्र कुमार, जय मंगल राम,देवनाथ राम,सुरेंद्र राम, उमाशंकर मोची निरंजन कुमार रवि, संजय राम, नरेश भारती, सकेंद्र राम, प्रमोद कुमार समते कई गण मन व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

रामनवमी को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। गाइडलाइंस के अनुसार जुलूस व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान गड़बड़ी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

देवव्रत पोद्दार, थाना प्रभारी, शहर मेदिनीनगर।

## लंटाना घास पर 24 अप्रैल को होगा पीटीआर में कार्यशाला का आयोजन



**मेदिनीनगर।** आगामी 24 अप्रैल को बेतला के एनआइसी ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला पलामू टाइगर रिजर्व के द्वारा आयोजित की जायेगी। कार्यशवाला में रांची वन विभाग के शोध एवं प्रशिक्षण विभाग के पदाधिकारी भाग लेंगे। कार्यशाला की अध्यक्षता पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना करेंगे।

# चैती छठ पूजा को लेकर कोयल नदी तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बुधवार को छठ पूजा के दौरान सैकड़ो श्रद्धालुओं ने नदियों, तालाबों, झरनों एवं नहरों में डुबकी लगाकर डूबते हुए भगवार भाष्कर को अर्घ्य समर्पित किया। साथ ही सभी के कल्याण की कामना की। चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान का आज सोमवार को व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। चार दिवसीय छठ पर्व गुरुवार को नहाय खाय अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगा। वहीं, मेदिनीनगर शहर के हमीदगंज से पहुंची छठ व्रती महिलाओं ने बताया कि पहला अर्घ्य तीसरे दिन दिनभर घर में चहल पहल का माहौल रहता है। व्रत रखने वाले श्रद्धालु दिन भर डलिया और सूप में नानाप्रकार के फल, ठेकुआ, चीनी का सांचा इत्यादि को लेकर शाम को तालाब, नहर, नदी, इत्यादि पर जाकर पानी में खड़े होकर सूर्य की को व्रती अर्घ्य देते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, वर्ष में छठ का त्योहार 2 बार मनाया जाता है। एक पर्व चैत्र माह में और दूसरा कार्तिक माह में मनाया जाता है। दोनों ही त्योहार का अधिक महत्व है। छठ पर्व का महिलाएं अपनी संतान की अच्छे स्वास्थ्य और उन्नति के लिए लगातार 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखती हैं। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को चैती छठ का पर्व मनाया जाता है।

### छठ घाटों पर पुलिस रही मुस्तैद

**मेदिनीनगर।** चैती छठ पूजा को लेकर अघोर आश्रम रोड पंचवटी नगर पंपू कल कोयल नदी घाट पर छठ पूजा के अवसर पर काफी भीड़ भाड़ का माहौल था। भीड़ भाड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह अपने टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ छठ घाट पर तैनात थे। वही दूसरी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान गिरवर स्कूल कोयल नदी किनारे अपने टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ गश्ती करते हुए दिखे। इसी तरह छठ त्यौहार को लेकर सभी जगह पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।

## एक नजर

### बच्ची ने खाया जहरीला पदार्थ, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी सुदेशी भुइयां की 13 वर्षीय पुत्री अपने घर में माता पिता से झगड़ा कर शनिवार की शाम घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली।जिसके वजह से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### सत्तु और गुड़ का वितरण

**मेदिनीनगर।** सत्तुवान पर्व के अवसर पर मिशन समृद्धि संस्था ने रोटी सब्जी के जगह पर सत्तु और गुड़ का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वाले और शनि मंदिर परिसर में हमेशा की तरह उक्त सामाग्री वितरण किया गया। सबों के चेहरे पर खुशी थी, उन्हें भी पर्व मनाने का अहसास हुआ और संस्था के सभी सदस्यों को भी उन्हें खुश देख संतुष्टि मिली। समाज के संपन्न वर्ग की जिम्मेदारी भी है कि ऐसे कार्यो में सहयोग न भी करें तो खुद से भी जरूरतमंदों के बीच जाकर उनके बीच थोड़ी सी खुशियां जरूर बांटें। इस प्रकरण में मेदिनीनगर के नागरिकों की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम होगी। इस कार्य में अहिल्या गिरी, बैजन्ती गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार, ऋषि कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# पलामू में धूम-धाम से मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर की जयंती रविवार को हर्षोल्लस के साथ मनाई गई। स्थानीय अंबेडकर पार्क परिसर स्थित डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर दर्जनों संगठनों ने माल्यापर्ण किया। साथ ही बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। अतिथियों संयुक्त रूप से मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। संघ के अध्यक्ष नंद कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने डा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इधर, बाबा साहेब की जयंती पर अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास के छात्रों ने शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं, भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उत्साह व सादगीपूर्ण मनाई गई। झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री सुधा चौधरी जनता दल यूनाइटेड के सदस्यों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर बाबा साहब की जंयती मनाई। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु के नेतृत्व में रविवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयन्ती के अवसर पर अम्बेडकर पार्क में अवस्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।







### सांसद व भाजपा नेताओं ने भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

## बाबा भीमराव अंबेडकर शिक्षित और महान पुरुष थे : वीडी राम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर सांसद विष्णुदयाल राम, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता विभाकर पांडेय,प्रेम सिंह, प्रफुल्ल सिंह समेत कई भाजपा के नेता और कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया। मौके पर उपस्थित सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर शिक्षित और महान पुरुष थे। साल 1947 में भारत को आजादी मिलने के बाद, बी.आर. अंबेडकर देश के पहले कानून मंत्री बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 29 अगस्त, 1947 को डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। इस समिति को नए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए जिम्मेदार थी। बाबा साहब अंबेडकर ने देश में लेबर कानून से जुड़े कई बड़े बदलाव किए थे। इसके तहत उन्होंने साल 1942 में भारतीय श्रम सम्मेलन के 7वें सत्र में काम के घंटों में बदलाव में करते हुए इसे 12 से 8 घंटे तक लाया था। बाबा साहेब न सिर्फ विदेश में इकोनॉमिक्स में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने वाले पहले भारतीय थे, बल्कि वह इकोनॉमिक्स में पहले पीएचडी और दक्षिण एशिया में इकोनॉमिक्स में पहले डबल डॉक्टरेट होल्डर भी थे। वह अपनी पीढ़ी के सबसे ज्यादा शिक्षित भारतीयों में से भी थे।

## डॉ.अम्बेडकर सामाजिक न्याय के पुरोधा थे : सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार आज शहर के छः मुहान पर झामुमो पलामू जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष एवं केंद्रीय समिति सदस्यों द्वारा भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नो सिद्दीकी ने किया। माल्यार्पण के पश्चात जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि इस धरना का मुख्य उद्देश्य संविधान को खत्म करने की कोशिश को रोकना है। उन्होंने कहा कि कैसे कुर्सी पर बैठे दो दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने का काम किया गया। हेमंत सोरेन बेगुनाह हैं और जल्द ही वो रिहा होकर बाहर आएँगे। उन्होंने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघर्ष,सामाजिक स्वतंत्रता, सामाजिक समता, सामाजिक न्याय के पुरोधा भारत रत्न से सम्मानित पूरे भारतवर्ष के लिए एक मिसाल थे । उनके द्वारा लिखा गया संविधान से हमारा देश चल रहा है और हम इसे किसी भी हाल में खत्म नही होने देंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति के सदस्य संजीव तिवारी,सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी,राकेश सिन्हा,असफर रब्बानी,बाल किसुन उरांव, वरिष्ठ नेता शाहनवाज बबलू, मुन्नवर जमां, अविनाश देव, प्रदीप सिंह, इकबाल एहमद, अनुराग सिंह, नवीन सिन्हा, बबलू सिंह, रिशु अग्रवाल नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजायल अहमद, व्यवसाय मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, छात्र मोर्चा सचिव सैयद फैजल, क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष सुमित वर्मन, अल्पसंख्यक कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष सोनम राइन, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानन्द , मुकेश चौधरी, रजिया नियाजी, उर्मिला कुजूर, प्रिया, मधु, शीला, ताज मोहम्मद, वसीद अंसारी, रुहान अब्बास, आर्यन,दीपक तिवारी,दीपेंद्र सिंह उपस्थित थे।

### डीएमओ ने ईट भट्ठा का किया निरीक्षण

## नियम के तहत भट्ठा को संचालित करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी आनदं कुमार पाटन पहुंच कर थाना क्षेत्र में संचालित ईट भट्टा का औचक निरीक्षण्ण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएमओ आनंद कुमार ने ईट भट्टा संचालको को स्पष्ट निर्देश दिया कि नियम के अनुसार ही संचालन करें। उन्होंने कहा कि नियम के तहत संचालित नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि निरीक्षण कि दौरान पाटन के सिक्की कला में संचालित आईएमडी ब्रिक्स, बररौता के मेसर्स ओएम ब्रिक्स, बररौता के जेपीटी ब्रिक्स, अजय कुमार सिंह के ईट भट्ठ , भरदुल सिंह के ईट भट्ठा, बरसौता के ईट भट्ठा एवं विजय सिंह का ईट भट्ठा का निरीक्षण किया। भट्ठा में पक्का ईट एवं कच्चे ईट की समेत प्रदूषण समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं की बारिकी से जांच कर भट्ठा संचालकों नियम के तहत ईट भट्ठा संचालन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया एंव चेतावनी दी गयी कि अवैध तरीके से कोई भी कार्य नहीं करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ा समिति की तैयारी अंतिम चरण में

## भगवा झंडा व तोरण द्वार से छह मुहान को सजाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रामनवमी त्योहार को लेकर हॉकर संघ के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल और उनके सहयोगियों के द्वारा रामनवमी त्योहार को लेकर शहर के छह मुहान चौक को भगवा झंडा और वहां पर स्थित हनुमान मंदिर को तोरण द्वार लगाकर मंदिर को खूबसूरत ढंग से सजाया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए शंभू अग्रवाल ने बताया कि कई वर्षों से हॉकर संघ के द्वारा शहर के छह मुहान को सजाया जाता है। चौक के सजावट में हॉकर संघ के सदस्यों का अहम भूमिका रहता है। वहीं, रामनवमी को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों की तैयारीयां जोर शोर से शुरू हो गई है।

इस अवसर पर रामनवमी जुलूस व भव्य झांकी निकालने की तैयारी में लोग जुट गए हैं।सभी अखाड़ा समिति महावीर नवयुवक दल जनरल अध्यक्ष पंकज जायसवाल के नेतृत्व में रामनवमी जुलूस एवं झांकी निकालेंगे में लगे हुवे है।

वहीं हिंदू नववर्ष की शुरूआत से ही लोगो ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों व मुख्य मार्गों को भगवा झंडों व बैनरों से पाट दिया गया है। जिससे पूरा शहर भगवा एवं राममय हो गया है। रामनवमी और हिंदू नववर्ष को लेकर दुकानों में भगवा झंडों की भी बिक्री जारी है। शहर के विभिन्न दुकानों में भगवा पताका खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

**लोस चुनाव** उपायुक्त के आदेशानुसार व नोडल पदाधिकारी रवि आनंद के निर्देश के आलोक में

## मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देश के आलोक में मेदिनीनगर के एमकेडीएवी एवं गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। एक सौ मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के पहले दो दिनों में डीएवी में 4228 पीठासीन पदाधिकारी एवं गिरिवर स्कूल में 2200 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।डीएवी में प्रशिक्षण का अनुसमर्थन जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी व अमरेन्द्र पाठक तथा गिरिवर स्कूल में रामानुज प्रसाद व अशोक सिंह तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम ने किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण, कमलेश दूबे, आलोक तिवारी, देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, श्यामलाल उरांव, मनोज कुमार द्विवेदी,नसीम अहमद, विनोद दीक्षित, सुमंत तिवारी, संजय सिंह, सतीश सिन्हा,नीरज पाण्डेय, नन्दकिशोर कुमार,अर्पण गुप्ता, मृत्युंजय कुमार व सरोज कुमार आजाद सहित एक सौ प्रशिक्षकों के द्वारा मतदानकर्मियों को उनके कार्य-दायित्व व ईवीएम संचालन के साथ मतदान प्रक्रिया की सांगोपांग जानकारी दी गयी। इस मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, डीएसई रणधीर कुजूर सदर सीओ अमरदीप सिंह मेलहोत्रा व परियोजना पदाधिकारी उपेन्द्र राम के द्वारा अनुश्रवण किया गया।

### बच्चों के साथ किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** बच्चे देश के भविष्य हैं और बच्चों की सुरक्षा का ध्यान हर स्कूल और संस्थान को देना आवश्यक है। ज्ञात हो कि जिले में लगभग 20 से ज्यादा स्कूल है उन सभी के दर्जनों बस और वैन बच्चों को स्कूल से लाने और ले जाने के लिए उपलब्ध रहती हैं। बच्चो को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इस पर स्कूल और अन्य संस्थानों को ध्यान देने की जरूरत है। इसी को देखते हुए आज संत मरियम स्कूल के संस्थापक अविनाश देव ने स्कूल के सभी बस चालकों और सह चालकों के साथ एक बैठक रखी और सभी को सूचित भी किया कि बच्चे स्कूल के जिम्मेदारी है और सभी बच्चों को स्कूल से लाना ले जाना भी स्कूल की जिम्मेदारी है। बच्चों के साथ किसी तरह की लापरवाही न हो, इस पर बस के चालक ध्यान दें। घर पहुंचने में थोड़ी देर हो चलेगा पर बच्चो को किसी तरार की परेशानियां न हो इस पर बस चालक जरूर ध्यान दें।

## भार्गव सेना ने परशुराम मंदिर के लिए एक और गाने का किया विमोचन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा झारखण्ड के पलामू की धरती मथुरा बाड़ी रेड़मा में भगवान परशुराम का मन्दिर का निर्माण करवा रही है। इस मंदिर को लेकर पूरे भक्तगण भक्ति में सराबोर हैं । भक्तिमय माहौल में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा मंदिर निर्माण को लेकर एक और नए गाने का विमोचन किया गया, इस गाने को अपने स्वर से झारखण्ड के लोकप्रिय गायक भांगड़ भोला फेम महानायक उमाशंकर मिश्रा ने सजाया हैं ।इस गाने को एक साथ सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित कई अन्य प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया,ताकि सभी श्राद्धलूओं तक आसानी से यह गीत पहुँच जाय। आप सभी को ज्ञात है इससे पहले भी भगवान परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर दो गाने का विमोचन भार्गव सेना के तत्वावधान में हो चुका है। इस गाने के विमोचन कार्यक्रम की शुरूवात मन्त्रों उच्चारण के साथ किया गया। जहां भार्गव सेना के पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने महानायक उमा शंकर मिश्रा को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि परशुराम मंदिर को लेकर पूरे राज्य में भक्तिमय माहौल है इसी को ध्यान में रखते हुए लगातार गाने की लॉन्चिंग की जा रही है । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी, प्रदेश संरक्षक परमेश तिवारी, प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण,प्रमंडलीय संयोजक संजीत पांडे,प्रमंडलीय कोषाध्यक्ष अंकित पांडे, सहित काफी संख्या में परशुराम भक्त उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सुखवाना गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट

**गढ़वा ।** गढ़वा थाना क्षेत्र के सुखवाना गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस के जवान सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सोनपुरवा मोहल्ला निवासी जमुना राम का पुत्र बलि राम एवं वीरेंद्र चंद्रवंशी का पुत्र रूपेश कुमार चंद्रवंशी एवं पुलिस के जवान देव कुमार उरांव शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर राम अवतार पाठक ने बलिराम को अपने घर के पास मारपीट कर रहा था। उसकी जानकारी मिलने के बाद वहां पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए ग्रामीण को देखकर राम अवतार पाठक अपना घर बंद कर लिया। आक्रोशित ग्रामीण साबर लेकर उसका घर को दरवाजा खिड़की तोड़ दिया। इसकी जानकारी गढ़वा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर घायल बलिराम को बचाने के क्रम में उसे भी इट पत्थर से मार कर घायल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने राम अवतार पाठक को अपने हिरासत में लेकर गढ़वा थाने ले आया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**गढ़वा ।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के महुगामा गांव निवासी उदय शर्मा की पत्नी अनीता देवी कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अनीता देवी की दवा कीटनाशक के पास ही रखा हुआ था भूल बस अपना दावा को छोड़कर कीटनाशक गलती से खा गई घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### अभाविप ने मनाई डॉ अंबेडकर की जयंती




**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर समाहरणालय स्थित प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर विभाग संयोजक अंकित कुमार ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि वह इतिहास नहीं बना सकते जो इतिहास भूल जाते हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम नायक ने कहा कि कोई देश तब तक विकास नहीं कर सकता जब तक कि वहां की महिलाओं का विकास नहीं हो सकता। भारतीय संविधान के जनक, विधि निमार्ता छुआछूत के अंत करने वाले एवं संविधान के आत्मा के रूप में डॉ भीमराव अंबेडकर को जाना जाता है। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष कार्तिक खेरवार, अभिनव कुमार, अभिषेक कुमार आदि लोग थे।

# मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गर्मी मौसम के मद्देनजर संभावित पेयजल संकट से निपटने एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों पर एमएफ सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर को लेकर समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। सर्वप्रथम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, सोशल मोबलाइजर तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले के सभी प्रखंडों में गर्मी के मौसम को देखते हुए चापाकलों, जलमिनारों एवं पेयजल के अन्य स्रोतों की समुचित व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा निर्देशित किया गया। उक्त मौके पर लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जिले में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की सुविधा को लेकर भी समीक्षा की गई। मौके पर उपस्थित सभी अभियंताओं द्वारा बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों पर एएमएफ के तहत बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है, कुछ मतदान केंद्रों पर रनिंग वाटर में समस्याएं आ रही है, जिन्हें ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर ऐसे क्षेत्रों में पानी टैंकर समेत अन्य वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया। वैसे क्षेत्र जहां पर जलस्तर नीचे चला गया है उन क्षेत्रों में भी पानी टैंकर जैसी व्यवस्था करने को कहा गया ताकि आमजनों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। वहीं मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के हेसातु में विद्युत आपूर्ति बहाल करने को लेकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में रह रहे लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, विशेष कार्य पदाधिकारी संजय प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सोशल मोबलाइजर आदि उपस्थित थे।

## बिजली में सुधार करने का दिया निर्देश



**भवनाथपुर ।** बिजली नहीं रहने की शिकायत भवनाथपुर के जनता से मिलने के बाद विधायक प्रतिनिधि सह पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने रविवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप साही से, उनके टाउनशिप स्थित आवास पर मुलाकात कर भवनाथपुर प्रखण्ड सहित पूरे भवनाथपुर विधानसभा में कई दिनों से बिजली नहीं रहने कि शिकायत की । विधायक प्रतिनिधि चन्दन कुमार ठाकुर के शिकायत पर विधायक भानु प्रताप साही ने त्वरित पहल करते हुए बिजली विभाग के एसी एवं बिजली बोर्ड के चेयरमैन से फोन पर बात कर भवनाथपुर प्रखण्ड सहित पूरे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिए।

## यादव समाज संगठन ने किया डॉ अंबेडकर को याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई ।** यादव समाज संगठन पदाधिकारी के द्वारा भी रविवार देर शाम को अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का काम किया गया। इस दौरान यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्णाय प्रसाद यादव, महासचिव अजय प्रसाद यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुनील यादव, जिला सचिव बालमुकुंद यादव व चिनिया प्रखंड के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार ने भी अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।उसके बाद समाज के अन्य लोगों ने भी बारी बारी उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने हर समाज के लिए एक संवैधानिक रोशनी देने का काम किया है। उसी के बदौलत देश का हर समाज आज अमन चयन व खुशहाली के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है। ऐसे में उनकी जयंती मनाने का हम सभी को परम कर्तव्य बनता है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद भारतीय संविधान के निर्माण में भी डॉक्टर अंबेडकर की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मौके पर डंडाई पंचायत के मुखिया पति महेश्वर राम, विनोद यादव, नंदू यादव ,कन्हाई यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर ने जातिगत भेदभाव मिटाने का किया अथक प्रयास

**श्री बंशीधर नगर ।** नगर पंचायत क्षेत्र के अहीपुरवा ग्राम स्थित काली मंदिर के प्रांगण में रविवार को युवा अम्बेडकर क्लब के तत्वावधान में सविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, माले नेता वरुण बिहारी यादव, झामुमो नेत्री किरण देवी, कामेश्वर विश्वकर्मा तथा क्लब के संरक्षक प्रदीप राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अनन्त प्रताप देव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाजिक असमानता, जातिगत भेदभाव मिटाने का अथक प्रयास किया। मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय अमरनाथ पांडेय, क्लब के मुख्य संरक्षक सुभाष पासवान, शंभू राम, अशोक चंद्रवंशी, गुलाब पासवान, जयकुमार, अशोक, रामाधार राम, बाबूलाल पासवान, राजेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाकपा प्रत्याशी अभय कुमार भुइयां ने किया गढ़वा के सुनील मुखर्जी नगर में जनसंपर्क



**रमना ।** प्रखंड अंतर्गत सुनील मुखर्जी नगर में भाकपा पलामू के लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने जनसंपर्क अभियान किया जहां पर उनका जोरदार स्वागत माला पहनाकर किया गया।सभा को गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश राम, रामेश्वर प्रसाद अकेला ने किया।सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पुरे देश में बदलाव की लहर बह रही है और पलामू लोकसभा सीट भी इस बार बदलाव के लिए तैयार है अबकी पलामू के बाहरी प्रत्याशी को हराकर यहां की जनता बक्सर एवं जमशेदपुर उनको वापस भेजने का काम करेगी एवं पलामू धरती पुत्र अभय कुमार भूइंया को हंसुआ बाली छाप पर बटन दबाकर जिताएगी। 10 वर्षो से पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को भाजपा के सांसद ने सिर्फ छलने का काम किया है देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की तरह भाजपा के सांसद भी आम जनता को झूठी दिलासा दिलाकर अंतिम समय में उद्घाटन और शिलान्यास करने का काम कर रहे हैं जिसको जनता समझ चुकी है एवं अपनी संपत्ति बढ़ाकर आम जनता के टैक्स के पैसा से मौज उड़ाने का काम किया है।

## सूर्य नारायण वन में छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य




**केतार।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन रविवार की शाम छठ व्रती गाजे-बाजे के साथ मुकुन्दपुर के सूर्य नारायण वन छठ घाट पर पहुंचकर स्नान के पश्चात अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। छठ व्रतियों ने पूरी रात छठ घाट पर सपरिवार रूक कर छठ व्रत पूरा किया। सोमवार की सुबह उदयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। सूर्य नारायण वन छठ घाट पर छठ पूजा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए केतार थाना की पुलिस और मजिस्ट्रेट पूरी रात तैनात रहे। वहीं बीडीओ सावित्री कुमारी और थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने भी छठ घाट का निरीक्षण किया। छठ के अवसर पर लगने वाले मेले में आस पड़ोस सहित दुसरे प्रखंड के लोगों भी हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, बबलू सिंह आदि मौजूद थे।

### दुबई से सूर्य नारायण में छठ करने घर लौटे आलोक



**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ गांव निवासी आलोक पाल अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ छठ महापर्व करने दुबई से तीन दिन पुर्व अपने घर लौटे हैं। रविवार की शाम सपरिवार मुकुन्दपुर के सूर्य नारायण वन छठ घाट पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पुरी रात छठ घाट पर रहकर 36 घंटे का निर्जला व्रत पुरा किया। आलोक ने बताया कि वो दुबई में एमपीकेसी मदर्सन कम्पनी में इलेक्ट्रीशियन का कार्य करते हैं। शादी के बाद वो पत्नी के साथ सूर्य नारायण वन में छठ पर्व कर पुत्र प्राप्ति का मन्नत मांगा था। पुत्र प्राप्ति के बाद मन्नत पूरी करने के लिए छठ करने दुबई से घर लौटे हैं।

## अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य, लोगों ने सुख-समृद्धि



**गढ़वा ।** गढ़वा चार दिवसीय महापर्व चैती छठ पूजा के तीसरे दिन रविवार को शाम डूबते भगवान सूर्यदेव को पहला अर्घ्य संपन्न हुआ। घाट पर जाने से पहले बांस की टोकरी में मौसमी फल, ठेकुआ, कसर, गन्ना और पूजा का सामान के साथ सजाया गया। मान्यताओं के अनुसार, शाम के समय सूर्य अपनी पत्नी प्रत्युषा के साथ समय बिताते हैं। इसलिए छठ पूजा में शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से उनकी पत्नी प्रत्युषा की भी उपासना हो जाती है। इस वजह से व्रती की मनोकामनाएं जल्द पूर्ण होती हैं। इसके अलावा डूबते सूर्य के साथ-साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देना भी महत्वपूर्ण माना गया है। ज्योतिषियों के मुताबिक, डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन की कई समस्याओं से छुटकारा मिलता है। इससे स्वास्थ्य भी ठीक बना रहता है। साथ ही डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। वहीं मगंलवार को उदीयमान सूर्य की अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व का समापन होगा। चैती छठ को लेकर स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, जय मां देवी संघ छठ पूजा समिति नदी में स्थित छठ घाट बनाया गया है। जिला प्रशासन ने छठ व्रती और भक्तों को भक्तिमय वातावरण मानने का भी अपील की है। वर्ती पुरा भक्ति में वातावरण के साथ छठ घाट में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिए। उन्होंने कहा कि गढ़वा में वृहद पैमाना पर छठ पूजा का आयोजन किया जाता है। यहां के स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा छठ घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

## आस्था का केंद्र है केतार का चतुर्भुजी मंदिर

# महासप्तमी से उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार(गढ़वा) ।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित सुप्रसिद्ध चतुर्भुजी भगवती मंदिर कई दशकों से झारखंड सहित सीमावर्ती राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए आस्था का केंद्र रहा है। ऐसी मान्यता है की सच्चे मन से मांगी गई भक्तों की हर मुराद पुरी होती है। यहां नवरात्री के अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां काली का दर्शन एवं पुजन करते हैं। चैत्र नवरात्र के पहले दिन से ही यहां पर लगातार एक माह का मेला का आयोजन होता है।

खासकर सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ मंदिर में उमड़ पड़ती है। हालांकि सालों पर श्रद्धालुओं मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहते हैं। मां (चतुर्भुजी) काली का आसन को 2019 में 60 किलोग्राम चांदी से जड़ा श्रीयंत्र बनाया गया है। चतुर्भुजी मंदिर के सामने ही भगवान भोलेनाथ का भव्य मंदिर, उत्तर में हवन कुंड, सतबहिनी मूर्ती, हनुमान मंदिर, सीता राम जानकी मंदिर, दुर्गा माता के मंदिर के साथ -साथ मंदिर परिसर में गेस्ट हाउस, विवाह मंडप आदि को खुबसूरत लूक में सजाया गया है।



### 300 साल पुराना है मंदिर का इतिहास

मां चतुर्भुजी मंदिर का इतिहास लगभग 300 साल पुराना है। बताया जाता है कि करीब 300 साल पहले सोनपुरवा स्टेट के राजा एवं केतार निवासी जगजीवन बैगा को रात में सपना आया था कि केतार के भैंसहट घाटी में मां चतुर्भुजी की मूर्ति जमीन के नीचे दबी हुई है। जिसके बाद भैंसहट घाट पहुंचकर पहाड़ी से पत्थरों और मिट्टी को हटाकर देखा गया तो वहां पर सच में मां चतुर्भुजी की काली रंग की अद्भुत चतुर्भुज मूर्ति मिली। जिसके बाद बाजे-गाजे के साथ उस मूर्ति को हाथी पर बिठाकर राजा के घर ले जाया जाने लगा। 1988 में मंदिर के साथ सांकेतिक गुंबद की ढलाई पूरी की गई।

### मुख्य प्रसाद सिंदूर

यहां का मुख्य प्रसाद सिंदूर है। सिंदूर के साथ मिट्टी के घोड़े, इलायची दाना, चुंदरी, और नारियल चढ़ाते हैं। श्रद्धालु यहां मन्नत पूरी होने के बाद बकरा के बली देते हैं। मंदिर में सुरक्षा की दृष्टीकोण से चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। यहां मंदिर की भूमि पर प्रत्येक वर्ष लोगों के सहयोग से मेले का प्रसार रहता है।

## महावीर मंडल रामभक्त हनुमान की विशाल प्रतिमा बनाएगा : कंचन




**गढ़वा ।** श्रीमहावीर मंडल गढ़वा की ओर से रविवार को एक प्रेसवार्ता सह सम्मान समारोह का आयोजन शहर के सोनपुरवा मुहल्ला स्थित होटल एसएनसी में आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर मंडल के संरक्षक राकेश पाल ने की। इस मौके पर मंडल से जुड़े संरक्षकों एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही श्रीमहावीर मंडल की ओर से मझिआंव मोड़ के समीप भक्त हनुमान की विशाल आदमकद प्रतिमा बनाये जाने की घोषणा की गयी। पत्रकारवार्ता में बोलते हुये अध्यक्ष कंचन कुमार साहू ने कहा कि इस बार रामनवमी तिथि एवं मंगलवारी जुलूस के मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें राजस्थान के 150 कलाकार अपने-अपने कला की प्रस्तुति देंगे। उनहोंने कहा कि मंगलवारी जुलूस के मौके पर सोनपुरवा रामलाला मंदिर प्रांगण में एवं रामनवमी को मझिआंव मोड़ पर देशभक्ति, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जायेगी। इस मौके पर संघ के राजू चौबे, श्यामसुंदर गुप्ता, अशोक गुप्ता, जगजीवन, आशीष अग्रवाल, उपेंद कुमार, देवेंद्र आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### डंडई में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती



**डंडाई।** प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई गई। उक्त अवसर पर गाजे बाजे के साथ उनका शोभा यात्रा भी निकाला गया। शोभायात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर गांव के दर्जनों से भी अधिक गलियों का भ्रमण कर पुनःउक्त स्थल पर पहुंचा। वहीं उक्त यात्रा में बड़ी संख्या में दलित समाज के महिला व पुरुषों ने भाग लिया। उसके बाद एक सभा का आयोजन किया गया। आयोजित सभा में मुख्य रूप से डंडाई पंचायत की मुखिया धनवंती देवी, मुखिया पति महेश्वर राम, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम,पूर्व उपप्रमुख आनंद प्रकाश, अक्षय कुमार,शिक्षक अवकाश कुमार, सुरेंद्र कुमार रवि, आकाशदीप भारती, उदय राम, राम सागर राम, मिथिलेश प्रसाद, सुभाष मेहता, दिलवर कुमार इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

### अंबेडकर क्लब में मनी बाबा साहेब की जयंती



**रमना ।** भारत रत्न, भारतीय संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयंती पर युवा अम्बेडकर क्लब सिलिदाग-गड़ई के तत्वधान में हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मिशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूसरे प्रखंड़ से आये कलाकारों नें मिशन गीत से समाबांध दिया।इस कार्यक्रम में महिला पुरुष एवं बच्चों नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मानवाधिकार, गढ़वा जिलाध्यक्ष अजय कुमार यादव नें फीता काट कर किया, मंच संचालन सहायक अध्यापक दिलीप कुमार नें किया। मुख्य अतिथि के बाद कार्यक्रम को अजय चंद्रवंशी, बुल्का मुखिया अनीता देवी, वर्तमान विधायक प्रतिनिधि रुपनारायण यादव और शिवकुमार सिंह कुशवाहा नें किया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर में बाल संसद का किया गया गठन




**भवनाथपुर ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में शनिवार को प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में एक सभा आयोजित की गई। विद्यालय के विशाल वंदना कक्ष में प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य ने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की चर्चा करते हुए संवैधानिक तरीके से बाल संसद का गठन की घोषणा किए। इस बाल संसद में भैया- बहनों ने बड़े उत्साह के साथ वोटिंग के द्वारा लोकतांत्रिक विधि से मतदान कर पहले कक्षा से दो -दो प्रतिनिधि सदस्य को चुनाव किया पुनः वह प्रतिनिधि के द्वारा प्रधानमंत्री का चुनाव किया गया। कुल 24 वोट पड़े, जिसमें बहन सुहानी सिंह ने 19 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज किया। इस चुनाव में विभा दीदी एवं आरती दीदी ने पर्यक्षक का कार्य किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल प्रमुख व संकुल संयोजकों की हुई बैठक




**श्री बंशीधर नगर ।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती द्वारा एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संकुल संयोजकों की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का शुभारंभ भारत माता, ॐ और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या विकास समिति के उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिंह , प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।इस बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों के विकास के लिये अहम है संकुल विद्यालय संसाधनों का मिलकर उपयोग करें संकुल का प्रमुख कार्य विद्यालय का शैक्षणिक उत्कर्ष करना है।उन्होंने कहा कि संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक में कार्यकर्ता निर्माण की प्रवृत्ति होना चाहिये. नये कार्यकर्ता को प्रेरित कर कार्य में संलग्न करना चाहिये और उन्हें हर संभव सहयोग भी प्रदान करना चाहिये।

### खरौंधी में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती



**खरौंधी (गढ़वा) ।** खरौंधी प्रखंड मुख्यालय सहित रविवार को सभी पंचायतों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में जिलापरिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया।वही खरौंधी में मूलनिवासी संघ के लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कई कार्यक्रम किया। उपस्थित नेताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प दोहराया।जिला परिषद सदस्य सह झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान ने कहा कि डॉ आंबेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे। बाबा साहेब के नाम से दुनिया भर में लोकप्रिय डॉ भीमराव आंबेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, क्रांतिकारी योद्धा, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्ति होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेत्ता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे।

## एक नजर

### अखाड़ा अध्यक्ष व साउंड संचालकों के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना परिसर में रविवार को प्रखंड के विभिन्न अखाड अध्यक्ष व साउंड संचालकों के साथ थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी राकेश सहाय उपस्थित थे। बैठक में झांकी प्रस्तुत करने वाले अखाड़ों से रूट चार्ट के साथ झांकी प्रस्तुत किए जाने पर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही साउंड चालकों को निर्धारित साउंड बॉक्स लगाने का निर्देश दिया गया। निर्देश के पालन नहीं किए जाने पर साउंड चालकों के साथा अखाड़ा के समितियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की भी बात कही गई। जबकि जुलूस में किसी भी स्थिति में भड़काऊ गाना व अश्लील गाना नहीं बजाने का आह्वान किया गया। बैठक में रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की गई। बैठक में महासमिति के अध्यक्ष कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, संतोष कुमार, यशवंत दांगी, विजय भुइयां, बबलू कुमार साव, मुकेश कुमार, सत्यदेव उपाध्याय, यदुनंदन पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे।

### गड्ढे में गिरी हाइवा

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत खोटाही नदी के समीप रविवार की सुबह कोल वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक व उपचालक बाल बाल बच गये। बताया जाता है कि चालक को नींद लग जाने के कारण कोल वाहन अनियंत्रित होकर खोटाही पुल के 10 फीट नीचे गिर गई। बताया गया कि कोल वाहन टंडवा से कोयला लेकर कटकमसांडी जा रहा था। इसी बीच में खोटाही नदी के समीप चालक को नींद लग गई और वाहन अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गड्ढे में जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलते हैं घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर घटना की तहकीकात में जुट गई है। बताते चलें कि खोटाही नदी के समीप आए दिन दुर्घटना होती रहती है। क्योंकि चतरा से हजारीबाग व हजारीबाग से चतरा आने जाने के क्रम में पुल के समीप काफी तीखा मोड़ है। जिसके कारण कई कोल वाहन के साथ दो पहिए व चार पहिया वाहन भी आए दिन नियंत्रित होकर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं।

### मेलाटांड़ में श्री रामनवमी पूजा मेला महासमिति की हुई बैठक

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत काली मंदिर के समीप किसुनपुर मेला टांड में श्री रामनवमी पूजा मेला महासमिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पोकला उर्फ कसियाडीह पंसस राजेश चौधरी व संचालन महेंद्र महतो ने किया। सर्वसम्मति से समिति का गठन करते हुए अध्यक्ष संतोष प्रजापति, उपाध्यक्ष सीताराम महतो, सचिव शशि पाठक, उप सचिव प्रदीप प्रजापति, संचालक जितेन्द्र महतो, कोषाध्यक्ष महेंद्र महतो, जबकि संरक्षक कबरा मुखिया निलेश ज्ञासेन, पंसस भाग 1 नितेश अंबानी, पंसस भाग 2 शशि बाला देवी पंसस राजेश चौधरी समेत 61 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य बना गए।

## अवैध खनन व परिवहन करने वालों पर होगी कार्रवाई

# डीएमओ ने स्टोन डस्ट लदे हाइवा को किया जब्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ ।** जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के रहिया मार्ग से शनिवार को वाहन जांच के दौरान पत्थर डस्ट लदे एक हाइवा को जब्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान रहिया सड़क मार्ग पर पत्थर डस्ट लदे एक हाइवा वाहन को देखा गया। जिसे जांच दल द्वारा इशारा कर रोकने के लिए बोला गया। रोकने का इशारा करते ही वाहन खड़ी कर चालक फरार हो गया। जिसके बाद उक्त वाहन पर पत्थर डस्ट का चालान जांच किया गया। लेकिन किसी भी तरह की चालान उपलब्ध नहीं पाया गया। जिसके बाद जांच दल द्वारा वाहन को जब्त कर बालूमाथ थाने को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई। आगे उन्होंने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय-समय पर वाहन जांच अभियान चलाकर नियम को ताख में रखकर खनिज संपदा को अवैध उत्खनन कर परिवहन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अवैध उत्खनन का पता चलने पर आप मुझे सूचना दें आपकी सूचना को गुप्त रखते हुए संलिप्त लोगों पर खनिज सम्प्रदा अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खनन अधिकारी के इस कार्रवाई से अवैध परिवहन एवं खनन करने वालों पर हड़कंप है। इस छापेमारी अभियान में खनन विभाग के अलावा बालूमाथ थाना पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

## बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में रविवार को विभिन्न सामाजिक और राजनितिक संगठनों द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की 133वीं जंयती समारोह धूमधाम से मनायी गई। प्रखंड मुख्यालय में बस स्टैंड में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर अम्बेडकर विचार मंच द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, समेत अन्य अतिथियों शामिल होकर गाजेबाजे के साथ बाबा साहब की प्रतिमा स्थल तक लाया गया जहाँ विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, बिधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, विजय बहादुर सिंह मनोज जयसवाल, अजय चंद्रवंशी समेत अन्य अतिथियों ने बारी बारी से बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया और सभी ने बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए। इसके उपरांत अम्बेडकर विचार मंच के द्वारा रैन बसेरा परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे यूपी से आयी गायिका पूजा ने अपने गीतों के माध्यम से संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर का वर्णन किया जिसका मौजूद लोगो ने खूब आनंद उठाया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रार्थना सभा एवं झंडा पुनर्स्थापना कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लातेहार ।** राजी पड़हा प्रार्थना सभा चुंदरी के बैनर तले नवाटोली में प्रार्थना सभा कार्यक्रम एवं झंडा पुनर्स्थापना का आयोजन रविवार को देर शाम 4:00 किया गया कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य आदित्य भगत शामिल हुए।कार्यक्रम में पूजन पाठ कर झंडा पुनर्स्थापना किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने आदिवासी सभ्यता संस्कृति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हम प्रकृति के पूजक हैं। जिस तरह हिंदी इंग्लिश,उर्दु,बांग्ला इत्यादि भाषा का अलग लिपि है। इस प्रकार हमारे कुड़ुख भाषा का भी अलग लिपि है।जिसे तोलोंग सिकी लिपि कहते हैं।

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**बारियातु ।** प्रखड मुख्यालय स्थिति कांडरका नदी के समीप जतरा टाड़ परिसर मे भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर परियोंजना उच्च विद्यालय बारियातु से लेकर समारोह स्थल तक शोभायात्रा निकली गई। इस गौरवपूर्ण कार्य मे मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी नन्द कुमार राम विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी राजादिलवार प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु जीप सदस्य रमेश राम राज्य सभा सांसद रिगन कुमार, लवकुश यादव, लालशीषनाथ सहादेव, अजय बैठा पूर्व मुखिया धनेश्वर उराव, मुखिया सुरेश उरांव, राजीव भगत, केदार गंझु, पंसस सदस्य सभी जनप्रतिनिधि समाज सेवी व बुद्धि जीवी शामिल हुए। मंच का संचालन सकेंद्र राम ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अध्यक्ष कैलाश राम,सचिव दिगंबर टनाभगत, उपसचिव राजूरामवृक्ष लोहरा कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, अजय राम, कुलदीप राम, बिरेंद्र, अरुण कुमार ने अहम भूमिका निभाया।

### चंदवा में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती




**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय किसान सभा के द्वारा पार्टी कार्यालय में समारोह आयोजित कर बाबा साहब को याद किया। कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में बहुजन चेतना मंच के द्वारा जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक बिगन राम ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सतेन्द्र राम कर रहे थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पहुंचे लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर व केक काटकर उनको याद किया। मौके पर श्रीराम शर्मा, प्रमोद साहू, मो अल्लाउद्दीन, ओम साहू, संजय यादव, पूर्व मुखिया विकास कुमार भगत, रूपेश उरांव, बीरेंन्द्र राम, गौतम कुमार, जितेंद्र सिंह, रविशंकर जाटव, अनिता देवी, पंचायत चंदवा पूर्व मुखिया पुष्पा देवी, मंजू सिंह, सरीता बेक, हरिकुमार भगत समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### महायज्ञ को लेकर यज्ञ समिति ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड अतर्गत पाण्डेयपुरा स्थित उच्च विद्यालय के बगल में आगामी 26 मई से होने वाले श्री रुद्रा महायज्ञ के भव्य आयोजन को लेकर यज्ञ समिति ने आयोजन स्थल का निरीक्षण रविवार को किया। इस दौरान सदस्यों ने बताया कि उक्त स्थल पर महायज्ञ का शुभारंभ 26 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। जिसमें हजारों कि संख्या श्रद्धालुओं के साथ ताशा पार्टी एवं झांकी भी निकलेगी। 27मई को अग्निमंथन व मंडप प्रवेश, वहीं प्रवचल कथा, रामलीला का आयोजन किया जायेगा। 03जून को यज्ञ कि पूणार्हुति भंडारे के साथ किया जायेगा। इस दौरान मौजूद यज्ञ कमिटी अध्यक्ष देवनंदन प्रसाद ने बताया कि यज्ञ के दौरान श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेम शंकर दास शास्त्री जी महराज, श्याम सुंदर दास, रामयानी मानस अयोध्या से चलकर इनके सनिध्य में रूद्र महायज्ञ सम्पन्न होगा। प्रवचनकर्ता के लिए आशा बापू जी महराज के अलावे कुंती देवी माता जी बनारस से आएंगी। वही यज्ञाचार्य महेश्वर कुमार शास्त्री पीठाधीश्वर शास्त्री आएंगे। निरीक्षण में सचिव विनोद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, उमेश ठाकुर, आदित्य साहू, संदीप कुमार, उत्तम कुमार, सनोज कुमार, डबलू प्रसाद, जगनारायन भरती, रंजीत कुमार सहित समित के अन्य सदस्य शामिल थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल हुए राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता

**हंटरगंज(चतरा)।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित मैदान में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मंत्री ने समारोह में डॉ. अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालाते हुए कहा कि बाबा साहब की जयंती का दिन हमें उनके असाधारण योगदान की याद दिलाने के साथ समानता एवं सामाजिक न्याय के लिए हमारी निरंतर यात्रा पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन को उत्सव के रूप में मनाना समानता एवं सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाना है।

### अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई, एक ट्रैक्टर जब्त

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नोनगांव नदी से गुप्त सूचना के आधार पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि नोनगांव नदी में अवैध बालू खनन कर ट्रैक्टर से ले जाया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करते हुए एसआई अरविंद कुमार रविदास के नेतृत्व में छापामारी टीम नदी पहुंची, तो पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

## झंडा पूजन के लिए कमेटी गठित, रंजीत गुप्ता बने महावीर मंडल के अध्यक्ष



**बालूमाथ ।** इस वर्ष रामनवमी का जुलूस नहीं निकलेगा यह निर्णय बालूमाथ महावीर मंदिर मंडल कमेटी ने मुख्यालय स्थित देवी मंडप परिसर में पूरी कमेटी ने रंजीत कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में बैठक कर यह निर्णय लिया है। बैठक में महावीर मंडल कमेटी के संरक्षक प्रेम प्रसाद गुप्ता ने बतलाया कि बालूमाथ महावीर मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या असामाजिक तत्वों ने कर दी थी। जिनकी कमी समाज को सनातन धर्म प्रेमियों को हमेशा रहेगी यह एक हिंदू धर्म के लिए अपूरणीय क्षति है। जिन्होंने हर एक पूजा धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। स्वर्गीय श्री साहू के नेतृत्व महावीर मंडल कमेटी बनाकर रामनवमी पूजा को विधि विधान के साथ धूमधाम से सभी धर्म को लेकर शांति सौहार्दपूर्ण मनाया करते थे। प्रखंड में रामनवमी पूजा पूरे विधि विधान के साथ घर पर सौहार्दपूर्ण करने के लिए निर्णय लेते हुए कमेटी की गठन की गई जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष रंजीत प्रसाद गुप्ता बनाए गए। वहीं राम भक्त प्रयाग साहू, राजेंद्र साहू, सिकंदर साहू, राजेश प्रसाद साहू, दिवाकर साहू, राजेश पांडे, संतोष सोनी, गोलू कुमार, अरुण साहू, पुटुन साहू, लक्ष्मण आदि के नाम शामिल हैं।

### भाजपा के सांसद प्रत्याशी का कान्हाचट्टी प्रखंड में जोरदार स्वागत

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड में चतरा लोकसभा के भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह का कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत रविवार को किया गया। कान्हाचट्टी के बाराबागी में स्वागत के बाद प्रखंड के सभी पंचायत में सांसद प्रत्याशी ने तूफानी दौरा किया। प्रखंड वासियों ने कहा कि चतरा जिले में लगे धब्बे को आज वर्षों बाद मिटाने का कार्य किया गया है। वही कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सांसद प्रत्याशी ने कहा कि आप सभी देव तुल्य जनता जनार्दन का ही देन है स्थानीय की आवाज को भारतीय जनता पार्टी ने पूरा किया है। अब आपकी बारी है आप लोग अपना वोट मुझे देकर नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीए बनाएं। दौरे में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष सतीश सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, हरदयाल यादव आदि शामिल थे।

## स्थानीय रौनियार भवन धर्मशाला में ईद मिलन का हुआ आयोजन




**गुमला ।** गुमला पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला भवन में रविवार को सर्वधर्म सद्भावना मंच द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवियों बुद्धिजीवियों हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता एमपी श्रीवास्तव उर्फ पप्पू बाबू ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर गुमला नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर उर्फ कल्लन, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अधिवक्ता मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा आमंत्रित किए गए थे। इन दोनों समाजसेवियों ने सर्व धर्म सद्भावना मंच की ओर से ईद के मौके पर मिलन समारोह आयोजन करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मंच द्वारा कई वर्षों से गुमला शहर में जैसा कि हम सब जानते हैं। इस मौके पर सद्भावना मंच के मुख्य संरक्षक फादर क्रिस्टोफर लफड़ा, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, रणजीत सिंह, शमीम खान, खालिद शाह, ब्रिज कुमार फोगला, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन मुरली मनोहर प्रसाद ने किया।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई : सोनू कुमार



### रामनवमी पर्व को लेकर गारू थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू/लातेहार ।** रामनवमी पर्व को लेकर रविववार को गारू थाना परिसर में शांति-समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पूजा समितियों के साथ निकलने वाली जुलूस को लेकर चर्चा की गई।इस दौरान डीजे को लेकर विशेष निर्देश जारी किया गया। रामनवमी को लेकर पुलिस पुरी तरह से अलर्ट है।थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को थाना प्रभारी सोनू कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने पूजा समितियों के साथ निकलने वाले जुलूस को लेकर चर्चा किया। इस दौरान सभी समितियों ने अपना जुलूस रुट बताया। जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किया गया। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। बता दें कि रामनवमी को लेकर शहर में धूमधाम से जुलूस पुरे प्रखंड क्षेत्र में निकाली जाती है। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। वहीं थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार के गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बालूमाथ में डॉ अंबेडकर की जयंती केक काटकर धूमधाम से मनाई गई

**बालूमाथ।** प्रखण्ड में विभिन्न शैक्षणिक संस्था राजनीतिक कार्यालय एवं बाबासाहेब के समर्थकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयन्ती धूमधाम से मानाई गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में गोपाल राम के नेतृत्व में बाबा साहब का जयंती मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के राजद भावी प्रत्याशी सुरेश राम विशिष्ठ अतिथि अंबेडकर चेतना मंच के प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव,नरेश लोहरा, बालेश्वर राम, समाजसेवी अजीत कुमार, रामकुमार राम तुलसी राम आदि ने डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर विधिवत दीप प्रज्वलित कर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी । मौके पर मुख्य अतिथि सुरेश राम एवं बाबा साहब के समर्थक, भीम आर्मी के कार्यकताओं ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर जयंती की बधाई दी । मौके पर मुख्य अतिथि सुरेश राम ने जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडर जी की रचना संविधान से आज देश संचालित हो रहा है और उन्नति कर रहा है। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे दीपक यादव, ब्रह्देव राम, प्रीतलाल यादव, बाबूलाल राम, तुलसी भाजपा नेता अमित राम रामकुमार गुप्ता, दीलीप रजक, राजू गंझू, संजय राम, गोविंद दास, हरेन्द्र रवि, संतोष राम, बीरेन्द्र राम, अशोक राम, राजू दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## मां दुर्गा व हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना को लेकर हुई विशेष पूजा-अर्चना

# कलश यात्रा के साथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह ।** प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड के समीप नव निर्मित आदिशक्ति महावीर मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम के पहले दिन भव्य कलश यात्रा जुलूस निकाली गई। कलश यात्रा जुलूस में जहां स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर ,मंदिर निर्माण समिति के मुख्य यजमान कमल किशोर सिंह रिंकू ,राजेंद्र कुमार बबलू,नरेश चौरसिया सह पत्नी शामिल थे। वही काफी संख्या मे महिला पुरुष भक्त कलश के साथ गाजे बाजे व बोल बम समेत अन्य भक्ति नारों के साथ सकताही छठ घाट पहुंचे। जहां पर मुख्य पुरोहित पंडित सुरेंद्र मिश्रा के वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी भक्तो के बीच कलश का वितरण किया।मुख्य नदी से कलश यात्रा जुलूस निकल कर नगर भ्रमणकर बस स्टैंड मंदिर परिसर में पहुंचकर कलश स्थापित किया गया। मंदिर अनुष्ठान में मुख्य पंडित द्वारा वेदी पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया वही शनिवार देर रात्रि मंदिर परिसर में हनुमत ध्वजारोहण कराया गया। जबकि 15अप्रैल को मंदिर में माता दुर्गा, भगवान भोलेनाथ व पवनपुत्र हनुमान की प्रतिमा स्थापना को लेकर विशेष पूजा अर्चना एवं भगवान की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा। नगर भ्रमण के उपरांत मंदिर में आदिशक्ति हनुमान की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। 16को अनुष्ठान का पूणार्हेतू किया जाएगा। वही कलश यात्रा जुलूस में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, पिंटू सिंह, बबलू कुमार, कमल किशोर सिंह, शिवानंद तिवारी, राजवर्धन सिंह, दीपलेश सिंह, दिलु अग्रवाल, राहुल गुप्ता, विजय बहादुर सिंह रेखा पाठक,रविंद्र राम समेत कलश यात्रा जुलूस में बाजार, रेलवे कॉलोनी आसपास के काफी संख्या मेंपुरुष महिला भक्त शामिल थे।

## चैती छठ महापर्व पर व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ ।** बालूमाथ चैती छठ को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ तलाब परिसर में दर्जनाधिक छठवर्तियों ने अस्ताचल गामी सूर्य को अर्ध्य दिया ' अर्ध्य देने के पूर्व बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए ढोल बाजे के साथ छठवर्ती छठ गीत और भजन गाते हुए छठ घाट पहुंच कर दीपदान और स्नान किया ' इस दौरान छठ घाट पर उपस्थित सैकड़ो महिला श्रद्धालुओं ने छठ व्रतियों का सिंदूर सिंगर कर उनका अभिवादन किया और अपनी मनोकामना को लेकर छठवर्तियों द्वारा लिए गए दौरा में जल और दूध का अर्ध्य दान दिया ' छठ भारतीयों को विधिवत पूजा अर्चना एवं अर्धन की प्रक्रिया पंडित अमरनाथ मिश्रा के द्वारा बालूमाथ स्थित छठ तलाब में कराई गई वही चैती छठ को लेकर बालूमाथ छठ तलाब में प्रकाश एवं साउंड की व्यवस्था के साथ-साथ साफ सफाई स्थानीय युवकों के द्वारा की गई और छठवर्ती के साथ-साथ तालाब परिसर में आने वाले की सुरक्षा को लेकर स्थानीय युवक काफी सक्रिय देखे गए इस दौरान पुलिस प्रशासन को भी विभिन्न मार्गों पर गश्त लगाते देखे गए।

## एक नजर

### महिला ने थाने में आवेदन देकर पति को खोजने की लगाई गुहार

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत चैनपुर (कुरूमगढ़) प्रखंड स्थित ऊपरतबेला गांव के रिना लकड़ा ने चैनपुर थाना में एक लिखित आवेदन देकर, अपने पति शंकर महली के एकाएक रहस्यमय ढंग से गायब होने के संबंध में सन्हा दर्ज कराते हुए। उसने पुलिस को बताया कि उसका पति शंकर महली पिछले कुछ दिनों से एकाएक रहस्यमय ढंग से गायब हैं। उसका एक महिला के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा हैं। और वह अकसर शराब पीकर मेरे साथ मारपीट भी करना था। रिना लकड़ा ने पुलिस को अपने पति की बरामदगी की गुहार लगाई हैं। उसने बताया कि उसके छोटे-छोटे छोटे-छोटे बच्चे भी है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

**चैनपुर ।** चैनपुर थाना छेत्र के तिगवाल और मालम के बीच में डुमरी थाना छेत्र के अकासी पकरी टोली निवासी एलेन खलखो पिता अल्बन खलखो चैनपुर के तिगवाल एवं मालम ले बीच की नदी के समीप अपने गाड़ी से अनियंत्रय होकर गिर पड़ा जिससे व्यक्ति गंभीत रूप से घायल हो गए जिसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँ उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्रथमिकी उपचार कर उसे भेज दिया घर गया घटना के संबंध में घायल ने बताया कि वो गुमला से अपने गांव अकासी पकरी टोली जा रहता तभी तिगवल एवं मालम के बीच गाड़ी अनियंत्रित हो गयी एवं वो गाड़ी से नीचे गिर गए जिससे उसे गम्भी छोटे आयी है इधर चैनपुर अस्पताल पंहुचने पर घायल का प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए गुमला भेज दिया गया।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक घायल

**भंडरा/लोहरदगा।** मुख्य पथ भंडरा में राजेंद्र मेडिकल के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल में सवार हसीब अंसारी पिता कलाम अंसारी आफताब अंसारी पिता हुसैन अंसारी दोनों युवक घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है। जबकि दुर्घटना में दूसरे मोटरसाइकिल में सवार युवक घटनास्थल से अपना मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया।

### सम्मान समारोह आयोजित

**चतरा।** जिला मुख्यालय के गंदौरी मंदिर स्थित जलछाजन परिसर में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला ताइक्वांडो संघ, टेबल टेनिस, खेल संघ, टेबल सोकर संघ, पतंजलि योगपीठ, क्रीड़ा भारती इकाई और तलवारबाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एजाज अहमद व संचालन ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास केसरी ने किया।

# चैनपुर पुलिस ने शराब से लदे वाहन को किया जब्त, चालक फरार





### पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला की ओर से सफेद रंग की टाटा सुमो में अंग्रेजी शराब लाई जा रही है

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर ।** चैनपुर पुलिस ने बेंदोरा गांव के समीप टाटा सुमो में अंग्रेजी शराब लोड कर गुमला से डुमरी जा रहे वाहन को जब्त किया है। जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं बियर की बोतलें जब्त की गई है। चैनपुर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला की ओर से सफेद रंग की टाटा सुमो में अवैध अंग्रेजी शराब लाया जा रहा है। प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बेन्दोरा चौक के पास चेकिंग लगाया गया जिसके बाद एक टाटा सुमो गाडी आता दिखा हाथ देकर रूकवाना का प्रयास किया गया परंतु पुलिस बल को देखकर ड्राईवर तेजी से गाडी को भगाने लगा। तुरंत गाडी से पीछा करने पर ड्राइवर गाडी को बीच रोड में ही छोडकर भाग गया। गाडी में चेक करने पर देखा कि उक्त टाटा सुमो वाहन रजि०न०- सीजी-14एमबी-3139 में कुल 13 (तेरह) पेटी अंग्रेजी शराब को विधिवत जब्त किया गया। ज्ञात हो कि अंग्रेजी शराब दीपक कुमार सिंह, पिता स्व सुरेन्द्र प्रसाद सिंह थाना डुमरी जिला गुमला द्वारा ले जाया जा रहा था।

## पालकोट में तेंदुआ ने हमला कर 9 बकरियों को मार डाला

**पलकोट ।** गुमला जिला के पालकोट प्रखंड में तेंदुआ ने हमला कर नौ बकरियों को मार डाला है। वही तेंदुआ को देखकर भौंक रहे एक कुत्ते को भी तेंदुआ ने मार दिया। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। मृत बकरी के शरीर पर तेंदुआ के दांत, नाखून और जमीन पर तेंदुआ के पैर के निशान पाए गए। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनपाल कृष्णा महतो ने ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ग्रामीणों द्वारा भी दूर जंगल के क्षेत्र में तेंदुआ होने की बात कही गई थी लेकिन हम विश्वास नहीं कर रहे थे लेकिन 9 बकरियों को मारने के बाद हमें पूरा विश्वास है कि तेंदुआ इस क्षेत्र में ही है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि टीम बनाकर तेंदुए को सुरक्षित जंगल में मूव कराया जाएगा। वहीं पीड़ित ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है एल। पीड़ित बजरंग नागरची ने कहा कि करीब डेढ़ से दो लाख का नुकसान हुआ है।

## घास की निराई कर रही महिला की धारदार हथियार से हत्या, अपराधी फरार

**सेन्हा–लोहरदगा ।** भड़गांव पंचायत के कुंदगड़ी भेसलेटा टांड़ स्थित गन्ने के खेत में घांस निराई के दौरान एक महिला की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दिया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टाड़ स्थित खेत में कुंदगड़ी गांव निवासी स्व बिमल मांझी के 50 वर्षीय पत्नी कलावती देवी की गांव के ही तीन अपराधियों ने हत्या धारदार हथियार से गला रेत कर कर हत्या कर दिया। बताया जाता है कि अपराधियो ने पहले पीछे से आकर वार कर दिया उसके बाद गला रेत दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला अर्जुन उरांव के खेत में मजदूरी का काम कर रही थी।तभी मृतक महिला के गांव का तीन अपराधी आए और चुपके से महिला पर वारकर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि एक नाबालिक लड़की को घर से निकाल कर दुष्कर्म करने के आरोप में गांव के ही दो युवकों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। जिससे दोनों युवक वर्तमान में जेल में है। परिजनों ने बताया की जेल में गए युवक के परिजन विनोद मांझी,अशोक उरांव, काशी महतो ने मजदूरों के बीच में पहुंच कर महिला मजदूर की हत्या कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर प्रशिक्षु आईपीएस वेदांत शंकर के निर्देश पर एस आई अविनाश राम, एएसआई असर्फी बेहलिया घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। इस संदर्भ में एस आई अविनाश राम ने कहा की महिला की हत्या किया गया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या पुरानी रंजिश में किया गया है। अपराधी का चिन्हित हुआ है पुलिस गिरफ्तारी करने में जुट गई है।

### कुडू में 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से दो लोग झुलसे

**कुडू–लोहरदगा ।** शहर के रहमत नगर बटन मुहल्ला में रविवार की शाम स्थानीय सलीम अंसारी का पुत्र वसीम अंसारी 24 और सीता राम का पुत्र बिलास गंझू 27 वर्ष करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दोनों सेंट्रिंग का काम कर रहे थे तभी इम्तियाज खान की छत से गुजरे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। आनन फानन में उन्हें कुडू सिएचसी ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहरदगा रेफर किया गया है। ज्ञात हो कि प्रखंड क्षेत्र बटन मुहल्ला रहमत नगर से होकर कई घरों की छत के ऊपर से हाइटेंशन (11 हजार वोल्ट) बिजली तार गुजरा है। जिससे हमेशा जान का खतरा बना रहता है। नंगे तार छतों को छूते हुए निकले हैं, जिसके कारण हमेशा करंट लगने का खतरा बना रहता है। लगभग 5 से 6 घर इससे प्रभावित है।

## अज्ञात शव मिलने से घाघरा में सनसनी

**सेन्हा–लोहरदगा ।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित चंदवा जंगल में घाघरा थाना क्षेत्र के बुरजु सीमावर्ती क्षेत्र में अज्ञात युवक की शव पुरना पानी स्थित आम पेड़ के समीप जंगल मे बना नाला नुमा जगह पर चित अर्धनग्न अवस्था में पाया गया। जिसकी सूचना सेन्हा थाना के प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही टीम गठित कर घटना स्थल के लिए रवाना किया। वही बताया जाता है कि घटना को लेकर आत्महत्या सहित प्रेम प्रसंग मामला एवं अन्य बिंदुओं पर संदेह जताया जा रहा है।जिसको लेकर पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात शव अर्धनग्न अवस्था मे पाए जाने पर आस पास के ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस घटना को देखने के उपरांत कहा जाता है। कि युवक द्वारा आत्महत्या किया गया है।परन्तु कुछ लोगो का ये भी कहना है। कि प्रेम प्रसंग में हत्या कर घटना का साक्ष्य छुपाने का मामला प्रतीत होता है।जिसे शव को पेड़ से लटकाने का प्रारूप दिया गया है।शव की शिनाख्त स्थानीय ग्रामीणों द्वारा नही हो पाया।शव मिलने की सूचना जंगल मे महुआ चुनने के दौरान महिलाओं के देखने पर कानो कान फैलने लगा। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पँहुच अर्धनग्न अवस्था में पड़ा शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने तथा नियम संगत करवाई में जुट गई है।इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा प्रथम द्दष्टया आत्महत्या का प्रतीत होता है।लेकिन ग्रामीणों के अनुसार अन्य बिंदुओं पर भी सन्देह जताया जा रहा है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना को लेकर पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है।

## श्रीश्री 108 श्री वीर बजरंगी मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** महावीर मंदिर टैसेरा गुमला में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारा कार्यक्रम के प्रथम दिवस में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरूवात किया गया। जिसमें आस पास के हजारों श्रद्धालु माता और बहनें शामिल हुए। सर्व प्रथम संकल्प के पश्चात ग्राम देवता की विधिवत पूजा अर्चना की गई। और सात कन्याओ की अगवाई में गाजा बाजा और प्रभु श्री राम एवम राम भक्त हनुमान की जयकारा के साथ महावीर मंदिर से कलश यात्रा की शुरूवात की गई। लोसाय नदी से जल लेकर सभी श्रद्धालु माताएं और बहनें मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा अर्चना किया गया। साथ ही प्रसाद स्वरूप भोग के पश्चात खीर पूरी दिया गया।

इस कार्यक्रम में आचार्य की भूमिका श्री संजय कुमार पांडेय और उनकी टीम के द्वारा किया गया। यजमान में श्री एतो गोप और राजेंद्र साहु के द्वारा पूरे पूजा की अगवाई की गई। इस कार्यक्रम में गुमला शहर से भी श्रद्धालु भक्त अधिक से अधिक संख्या में पूजा में शामिल हुए। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के लोग भी शामिल हुए रामनाथ साहु यदुनंदन प्रसाद अघनू साहु पवन कुमार साहु मदन साहु अशोक साहु राहुल साहु मोतीलाल साहु लालू साहु दिनेश साहु मनोज साहु सुमन साहु रामकुमार साहु आदि लोग शामिल हुए।

## मसमानो में निकाली गई प्रभातफेरी क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**भंडरा।** बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर मसमानो गांव में डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मारक समिति के बैनर तले प्रभातफेरी, माल्यार्पण सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संघचालक लाल सच्चिदानंद अग्रवाल, मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के प्रांत संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, रविदास विकास मंच के जिला सचिव विनोद राम, विश्व हिंदू परिषद के देवेंद्र मंडल, शिक्षक महेंद्र राम, कृष्णा राम, कलेश्वर साहू, लाल अनूप नाथ शाहदेव, राजा लाल शाहदेव शामिल हुए। सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। छोटे बड़े सभी जनों ने मसमानो गांव का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी निकाला। इस दौरान डॉ भीमराव अम्बेडर अमर रहे सहित कई अन्य नारे लगाए गए। प्रभात फेरी आयोजन स्थल से निकलकर पुनः आयोजन स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मारक समिति के सरोज राम, आशुतोष राम, रवि राम, भरत राम, दीपक राम, बबलू उरांव, भोला राम, सुधीर राम, धीरज राम, श्रवण राम, अमित राम, रामकुमार राम, अनूप राम, तुलसी राम, हरीश राम, पवन राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### लोहरदगा में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई



**लोहरदगा।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति पदाधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अंबेडकर विचार परिषद ने रविवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। परिषद द्वारा यह कार्यक्रम समाहरणालय के समीप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्य उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार व परिषद के लोगों द्वारा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि बाबा साहब का दिया हुआ विचार, उनकी लिखी हुई किताबें अनमोल विरासत हैं। बचपन में ही बाबा साहब का नाम सुना और उनके किये गए कार्यों को देखा और जाना। उनका कार्य बहुत महान था। उनके विचारों ने भारत देश के कई लोगों के मन को छुआ है। महाराष्ट्र के दादर में बाबा साहब का घर है जो जिसका ग्राउंड फ्लोर लोगों के लिए खुला है जिसमें उनकी प्रदर्शनी है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति पदाधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अम्बेडकर विचार परिषद लोहरदगा से जुड़े पदाधिकारी, कर्मीगण व बच्चे उपस्थित थे।

### समीर उरांव के पक्ष में किया गया जनसंपर्क अभियान

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा लोहरदगा सदर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान हेसल,कुजरा, मगन टोली, महुआ टोली, कैमों, पतरा टोली सहित अन्य क्षेत्रों में चलाते हुए जनता से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई एवं आम जनमानस को यह बताया गया की लोहरदगा लोकसभा सीट में एनडीए उम्मीदवार समीर उरांव जिनकी छवि एक साफ सुथरी ,ईमानदार एवं गरीब नेता के रूप में है और गरीब का दर्द गरीब ही समझ सकता है ,इसलिए इस बार एक गरीब के बेटे समीर उरांव को भारी मतों से लोहरदगा लोकसभा सीट से विजयी कर दिल्ली भेजना है। जनसंपर्क अभियान में आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव एवं लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह ,लोहरदगा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष दिनेश उरांव ,आजसू बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी मनोज गुप्ता (मना) सोहन साहू, मन्हो पंचायत कोषाध्यक्ष संतोष राम ,सचिव अशोक उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भगवान सूर्य व हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रतिमाओं का हुआ नगर भ्रमण

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत बेलहर के रजवारी में आयोजित नौ दिवसीय भगवान सूर्य देव व हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के छठे दिन प्रतिमाओं का कराया गया नगर भ्रमण। आचार्य जगत गुरु मधुसूदन, आचार्य महाराज सालिग्राम शास्त्री, आशीष पांडेय व बिनोद पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में प्रतिमा स्थापित से पूर्व गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या मे महिला/पुरुष श्रद्धालुह्न भगवा वस्त्र धारण जय श्री राम व जयसूर्य देव के जयकार लगाते हुवे गांव का भ्रमण किया। नगर भ्रमण में पूजा समिति अध्यक्ष महादेव दांगी, बिनोद सिंह, राजकुमार दांगी, जयप्रकाश सिंह, मीडिया प्रभारी संतन दांगी, संरक्षक मूलेशावर दांगी, अजीत सिंह, सुमेर सिंह, तिलेश्वर दांगी आदि शामिल थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई गई 133वीं जयंती

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में रविवार को बलराम कुमार दास के नेतृत्व में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनाई गई। सबसे पहले बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। वहीं उपस्थितों लोगों ने कहा कि पूरा देश आज उनकी 133 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन कर रहा है। डॉ. अंबेडकर बचपन से ही कई कठिनाइयों और सामाजिक कुरीतियों का सामना किया। वह निर्भीक स्वभाव के थें तथा कुरीतियों से बचने के लिए शिक्षा का मार्ग अपनाया और सफलता पाई। कार्यक्रम में खुदनाथ राम, बलराम कुमार दास, प्रवीन कुमार दास, रौशन कर, रामबृक्ष राम, दशरथ दास, सेवानिवृत शिक्षक चमारी राम, राजेंद्र राम समेत अन्य शामिल थे।

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

**लोहरदगा।** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने भारत रत्न, बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेदकर की 133 वीं जयन्ती को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया। सर्व प्रथम बाबा साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ करते हुए संविधान को बरकरार रखने एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। संविधान निमार्ता बाबा साहेब अमर रहे, संविधान बचाओ, देश बचाओ आदि नारा लगाते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को महेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार वर्मा,चारो भगत,सुधीर उरांव, जगदीश महतो, हजारी उरांव, गोपाल महतो, दिलमोहन साहू, मो0 कैश ,ज्योतिष्क साहू, दिलमनी कुमारी, मोहन मिंज, सत्यम कुमार आदि ने संबोधित किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्रजीत कुमार,मंजू देवी, संजू उरांव, समसुल होदा आदि ने अहम भूमिका निभाया।


### अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, आज उदीयमान भास्कर की पूजा



**चतरा/गिद्धौर/टंडवा।** आस्था का प्रतीक छठ महापर्व के परंपरा के मुताबिक वर्ष में दो बार छठ पर्व मनाया जाता है। कार्तिक मास व चौत्र माह में छठ पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को जिले मुख्यालय के अलावे, गिद्धौर, टंडवा, पत्थलगड़ा आदि प्रखंड के छठ घाटों में चौती छठ व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। ज्ञात हो कि 12 अप्रैल को नहाय खाय के साथ पर्व की शुरूआत हुई है। वहीं 13 अप्रैल को खरना पूजन के बाद से छठ व्रती महिलाएं अगले 36 घंटे तक निर्जला उपवास में हैं और रविवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं सोमवार को छठ घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चौती छठ पर्व समाप्त हो जाएगा। व्रती उसके बाद पारण करेंगी। दुसरी ओर गिद्धौर प्रखंड़ में आस्था का महापर्व चौती छठ पर्व को लेकर मुख्यालय स्थित रामसागर आहर में डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। इससे पूर्व व्रती गाजे बाजे के साथ दंडवत देते राम सागर छठ घाट पहुंचे। जहां छठ घाट समिति सदस्यों ने व्रतियों को नारियल भेंट करने के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। छठ घाट पर पंडित के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने रामसागर छठ घाट को मेहनत कर सज्जा भी गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, मोती कुमार, प्रनाथ महतो, मनोज व्यापारी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## उपायुक्त ने डॉ बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, कहा

# बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलें लोग



**गुमला ।** आज डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों के साथ सुबह-सुबह अंबेडकर स्मारक पहुंचकर डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तदुपरांत बाबा साहब के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने जिले वासियों से उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव है, देश के संविधान की रचना में बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। उनके द्वारा लिखे गए संविधान ही देश में नैतिकता को बरकरार रखने का सबसे बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हमे नैतिक मतदान करने के प्रति प्रेरित करता है।

उपायुक्त ने जिले वासियों से आगामी चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का उपयोग करने, मतदाताओं से वोट देने की भी अपील की। उपायुक्त द्वारा माल्यार्पण किए जाने के बाद वहां मौजूद सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उप विकास आयुक्त गुमला, डीआरडीए निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक सह जिला नाजारत उप समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल में मनाई गई डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती

**लोहरदगा।** डिवाईन स्पार्क पब्लिक स्कूल में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती को समता दिवस के रूप मे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक वीके बालान्जिनप्पा ने दीप प्रज्वलित करके किया । उन्होंने कहा कि अम्बेडकर बचपन से ही अपमान, दुख, कठिन परिश्रम और कष्ठ को सहन करते हुए समाज मे आगे अपना कदम बढ़ाया । इसका मूल कारण दलित वर्ग में जन्म लेना था। समाज में विद्यालय मे सरकारी नौकरी में हर एक जगह में उन्हे दलित वर्ग के कारण अपमान भोगना पड़ा। बाबा साहेब समाजिक विज्ञान, भूगोल, नागरिक शास्त्र , न्याय शास्त्र , अर्थशास्त्र, विभिन्न धर्म शास्त्र आदि के ज्ञानि थे। गरीब और दलितों के बारे में इनका हृदय हर एक समय तड़पता था। स्वतंत्र भारत में नेहरुजी के मंत्रीमंडल में पहला कानून मंत्री , रक्षा विभाग , रेलवे विभाग , और शिक्षा विभाग आदि अनेक क्षेत्रो में इन्होंने अदभूत योगदान दिया। भारत का संविधान के रचना में अत्यंत प्रमुख भूमिका निभाकर संविधान का शिल्पकार नाम प्राप्त किया है।

## गुमला में मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती



**गुमला ।** गुमला में भाकपा माले और उनके जन संगठन के नेताओं द्वारा गुमला जिला मुख्यालय में संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। ट्रेड यूनियन लीडर कामरेड महिंद्रा जंक्शन उरांव, झमस नेता बिरजानंद उरांव, रवि उरांव के नेतृत्व में अल्बर्टा एक्का स्टेडियम स्थित भीमराव के प्रतिमा पर माल्यार्पण किय गया। भीमराव अंबेडकर अमर रहे अंबेडकर जिंदाबाद भीमराव अंबेडकर और भगत सिंह के सपनों के भारत निर्माण की ओर आगे बढ़ो देश बचाओ देश बचाओ संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ आदि नारों को नेताओं ने बुलंद किया। मौके पर ट्रेड यूनियन नेता महेंद्र जंक्शन उरांव ने कहा कि बीजेपी के मोदी के पास जनता के मुद्दे नहीं है जनता के सवालों पर चारों ओर से बीजेपी की मोदी सरकार घिर चुकी है। गरीब, किसान, मजदूर युवा, बेरोजगार, दलित आदिवासी में भारी आक्रोश है। मोदी सरकार के 10 साल का कामकाज का हिसाब का जवाब नहीं है। कार्यक्रम में महेंद्र जंक्शन उरांव, बिरजानंद उरांव, रवि उराव, जगल मुंडा दर्शन राव सुषमा देवी,फागण देवी, इतवारी देवी सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीआईएसएफ फायर स्टेशन में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**धनबाद।** डीवीसी मैथन परियोजना के सीआईएसएफ फायर स्टेशन में रविवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में डीवीसी के कार्यकारी निदेशक सह मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर श्री दुबे ने मुंबई बंदरगाह पर वर्ष 1944 को आज के ही दिन एक मालवाहक जहाज में लगी आग को बुझाने में शहीद हुए 66 अग्निशमन जवानों को याद किया। उन्होंने मैथन में पदस्थापित फायर स्टेशन के जवानों के कार्यों की सराहना की। कहा कि आज भी कई स्थानों पर लोग अग्निकांड और इनसे होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति सजग नहीं होते हैं।

### अनियंत्रित होकर ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा, स्ट्रीट लाइट और कैमरे क्षतिग्रस्त

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के धनबादबोकारो मुख्य मार्ग पर स्थित पुटकी चौक के समीप रविवार अहले सुबह सड़क हादसा हो गया। यहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर ड्रिवाइडर में चढ़ गया। जिसकी वजह से डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट और चैंबर द्वारा लगाये गये कैमरे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। गनीमत रही कि सुबह रास्ते में भीड़ नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना पाकर पुटकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक सीजी14एमजी 3679) को क्रेन की मदद से डिवाइडर से नीचे उतारा। इसके बाद ट्रक को अपने साथ थाना ले आयी।

### 12 घंटे में चेन छिनतई की दो वारदात

**धनबाद।** धनबाद में एक बार फिर बाइक सवार अपराधियों का गिरोह सक्रिय हो गया है। महज 12 घंटों के अंतराल में इन अपराधियों ने दो अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं को अपना शिकार बनाया। दोनों के गले से सोने की चेन छीन कर पलक झपकते ही अपराधी गायब हो गए। एक मामले की शिकायत बैंकमोड़ थाने में की गई है।

### बालू तस्करी पर पुलिस की दबिश, आठ हाइवा व दो जेसीबी जब्त

**धनबाद।** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ धनबाद पुलिस ने शनिवार की देर रात दबिश दी है। बिलकुल ही गुप्त तरीके से की गई छापेमारी में बालू लदे आठ हादवा, दो जेसीबी को जब्त किया गया है। सात वाहन के चालक और खलासी भी पकड़े गए हैं। कारोबार से जुड़े अन्य कई लोग भी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पूर्वी टुंडी के अलावा मनियाडीह थाना क्षेत्र के सर्रा गांव के पास भी छापेमारी की गई। दोनों स्थानों पर बराकर नदी से बालू लाकर स्टॉक किया जाता था और यहां से धनबाद के अन्य हिस्सों में सप्लाई की जाती थी। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू तस्करों में हड़कंप मच गया है। सुबह होते ही खबर आग की तरह फैल गई और बालू तस्करों का गिरोह भूमिगत हो गया। बताते चलें कि धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी को गुप्त सूचना मिली थी कि उपरोक्त दोनों स्थानों से जमकर बालू की तस्करी हो रही है।

### बैसाखी पर मानगो गुरुद्वारा में 103 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** मानगो गुरुद्वारा साहिब में खालसा सृजना दिवस बैसाखी के पावन अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसमें कुल 103 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मानगो गुरुद्वारा साहिब में रक्तदाताओं के आपार सहयोग से इतनी मात्रा में रक्त संग्रह किया गया.इस दौरान सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने महासचिव अमरजीत सिंह, सुखदेव सिंह बिट्टू और अन्य टीम सदस्यों संग शिविर में पहुंच कर रक्तदाताओं का मनोबल और उत्साह बढ़ाया। साथ ही स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित भी किया।

# गांडेय उपचुनाव मामले में एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व से चल रही बात : सुदेश महतो

## बेंगाबाद के रातडीह मैदान में आजसू के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन के बहाने शक्ति प्रदर्शन

**चुनाव के पहले सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा, हम एनडीए गठबंधन के साथ**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बेंगाबाद के रातडीह मैदान में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने आजसू ने शक्ति प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम प्रभारी, बूथ प्रभारी और चूल्हा प्रमुख समेत सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित हुए। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी छोटे छोटे कार्यकताओं को सम्मान देने और उन्हें नेता बनाने का काम करती रही है। इसी का परिणाम है कि आज सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता एक नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं। उन्होंने कार्यकताओं से और मेहनत करने की अपील करते हुए संगठन को मजबूती देने की बात कही। कहा कि कार्यकताओं का मेहनत बेकार नहीं जाने दिया जाएगा।

गांडेय में अर्जुन बैठा और उनके कार्यकताओं ने समर्पित भाव से संगठन के लिए काम किया है। उन्होंने कार्यकताओं को धैर्य रखने की बात कहते हुए कहा कि आने वाले समय में कार्यकताओं को उनकी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। गांडेय उपचुनाव में आजसू से अर्जुन बैठा के चुनावी मैदान में आने की बात पर उन्होंने कहा कि गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व पर बात चल रही है। वह भी चाहते हैं कि अर्जुन बैठा गांडेय का प्रतिनिधित्व करें।


चुनाव के पहले सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। हालांकि उन्होंने चुनाव में एनडीए गठबंधन के साथ होने की बात कही। वहीं अर्जुन बैठा ने पार्टी सुप्रीमो को आश्वस्त कराया कि एक एक कार्यकर्ता संगठन के साथ है। किसी भी परिस्थिति में कार्यकर्ता संगठन के निदेर्शों का पालन करेंगे। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गांडेय विधानसभा के प्रभारी नजरुल हसन हाशमी ने कहा कल्पना सोरेन को हम बहु के रूप स्वीकार कर उनका स्वागत करते हैं, मगर उनको गांडेय का प्रतिनिधित्व सौंपना कतई गवारा नहीं होगा।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, सीओ ने की कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां सीओ अविनाश रंजन ने रविवार को अवैध बालू उठाव को लेकर छापेमारी की। इस अभियान के तहत प्रखंड के हड़हड़ा से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़ा है। सीओ ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। बताया जाता है कि सीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि सेरुआ सकरी नदी से अवैध बालू उठाव कर अन्य प्रखंडों में बेचा जाता है। सूचना पर सीओ ने हड़हड़ा के पास बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़कर गावां पुलिस के हवाले कर दिया है।

## कांग्रेस ने रची थी बाबा साहेब के विरुद्ध साजिश : अमर बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे।

उन्होंने देश से भेदभाव असमानता को दूर किया और सभी जाति-वर्गों के लोगों को एक साथ जीने की प्रेरणा दी। कांग्रेस ने बाबा साहेब के विरुद्ध साजिश रची। पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने संविधान का अपमान किया। संविधान की मूल भावना बदलने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की भवानाओं को साकार कर रही है, जो 60 वर्षों में नहीं हो सका, वो काम पिछले 10 वर्षों में हुए हैं।

बाबा साहेब की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र की मोदी सरकार काम कर रही है। हमें उनके द्वारा बताए गए बातों का अनुसरण करना है। समाज में एकता बनाए रखने व दीन-दुखियों की सेवा का कार्य सदैव करते रहना है। रविवार को भाजपा जमशेदपुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड केताराटांड़ के भलपहरी में रविवार को हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 108 श्री रामचरित मानस महायज्ञ को लेकर गाजे बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा । कलशयात्रा में एक सौ इक्कावन कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने माथे पर कलश लिए लाल,पिले वस्त्र पहनकर , तपतपाती धुप में भुखे प्यासे नंगे पांव चल रहे थे। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु कुंवारी कन्याओं ने भलपहरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए गुलियाडीह घाट होते हुए बराकर नदी से कलश में जल भरकर पुनः उसी रास्ते से वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान जय श्री राम,जय बजरंगबली के उदघोष से पुरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। केनारीनाथ धाम से आए आचार्य पशुपति नाथ पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण व विधी विधान से पुजा-अर्चना कर संपन्न कराई गयी।

मौके पर भाजपा नेता यदुनंदन पाठक, अरुण हाजरा, ताराटांड़ मुखिया यशोदा देवी, पंसस पवन कुमार अग्रवाल,बजरंगबली मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष , सचिव, कोषाध्यक्ष, विपिन बोस, सुरेंद्र यादव, रंजीत कुमार एकघरा, बासुदेव यादव, अनिल यादव, बालेश्वर पंडित, बासुदेव यादव, छोटु यादव,अशोक यादव उपस्थित थे।

## वर्क ऑर्डर के विपरीत किया गया जीएसटी का भुगतान




**नवीन मेल संवाददाता। कोल्हान**
**कोल्हान** यूनिवर्सिटी में जीएसटी घोटाले में राजभवन के आदेश पर यूनिवर्सिटी की ओर से एफआईआर दर्ज कराये जाने के बाद आरोपी अधिकारियों के भी पक्ष आने लगे हैं। हालांकि यह मामला विश्वविद्यालय को कर्मचारियों की आपूर्ति करने वाली एजेंसी के साथ किये गये एकरारनामे के विपरीत जीएसटी का भुगतान किये जाने का है। एजेंसी के बजाय विश्वविद्यालय की ओर से जीएसटी का भुगतान किया गया है, जो 68 लाख 71 हजार रुपये है। आपूर्तिकर्ता सुपर स्टार एजेंसी के साथ एकरारनामे में यह तय हुआ था कि जीएसटी का भुगतान एजेंसी की ओर से किया जायेगा।

इसके विपरीत विश्वविद्यालय की ओर से जीएसटी का भुगतान किया गया है। एजेंसी की ओर से विश्वविद्यालय समेत 10 कॉलेजों के लिए कर्मचारियों की आपूर्ति की जा रही है। इन कर्मचारियों के तीन वर्ष 2019 से 2022 तक के पारिश्रमिक के एवज में विश्वविद्यालय की ओर से 68 लाख 71 हजार रुपये जीएसटी का भुगतान किया गया है।यह मामला प्रकाश में आने के बाद तत्कालीन प्रभारी कुलपति सह प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार के निर्देश पर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया था।

# पैसे के विवाद में युवक की तलवार से मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जांच में जुटी पुलिस**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी के द्वारपहरी में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मामला यह है कि भीमलाल मण्डल एवं शम्भू साव के बीच पैसे लेनदेन को लेकर विवाद हुआ। विवाह इतना बढ़ गया कि खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि भीमलाल मण्डल ने तलवार से शम्भू साव पर हमला कर दिया। तलवार से हमला करने के बाद शम्भू साव की मौत हो गई। घटना के बाद भीमलाल मण्डल घर से फरार हो गया। घटना की सूचना भरकट्टा ओपी पुलिस को दिया गया।

भरकट्टा ओपी प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी शुरू कर दी। बाद में हत्या के आरोपी को सरिया थाना के नावाडीह से पकड़कर भरकट्टा ओपी लाया गया। भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही वे स्वयं और ओपी के पुलिस जवानों के सहयोग से आरोपी को सरिया थाना के नावाडीह से पकड़कर ओपी लाया गया। पीड़ित परिवार वाले की तरफ से किसी भी तरह का आवेदन अभी नहीं मिला है।आवेदन मिलने के बाद आवेदन के आधार पर जाँच पड़ताल करते जो भी इस कांड में संलिप्त होंगे किसी भी हाल में उन्हें छोड़ा नहीं जायेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरीडीह सदर अस्पताल में भेजा गया।

## प्रधानमंत्री जल नल योजना में घटिया निर्माण के साथ एजेंसी करवा रही बाल मजदूरी



**नवीन मेल संवाददाता। मझगांव**
मझगांव प्रखंड अंतर्गत घोडाबंधा पंचायत के ग्राम हेपरबुरु प्रवि पूर्तिसाईं समीप प्रधानमंत्री हर घर जल नल योजना के तहत 5 हजार लीटर का सोलर आधारित जल मीनार के लिए स्ट्रक्चर का निर्माण कार्यकारी एजेंसी साकेत सुमन के द्वारा कार्य किया जा रहा है।

एजेंसी द्वारा घटिया निर्माण का शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने घोडाबंधा पंचायत मुखिया और पीएचडी विभाग के अभियंता से किए हैं। साकेत सुमन एजेंसी के द्वारा की जा रही पंचायत क्षेत्र के सभी कार्य में भारी अनियमित के साथ लापरवाही बरती जा रही है। क्योंकि सभी कार्य बिना अभियंता के देखरेख में ही हो रही है तभी एजेंसी अपने मनमाने ढंग से कार्य कर रही है।

एजेंसी द्वारा 5 फीट गड्ढे की जगह मात्र ढाई फीट गड्ढा खोदा गया। बिना पीएससी के ही आरसीसी ढलाई की जा रही है। पीलर में 12 एमएसम सरिया के जगह 8 एमएम केसरिया लगाई जा रही है। 10 पैकेट सीमेंट लगने के जगह मात्र दो- ढाई पैकेट से कार्य पूरी की जा रही है, पिलर का रिंग 6 इंच की जगह में 1 फीट पर लगाया जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने मनाई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा नटराज चौक के पास बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके मूर्ति पर मल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा की बाबा साहब ने देश को अपना संविधान दिया, कानून दिया, जिसे हम कानून के नाम से जानते हैं। संविधान में हमें कई आजादी मिली हुई है। लेकिन पिछले दस साल में संविधान और लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया है। लोगों की आवाज दबाने की भरपूर कोशिश की जा रही है। आज संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लेने का दिन है। मौके पर मदनलाल विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, अमित सिन्हा, सीताराम पासवान, चांद, पंकज सागर, सुजीत मंडल थे।

## चड़क पूजा में शरीर पर कील चुभाकर भोक्ताओं ने दिखाए करतब

**तोपचांची।** कहते हैं भारत रहस्यों व आश्चर्य का देश है। यहां धर्म के नाम पर आज भी कई परंपराएं जिंदा है, जो अनूठी और काफी अद्भुत है। तोपचांची प्रखंड के रामाकुंडा पंचायत अंतर्गत शिव मंदिर प्रांगण में भी कुछ ऐसा ही अद्भुत नजारा देखने को मिला। शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित चड़क पूजा में भोक्ताओं ने अपने शरीर के विभिन्न अंगों में कील चुभोकर अचंभित करने वाले करतब दिखाये। आश्चर्य की बात यह है कि पीठ पर हुक फंसाने और छड़ को मुख के आरपार करते समय व बाद में भी भोक्ताओं को दर्द नहीं होता। पूजा-अर्चना के बाद खंभे में बांधकर भोक्ताओं को परिक्रमा कराया गया।

## न्यूज बॉक्स

### आरवीएस में होगा अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन




**जमशेदपुर।** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सोमवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। यह कांफ्रेंस आईईईई, यूएसए के सहयोग से कॉलेज के सभागार में होगा। कांफ्रेंस के संदर्भ में एक प्रेस मीट के दौरान आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन बिन्दा सिंह, सचिव भरत सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह व प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने समुचित जानकारी दी। प्राचार्य सह कांफ्रेंस के चेयरमैन प्रो डॉ राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि विकसित भारत की बात हम सभी करते हैं। हमारी सरकार भी कल का भारत, विकसित भारत की बात करती है। यहां यह निश्चित रूप से विचारणीय है कि आखिर भारत एक विकसित राष्ट्र सही अर्थों में कैसे बन सकता है। भारत को भी अगर सही मायने में इस कतार में खड़ा होना है, तो उसे परिष्कृत शोध पर गंभीरता से काम करना होगा और भारत कर रहा है। आज भारत की पहचान सम्पूर्ण विश्व में एक तेज गति से विकास कर रहे देश की है.उन्होंने बताया कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, डाटा साइंस, रीनिउएबल एनर्जी आदि क्षेत्रों में गहन शोध की जरूरत है। इन्ही महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रखते हुए आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि झारखण्ड प्रदेश में अब तक आईआईटी (आईएसएम) धनबाद एवं आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ही आईईईई इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन करते आ रहे हैं।

### सूर्या नर्सिंग कॉलेज में लैंप लाइटनिंग और ओथ टेकिंग सेरेमनी का हुआ आयोजन




**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के सूर्या नर्सिंग कॉलेज प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ लैंप लाइटनिंग सह ओथ टेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि चाईबासा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.ए एन डे, विशिष्ठ अतिथि चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सह हेल्थ सोसाइटी के अध्यक्ष श्याम सुंदर महतो, हेल्थ सोसाइटी के सचिव गौरी शंकर महतो, डॉ.एम पॉल, डॉ. सुमन, डॉ एस सोरेन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ फोलरेंस नाईट एंगल की तस्वीर के समीप दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर कुल 80 एएनएम व जीएनएम को कैप पहनाया गया। इसके बाद कर्तव्य निष्ठा का सभी ने शपथ ली। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा की प्रशिक्षण लेने वाली छात्राएं बेहतर तरीके से प्रशिक्षण लेकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि एक नियम के तहत यह कार्यक्रम किया जा रहा है। यहां शपथ लेने वाली छात्राएं भविष्य में विभिन्न अस्पतालों में अपनी सेवाएं देंगी। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रबंधक नरसिंह महतो ने कॉलेज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में बेहतर करने को लेकर बड़ों व शिक्षकों का सम्मान करने को कहा। इस मौके पर स्थित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

### अब मतदाताओं को वोट देने के लिए 15 किलोमीटर नहीं चलना होगा पैदल



**चांडिल।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मतदाताओं को अब मतदान करने के लिए पैदल चलकर नहीं जाना पड़ेगा। मतदाता अब अपने मूल मतदान केंद्र में ही अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान करेंगे। जी हां, आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में किसी भी मतदान केंद्र को बदला स्थानांतरित नहीं किया गया है। सभी मतदान केंद्र अपने मूल स्थान पर ही रहेंगे। इसकी जानकारी एआरओ सह चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए अबतक किसी भी मतदान केंद्र का स्थान परिवर्तन नहीं किया गया है। विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र अपने पूर्ववत स्थान पर रहेंगे, जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सरकार के इस निर्णय के बाद उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद लगाई जा रही है। वहीं मतदाताओं में भी खुशी देखी जा रही है। पूर्व में स्थानांतरित किए गए मतदान केंद्र में मतदाता और मतदानकर्मियों के लिए सारी सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों में शौचालय, पेयजल, बिजली आदि की व्यवस्था की जा रही है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में रैंप का निर्माण करवाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला इनमें से कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों में सुविधाओं का जायजा ले चुके हैं। चुनाव के दौरान मतदाता और मतदानकर्मियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हा इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### बेलवरण के साथ शुरू होगा वासंतिक दुर्गोत्सव, तैयारी पूरी



**चांडिल।** चैत्र नवरात्रि के छठे दिन महाषष्ठी के अवसर पर बेलवरण आमंत्रण अधिवास के साथ बासंती दुर्गोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। रविवार की संध्या बेल वृक्ष के नीचे देवी का आमंत्रण अधिवास किया जाएगा। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में चैत्र नवरात्र पर बासंती दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जाता है। इस अवसर पर ईचगढ, सोडो, तिल्ला, आदरडीह, डोबो, खूंटी समेत कई स्थानों में देवी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। बासंती पूजा के आयोजन को लेकर पूजा समितियों की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। मंदिरों को आकर्षे रूप से सजाया-संवारा गया है. क्षेत्र में चारों ओर पूजा को लेकर उल्लास का माहौल है। मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकारों के अनुसार रविवार दोपहर तक प्रतिमाओं को मूर्त रूप देने का काम पूरा कर लिया जाएगा। सोमवार को महासप्तमी के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिरों के पट खोल दिए जाएंगे।

**शिखर तक पहुंचने के लिए ताकत की जरूरत होती है, चाहे वो माउंट एवरेस्ट का शिखर हो या आपके पेशे का : एपीजे अब्दुल कलाम**



# देश की दो बड़ी पार्टियों के घोषणापत्र

**भाजपा** ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। भाजपा के घोषणापत्र में कई बड़े-बड़े एलान किए गए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में 24 गारंटियां दी गई है। जिनमें गरीब परिवारों की सेवा की गारंटी, मध्यम वर्ग को गारंटी, नारी शक्ति के सशक्तिकरण की गारंटी, युवाओं को अवसर की गारंटी, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता की गारंटी, किसानों को सम्मान की गारंटी, मतस्य पालकों को गारंटी, श्रमिकों को सम्मान की गारंटी, एमएसएमई, छोटे व्यपारियों के सशक्तिकरण की गारंटी, सबका साथ-सबका विकास की गारंटी, विश्वबंधु भारत की गारंटी, सुरक्षित भारत की गारंटी, समृद्ध भारत की गारंटी, देश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की गारंटी, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग की गारंटी, विरासत भी विकास की भी गारंटी, सुशासन की गारंटी, स्वस्थ भारत की गारंटी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी, खेल के विकास की गारंटी, तकनीक और नवाचार की गारंटी, पर्यावरण अनुकूल भारत की गारंटी दी गई है। बीते दिनों कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया था। जिसमें कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में दस न्याय और 25 गारंटियां देने का एलान किया था। जिनमें युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, संविधानिक न्याय, आर्थिक न्याय, राज्य न्याय, रक्षा न्याय, पर्यावरण न्याय शामिल हैं। देश की दो मुख्य पार्टियां होने के नाते दोनों के घोषणापत्र की तुलना होना स्वभाविक है। तो आइए जानते हैं कि दोनों पार्टियों ने क्या-क्या बड़े वादे किए हैं- भाजपा के घोषणापत्र की बड़ी बातें-

**बीते दिनों कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया था। जिसमें कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में दस न्याय और 25 गारंटियां देने का एलान किया था। जिनमें युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, संविधानिक न्याय, आर्थिक न्याय, राज्य न्याय, रक्षा न्याय, पर्यावरण न्याय शामिल हैं। देश की दो मुख्य पार्टियां होने के नाते दोनों के घोषणापत्र की तुलना होना स्वभाविक है।**

भाजपा ने एलान किया है कि 80 करोड़ परिवारों को पांच और साल मुफ्त राशन स्कीम का फायदा दिया जाएगा। 70 साल से ज्यादा के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में लाने का वादा किया गया है। साथ ही ट्रांसजेंडर्स को भी इस योजना के दायरे में लाया जाएगा। भाजपा ने एलान किया है कि हर गरीब को पक्का घर देने की योजना जारी रहेगी। अब तक चार करोड़ घर बनाए गए हैं और आने वाले दिनों में तीन करोड़ घर और बनाए जाएंगे। अभी सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर भेजी जाएगी। भाजपा ने वादा किया है कि एक देश, एक चुनाव के वादे के साथ आगे बढ़ेंगे। साथ ही भाजपा ने देशहित में समान नागरिक संहिता लागू करने की संभावनाएं तलाशने की भी बात कही है। भाजपा ने पूरे देश में वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार करने का वादा किया है। वंदे भारत ट्रेनों के तीन मॉडल देश में संचालित होंगे, जिनमें वंदेभारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो शामिल होंगी। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम लगभग पूरा होने वाला है। उत्तर भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। साथ ही दक्षिण भारत और पूर्वी भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। भाजपा ने सभी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने का भी वादा किया है। साथ ही मछुआरों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। भाजपा ने घोषणा पत्र में बताया कि एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाने का वादा किया है। औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शिशुगृह जैसी सुविधाएं भी होंगी। भाजपा ने मुद्रा योजना के विस्तार का वादा किया है। इसके तहत तरुण श्रेणी में समय पर लोन चुकाने वाले उद्यमियों के लिए मौजूदा क्रेडिट सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जाएगा।

लोक चेतना

# भारत रत्न बाबा साहेब चाहते थे देश में समान नागरिक संहिता





शिव प्रकाश

**14 अप्रैल** 1891 को महू (मध्यप्रदेश) छावनी में पिता सूबेदार रामजी सकपाल एवं माता भीमाबाई के परिवार में बाबा साहेब का जन्म हुआ था। कुशाग्र बुद्धि, अथकपरिश्रमी, शिक्षाविद, शोषित, वंचित, पीड़ितों के प्रति संघर्ष के कारण मसीहा के रूप में उनको पहचान मिली। आर्थिक विशेषज्ञ, श्रमिक नेता के साथ-साथ राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत बाबा साहेब का जीवन था।सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के प्रति जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले समाज उद्धारक बाबा साहेब थे। संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण सभी भारतीय उनको संविधान निमार्ता के रूप में स्मरण करते हैं।

इस बार डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस का प्रसंग उस समय आया है, जब हमारे देश में लोकसभा के लिए चुनाव का आयोजन हो रहा है। लगभग 97 करोड़ मतदाता अब आगामी पांच वर्ष के लिए 18वीं संसद का गठन अपने मतदान से करेंगे। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद लगभग 2 करोड़ युवा मतदाता भी अपने मत का उपयोग कर अपने लिए सरकार चुनने का कार्य करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 18 वर्षीय युवा 18वीं संसद को चुनने का कार्य करेंगे। इस समय समस्त राजनीतिक दल एनडीए एवं इंडी दो समूहों में विभाजित हो गए है। एनडीए का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम हाथों में है, जो 10 वर्ष की अपनी उपलब्धियों के आधार पर देशभर के मतदाताओं से भाजपा एवं गठबंधन को वोट देने का आह्वान कर रहे हैं। वहीं अनिर्णित नेतृत्व के साथ एवं भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध कर इंडी गठबंधन अपने लिए वोट मांग रहा है। नीर-क्षीर विवेक के आधार पर मतदाताओं ने अपने प्रतिनिधि एवं सरकार का चयन अपना शत-प्रतिशत मत देकर करना है। मतदान यह प्रत्येक मतदाता का राष्ट्रीय दायित्व है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र (न्याय पत्र) में वादा किया है कि 'कांग्रेस भोजन, पहनावे, प्यार एवं शादी जैसे व्यक्तिगत विषय पर हस्तक्षेप नहीं करेगी'। यदि इस वादें के माध्यम से कांग्रेस देश में पिछले दिनों कर्नाटक के स्कूलों में हुए हिजाब घटनाक्रम एवं लव जिहाद की मानसिकता को समर्थन कर रही है, तब यह देश के लिये आत्मघाती कदम होगा। स्कूली छात्रों में परस्पर प्रेम, भाईचारा, समानता एवं अनुशासन लाने के लिए एक समान वेश निश्चित किया जाता है। ऐसी मांग का समर्थन छात्रों में वैमनस्यता का विष घोलने का कामकरेगा। यह क्रम केवल हिजाब तक न रुककर आगे कहां तक जाएगा, यह कहना कठिन होगा। योजनाबद्ध तरीके से गैर मुस्लिम लड़कियों (हिन्दू, ईसाई) को प्रेम जाल में फंसाकर एवं बाद में नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर करना यह बहुसंख्यक समाज के साथ बहुत बड़ा षड्यंत्र है। इसी लव जिहाद की मानसिकता को केरल सहित देश के अनेक हिस्सों में सरकारी एजेंसियों ने भी उद्घाटित किया है । देश विभाजन का दंश झेल चुके समाज में यह पुनः विभाजन का भय पैदा करता है। यूरोप सहित दुनिया के अनेक देश ऐसे विषयों पर कठोर कानून बना रहे हैं। उत्तराखंड की भाजपा सरकार संविधान की भावना पूर्ति करते हुए समान नागरिक संहिता लायी है। संविधान सभा की बहस में श्री अल्लादिकृष्णा स्वामी एवं के.एम. मुंशी का समर्थन करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर ने भी समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा था कि 'समान नागरिक संहिता संविधान मसौदे का मुख्य लक्ष्य है।' सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक बार अपने निर्णयों में इसके समर्थन में निर्देशित किया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक वोट के कारण संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का विरोध कर रही है।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस का प्रसंग उस समय आया है, जब हमारे देश में लोकसभा के लिए चुनाव का आयोजन हो रहा है। लगभग 97 करोड़ मतदाता अब आगामी पांच वर्ष के लिए 18वीं संसद का गठन अपने मतदान से करेंगे। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद लगभग 2 करोड़ युवा मतदाता भी अपने मत का उपयोग कर अपने लिए सरकार चुनने का कार्य करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 18 वर्षीय युवा 18वीं संसद को चुनने का कार्य करेंगे। इस समय समस्त राजनीतिक दल एनडीए एवं इंडी दो समूहों में विभाजित हो गए हैं।**

कांग्रेस द्वारा अपने न्याय पत्र में कहा गया है कि देश में पिछले पांच वर्षों से भय का वातावरण है। लोगों को डराने-धमकाने के लिए कानूनों एवं एजेंसियों को हथियार बनाया जा रहा है। यह कहकर कांग्रेस सी.बी.आई., ई.डी. जैसे विभागों की भ्रष्टाचार के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई पर ऊंगली उठा रही है। वास्तव में देखा जाए तो देश में नक्सलवाद एवं सीमावर्ती आतंकवाद कम हुआ है। गुंडे, बदमाश, आतंकवादी एवं आतंकवाद का समर्थन करने वाले भयांकित है। पहले सार्वजनिक स्थानों पर लिखा रहता था कि 'अनजान वस्तुओं को मत छुओ बम हो सकता है',अब लिखा नहीं मिलता। सामान्य नागरिक निर्भय होकर अपना जीवन जी रहे हैं। भय का वातावरण यदि है तो भ्रष्टाचारियों में है जो देश की सम्पत्ति को अपनी संपत्ति मान बैठे थे। उनमे भय अच्छे प्रशासन का लक्षण है। परिवार के आधार पर चलने वाले दलों के नेताओं में अपने अस्तित्व के समाप्त होने का भय है।

संविधान सभा की बहस के समय सभा के सदस्य श्री महावीर त्यागी ने चिंता व्यक्त करते हुए परिवारवाद की ओर इंगित करते हुए कहा था कि भविष्य में एक विशिष्ट वर्ग 'वृत्तिभोगी राजनीतिज्ञों' का जन्म होगा, जो की अपने जीवन यापन के लिए राजनीति पर ही आश्रित रहेंगे। देश में उपजी परिवारवादी पार्टी उनकी उस समय की चिंता का प्रकटरूप हैं। एजेंसियां दोषियों पर कार्यवाही करें यह उनसे अपेक्षित ही है। न्यायालयों के निर्णयों ने भी एजेंसियों का समर्थन किया है। शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन के भवन निर्माण के लिए छपी रसीद बुकों के संग्रह के समय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बाबा साहेब ने कहा था कि 'पावती पुस्तकें न लौटाना एवं संपूर्ण संग्रह न जमा करना संगठन व जनता के साथ सरासर धोखा है। ऐसा धोखा कानूनन अपराध है'। बाबा साहेब के यह विचार भ्रष्टाचार के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रकट करते है। कांग्रेस भ्रष्टाचार का समर्थन कर देश के साथ बहुत बड़ा छल कर रही है। कांग्रेस द्वारा अपने न्याय पत्र में सामाजिक न्याय का संदेश देने वाले महापुरुषों को पाठ्यक्रमों में स्थान देने एवं बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के नाम से भवन एवं पुस्तकालय खोलने का वायदा किया है। जबकि कांग्रेस का व्यवहार सदैव बाबा साहेब के प्रति उपेक्षा का ही रहा है।

## काव्य कोना

### अकर्मण्य

**पता** नहीं
पायल कहां खनकी
किधर चली गोरी
लगा दी आवाज अनजाने में
न जाने क्या सोच कर
पल से पल को चुराते
पथ में आराम का नाम न था।

उहापोह में पड़ा
बैठ गया यूं ही पथ में
अकर्मण्य ने भी दे डाला उपदेश
कर गया बाते
महापंडित रावण से
मर्मज्ञ कृष्ण तक
अंदाज का क्या कहना उनके!
दिखलाया दीया दिन में
बादल भरे आसमां में
सोच कर रश्मिरथी अंधा हो गया।

**– नाग मणि**

## आपकी बात


### हरियाली और रास्ता

**पूरे** भारत में सड़को जाल बिछाया जा रहा है। इससे हमारा शहर भी अछूता नहीं है। वहीं, समाचार आते ही कि कई जंगल अब लुप्त होने के कगार पर हैं। वैसे अभी छत्तीसगढ़ के हंसदेव का मामला अखबार की सुर्खियों में है। बताया जाता है कि इस जंगल के लगभग दो लाख पेड़ काटे जा रहे हैं। वहीं, कई जगहों पर पेड़ों को काटा जा रहा है रास्ता बनाने क लिए। कई जगह तो पेड़ लगाने का रिवाज खत्म हो गया है। सत्तर-अस्सी के दशक तक मेदिनीनगर शहर के थाना रोड मे कई सागवान के पेड़ थे। वहीं, रांची जाने के क्रम में पूरे मार्ग में अगल-बगल सिर्फ पेड़ ही पेड़ दिखाई देते थे। वहीं कुड़ु पहुंचने पर बसों में काफी संख्या में अमरूद बेचा करते थे। अब तो वहां कॉलानियो बन गई हैं। यही हॉल हुआ इलाहाबाद यानि प्रयाग राज का, वहां का प्रसिद्ध इलाहाबादी अमरूद भी खत्म हो गए हैं। एक बार दिल्ली की यात्रा करने समय ट्रेन में एक सहयात्री ने बताया कि अमरूद की बगानों में अब बिल्डिंग बन चुकी हैं। नाम का ही रह गया इलाहाबादी अमरूद का। हमारे शहर में डीसी कम्पाउंड में एक हिस्सा वाटिका के नाम से सुरक्षित रखा गया है। इसके लिए प्रशासन धन्यवाद के पात्र हैं। अभी भी डीसी कम्पाउंड काफी हरियाली है। एक दौर था जब उसे कम्पाउंड में कई तरह के पक्षियों का निवास था। अब तो उस कम्पांउड में कुछ बंदरों ने अपना डेरा बना लिया है। रास्तों को चौड़ा करने के लिए पेड़ो को काटा जा रहा है। हमें अब यह सोचना है कि हरियाली आवश्यक है या फिर रास्ता। वैसे हमारे नजदीक ही बेतला नेशनल पार्क है। उसके जाने के रास्तों में घने जंगल दिखाई देते थे। लेकिन अब उस रास्ते पर भी ढाबा और होटल खुल गए हैं। अब इसे हम प्रगति का प्रतीक मानें या जंगलों की क्षति? ।घने जंगलों का रहना हमारे लिए कितना जरूरी है यह शायद बहुत लोगों को नहीं पता। कई जगह जंगलो को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है। देखा जाये तो हंसदेव जंगल का मामला टीवी न्यूज चैनलों पर दिखाई भी नहीं देता है। अब हमारी मानसिकता ऐसी हो गई है कि कैसे भी हो अपनी जेब भरनी चाहिए, इस मानसिकता ने जंगलों और जंगली पशुओं को काफी क्षति पहुंचायी है। हॉल में पीटीआर में बाघों के आने की खबर आ रही है। वैसे भी महाभारत में विदुर ने कहा है कि पांडवों के नष्ट होने से यह कुल नष्ट हो जायेगा, जैसे बाघों को नष्ट करने से जंगल नष्ट हो जाता है।

**- चिन्मय प्रकाश**

लोस चुनाव

# लोकसभा में क्यों घट रही स्वतंत्र उम्मीदवारों की तादाद



आर.के. सिन्हा

**बुजुर्ग** हिन्दुस्तानियों को याद होगा ही कि एक दौर में वी.के. कृष्ण मेनन, आचार्य कृपलानी, एस.एम. बनर्जी, मीनू मसानी, लक्ष्मीमल सिंघवी, इंद्रजीत सिंह नामधारी, करणी सिंह, जी.जी. स्वैल जैसे बहुत सारे नेता आजाद उम्मीदवार होते हुए भी लोकसभा का कठिन चुनाव जीत जाते थे। पर अब इन आजाद उम्मीदवारों का आंकड़ा लगातार सिकुड़ता ही चला जा रहा है। अगर 1952 के पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हमें इन विजयी आजाद उम्मीदवारों की संख्या 36 मिलेगी। तब इनका समूह कांग्रेस के बाद दूसरा सबसे बड़ा था। यानी किसी भी गैर-कांग्रेसी दल से बड़ा था। निवर्तमान लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या सिर्फ तीन रह गई थी। अभी तक मात्र 202 निर्दलीय उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे हैं। बेशक, लोकसभा का चुनाव अपने बलबूते पर लड़ना कोई बच्चों का खेल नहीं होता। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बहुत सारे संसाधनों की दरकार रहती है। इसके बावजूद अगर कोई निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है, तो इतना तो माना ही जा सकता है कि उसका आम जनता में गहरा प्रभाव है। पहले लोकसभा चुनावों के बाद 1967 के लोकसभा चुनावों में 34 आजाद उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे थे। देश में इमरजेंसी लगने के बाद 1977 में चुनाव हुआ। तब सिर्फ सात आजाद उम्मीदवार सफल रहे। यह संख्या 1980 में मात्र चार रह गई। 1984 और 1989 के लोकसभा चुनावों में क्रमशः 9 और 8 आजाद उम्मीदवार ही निर्दलीय रूप से लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। कह सकते हैं कि हरेक लोकसभा चुनावों में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले कुछ न कुछ विजयी रहे हैं। बेशक, ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जुझारू प्रतिबद्धता के साथ कुछ काम तो करते होंगे। वर्ना ये सब लोकसभा में कभी नहीं पहुंच पाते। खासतौर पर तब जबकि चुनावों में धन का इस्तेमाल तो बढ़ता ही जा रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा का चुनाव जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवार अपने आप में बहुत बुलंद शख्सियत के मालिक होते हैं। इनमें से कुछ मनीषी भी रहे हैं। कृपलानी जी 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

**आजाद उम्मीदवारों का आंकड़ा लगातार सिकुड़ता ही चला जा रहा है। अगर 1952 के पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हमें इन विजयी आजाद उम्मीदवारों की संख्या 36 मिलेगी। तब इनका समूह कांग्रेस के बाद दूसरा सबसे बड़ा था।**



## बोधि वृक्ष

# मैहर मंदिर के रहस्य कर देंगे हैरान



**किंवदंती:** मंदिर को लेकर तरह-तरह की किंवदंतियां लोगों में प्रचलित हैं। मान्यता है कि शाम की आरती के बाद जब पुजारी मंदिर के द्वार बंद कर लौट जाते हैं तो मंदिर के अंदर से घंटी और पूजा करने की आवाज आती है। लोगों का मानना है कि यह पूजा सैकड़ों वर्षों पहले रहे इलाके की एक रियासत के योद्धा आल्हा करते हैं। अक्सर सुबह की आरती भी वे ही करते हैं। ये हैं भगवान कार्तिकेय के प्रमुख मंदिर, खूबसूरती के लिए दुनिया में मशहूर मंदिर के एक पुजारी का कहना है कि मंदिर में मां का पहला श्रृंगार आल्हा करते हैं। जब ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के द्वार खोले जाते हैं तो यहां पूजा हुई मिलती है। उनका कहना है इस रहस्य का पता लगाने वैज्ञानिकों की टीम भी पहुंची थी, लेकिन वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी।

**आल्हा के बारे में जानें:** दरअसल, बुंदेलखंड के महोबा में एक परमार रियासत थी, आल्हा और ऊदल नाम के दो भाई इनके सामंत थे। ये दोनों वीर और प्रतापी योद्धा थे। कालिंजर के परमार राजा के राज्य में एक कवि थे जगनिक, इन्होंने आल्हा खंड नाम का काव्य लिखा था। इसमें दोनों भाइयों की वीरता की 52 कहानियां लिखी गईं हैं। इसके अनुसार इन्होंने आखिरी लड़ाई पृथ्वीराज चौहान के खिलाफ लड़ी थी। **क्रमशः**

## फेसबुक वॉल से

AajTak @aajtak

लोकलुभावन घोषणाएं नहीं, बुनियादी जरूरतों पर केंद्रित है BJP का संकल्प पत्र, जानिए 10 बड़ी बातें

1- अगले 5 साल के लिए मुफ्त राशन
2- ज़ीरो बिजली का बिल
3- तीन करोड़ लखपति दीदियां
4- कामकाज़ी महिलाओं के लिए सुविधाएं
5- 70 साल से ऊपर के वर्ग के लोगों को आयुष्मान योजना
6- बुलेट ट्रेन का विस्तार
7- 3 करोड़ घर बनाने का संकल्प
8- वन नेशन, वन इलेक्शन का कार्यान्वयन
9-मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे
10- समान नागरिक संहिता लागू करेंगे

विस्तार से पढ़ें 👉 intdy.in/ec81g8

#SankalpPatra2024 #BJP #PMModi #LokSabhaElection2024

Translate post



Post your reply

## X- से

Hira Singh
9 h

चले हैं साथ मिलकर चलेंगे साथ मिलकर



Neer Aj Neer and 54 others · 57 comments
Like · Comment · Send

Manoj Kumar Sinha
हीरा मोती जैसे चमकते रहो, दमकते रहो। जन्मदिन की शुभकामनाएं

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# देश क्या चाहे?



गिरीश्वर मिश्र

**अंग्रेजी** उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहां की राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएं भी आईं फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आई। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ। कुल मिला कर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था पर 'पूर्ण स्वराज' की सोच एक आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था। स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न हो कर समर्थ होने और आत्म-निर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इसलिए जब अमृत-काल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सबने हामी भरी। इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है। इस दृष्टि से लोक सभा का ताजा चुनाव एक खास अवसर है।

चुनाव के लिए प्रचार का काम जोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए किस्म-किस्म की तरकीबें आजमाई जा रही हैं ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके। जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिल कर अपने पार्टी के पक्ष में जमीनी स्तर पर प्रचार करने की कवायद रफ़्तार पकड़ने लगी है। मीडिया खास तौर पर टी वी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंतःकरण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबांट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियां दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं। शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी होन हालांकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं। साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और गलतियों की फेहरिस्त भी घटा-बढ़ा कर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और गैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है।


## टेक वर्ल्ड

# अपनी पूंजी को सिक्योर रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

- आरबीआई ने कहा कि अगर आपके साथ फ्रॉड हुआ है, तो आपको 3 दिनों के भीतर बैंक को लिखित रुप में सूचित करना होगा। अगर आप 4 से 7 दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट करते हैं, तब भी आपके पास अपना पैसा वापस पाने का मौका होगा।

**किस तरह से करें जानकारी शेयर?**

- अगर आप इसकी जानकारी शेयर करना चाहते है तो इन बातों का रखें ध्यान। दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ किसलय चौधरी ने आगाह किया है कि RBI की गाइडलाइन के बावजूद बैंक रिफंड टाल सकते हैं। ऐसे में सारी प्रक्रिया को समझने और जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।
- अगर आपके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है या आपने इसका सामना कर रहे हैं, तो उसी दिन अपने नजदीक पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।
- फ्रॉड वाले दिन या अगले दिन पुलिस रसीद पाने के लिए अपने बैंक में जाएं। बैंक में फ्रॉड का आवेदन कर सकते हैं और इसे पुलिस रसीद के साथ जमा करें।



- इसके बाद आप अपने दोनों डॉक्यूमेंट की सॉफ्ट कॉपी आरबीआई की ईमेल आईडी crpc@rbi.org.in पर भेजे, जबकि सीसी में आपके बैंक की ईमेल आईडी भी शामिल करनी है। आपको 3 दिन के अंदर ये प्रकिया पूरी करनी होगी।

**क्यों वापस नहीं मिलेंगे पैसे?**

- दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ ने बतायाा है कि अगर फ्रॉड की सूचना बैंक, पुलिस या दोनों को 7 दिनों के बाद दी गई तो आपके पैसे वापस नहीं होंगे।

**(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## राहुल गांधी ने रकाब गंज साहिब पहुंच मत्था टेककर लिया आशीर्वाद



**एजेंसी। नई दिल्ली**
बैसाखी के अवसर पर शनिवार रात को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब जाकर मत्था टेका और कई लोगों से बात की। इसके बाद गुरुद्वारे से निकलते समय उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की। दसवें सिख गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ (सिख संप्रदाय) के स्थापना दिवस के प्रतीक बैसाखी को मनाने के लिए शनिवार को दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के गुरुद्वारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## वाईएसआर कांग्रेस ने जगन पर हमले के लिए टीडीपी को जिम्मेदार ठहराया

**एजेंसी। विजयवाड़ा**
आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने शनिवार को विजयवाड़ा में मेमंथा सिद्धम रैली के दौरान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर हुए हमले के लिए तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को जिम्मेदार ठहराया। वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जब लोगों का अभिवादन करने के लिए एक विशेष अभियान बस के ऊपर खड़े थे तो एक पत्थर लगने से उनकी बाईं भौंह पर चोट लग गई। पार्टी ने दावा किया कि हमले के पीछे टीडीपी का हाथ है, क्योंकि वह



अपने तथाकथित गढ़ में सीएम जगन को मिल रही जोरदार प्रतिक्रिया को सहन करने में असमर्थ थी। वाईएसआर कांग्रेस संसदीय दल के नेता वी. विजयसाईं रेड्डी ने जगन मोहन रेड्डी पर हमले की निंदा की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि टीडीपी अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू ने कभी भी विकास की राजनीति में विश्वास नहीं किया।

## भाजपा के संकल्प पत्र में तमिल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का वादा



**एजेंसी। चेन्नई**
डॉ. बीआर अंबेडकर की 134वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। इसमें वैश्विक स्तर पर तमिल भाषा को बढ़ावा देने का वादा किया गया है। इस चुनावी घोषणा पत्र में तमिल भाषा और संस्कृति के वैश्विक उत्थान के लिए दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने का वादा किया गया है। प्रधानमंत्री ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाए जाएंगे और भाजपा दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। तिरुवल्लुवर या वल्लुवर एक तमिल कवि थे। उन्हें तमिलनाडु के सांस्कृतिक प्रतीक पुरुष के रूप में माना जाता है।




झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को पुडुचेरी में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महाराष्ट्र में 5 हजार 617 तृतीयपंथी मतदाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इस वर्ष 5617 तृतीयपंथी मतदाता लोकसभा के लिए मतदान करेंगे। यह जानकारी राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने दी है। जानकारी के अनुसार, सबसे ज्यादा तृतीयपंथी मतदाता ठाणे जिले में 1279 पंजीकृत किए गए हैं। मुंबई उपनगर जिले में 812 और पुणे में 726 तृतीय पंथी मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। इसी तरह गोंदिया में 10, गढ़चिरौली में 9, हिंगोली में 7, भंडारा में 5 और सिंधुदुर्ग में 01 तृतीय पक्ष मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। तीसरे पक्ष के कार्यकर्ता गौरी सावंत, प्रणीत हेट और जैनब पटेल चुनाव स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 2004, 2009 के लोकसभा चुनाव के दौरान तृतीयपंथी मतदाताओं की अलग से एंट्री नहीं होती थी। 2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तीसरे पक्ष के मतदाताओं को पहली बार वोट देने का अधिकार मिला। 2014 के चुनावों के दौरान पहली बार पुरुष मतदाता, महिला मतदाता और तृतीयपंथी मतदाता के रूप में एक तीसरी श्रेणी बनाई गई थी। अब 2019 की तुलना में, तीसरे पक्ष के मतदाताओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है और ठाणे में तृतीयपंथी मतदाताओं की संख्या अधिक दर्ज की गई है।

# विकसित भारत की नींव है भाजपा का संकल्प पत्र, जन-जन तक पहुचाएंगे कार्यकर्ता : योगी

**एजेंसी। देहरादून**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओर से जारी भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला, आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाने वाला, युवा, महिला, किसान और गरीब का आधार बताया। 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत और ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित हो, ऐसे भारत के निर्माण के लिए भाजपा ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है। पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में श्रीनगर स्थित एनआईटी के मैदान रविवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प पत्र को पढ़े और जन-जन के बीच रखें। भाजपा ने मोदी की गारंटी को आधार बनाया है। मोदी ने 2014 में आने के साथ ही कहा था कि हमारी योजनाएं किसी व्यक्ति, जाति, मत और मजहब के लिए नहीं होगा। योजनाओं का आधार होगा। सबका साथ सबका विकास होगा। आज का संकल्प पत्र भी नेशन फर्स्ट बनाम फैमिली फर्स्ट के बीच में है।



### राक्षसी प्रवृत्तियों को नहीं, दैवीय और सात्विक शक्तियों को जाएगा देवताओं का आशीर्वाद

पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर में आयोजित सभा में योगी ने कहा कि मैं देवभूमि आता हूं तो आत्म साक्षात्कार जैसे होता है। एक आध्यात्मिक अनुभूति होता है। यहां के कण-कण में शंकर का वास है, इसलिए तो इसे देवभूमि कहा जाता है। यहां से निकली पवित्र नदियां जब अपनी जलधारा को उत्तराखंड से नीचे उत्तर प्रदेश पहुंचाती हैं तो उत्तर प्रदेश भी समृद्धि की एक नई ऊंचाई तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि ये देवभूमि है और देवी-देवताओं का आशीर्वाद तो दैवीय और सात्विक शक्तियों को जाएगा, राक्षसी प्रवृत्तियों को नहीं जा सकता है।

### आप मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए फिर देखिए नक्सलवाद का कर देंगे सफाया

कांग्रेस शासनकाल में देश के अंदर आंतरिक सुरक्षा की स्थिति क्या थी ? लगभग 150 जनपद देश के ऐसे थे, जो भीषण नक्सलवाद की चपेट में थे। आज बमुश्किल तीन-चार जनपदों में है। आप मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए फिर देखिए नक्सलवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। कश्मीर में आतंकवाद की समस्या का समाधान हो गया है। अनुच्छेद-370 समाप्त हो गया है। लोग लोकतंत्र की मुख्यधारा से जुड़कर मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर के अंदर ये परिवर्तन है।

### कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं, 10 वर्षों में बदला भारत, वैश्विक मंच पर बढ़ा सम्मान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे 1998 से गोरखपुर से पांच बार सांसद रहने का अवसर प्राप्त हुआ। कांग्रेस के उस काल को भी मैंने देखा था। कोई नेशनल एजेंडा नहीं था, न युवा था, न महिलाएं थीं, न गरीब था, न किसान था। उनका एजेंडा स्वार्थ पर आधारित था। देश को फिर से विघटन की ओर ले जाने वाला था, लेकिन पिछले 10 वर्षों के हमने अंदर बदलते भारत को देखा है। वैश्विक मंच पर सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उत्तराखंड ने तो पहला और द्वितीय सीडीएस भी देश को दिया है। गढ़वाल सीडीएस जनरल स्व. विपिन रावत की जन्मभूमि है।

### मोदी का प्रतिनिधि बनकर घर-घर जाइए और बोलिए कमल के निशान पर जाना है

जनसभा में योगी ने लोगों से कहा कि अब केवल चार दिन बचे हैं। इन चार दिनों में आप मोदी का प्रतिनिधि अनिल बलूनी स्वयं बनकर घर-घर जाकर बोलिए कि चुनाव कमल के निशान पर जाना है। चाहे जैसे भी मौसम रहे, उसकी परवाह किए बगैर मतदान करने जाना ही जाना है।

## अभिषेक बनर्जी का दावा, हेलीकॉप्टर पर पड़ा आयकर विभाग का छापा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर आयकर विभाग का छापा पड़ा है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बताया कि वह हेलीकॉप्टर से हल्दिया जाने वाले हैं। इससे एक दिन पहले आज आयकर विभाग के अधिकारियों ने बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर पर छापेमारी की थी। उन्होंने लिखा, आज मेरे हेलिकॉप्टर और सुरक्षा कर्मियों की जांच हुई और छापेमारी की गई। लेकिन, कुछ भी नहीं मिला। जमींदार अपनी पूरी ताकत लगा सकते हैं, लेकिन बंगाल प्रतिरोध करता रहेगा, डिगेगा नहीं। वहीं, तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने अभिषेक बनर्जी के ट्वीट पर



लिखा, "क्या हताश लोगों को हेलीकॉप्टर पर कुछ फल और फिश सैंडविच मिले?" पार्टी के एक और नेता साकेत गोखले ने इस पर लिखा कि अपनी हताशा में पीएम मोदी और अमित शाह अब चुनाव से ठीक 5 दिन पहले एक उम्मीदवार को स्वतंत्र रूप से प्रचार करने से रोकने के लिए आयकर विभाग का बेशर्मी से इस्तेमाल कर रहे हैं। चुनाव आयोग हमेशा की तरह उस व्यक्ति की सेवा कर रहा है जिसने उन्हें व्यक्तिगत रूप से चुना और नियुक्त किया, और आंखें मूंद लीं।

## गोवा में पूरी तरह खत्म हो जाएगी कांग्रेस, यह उनका आखिरी चुनाव

**पणजी।** गोवा के बिजली मंत्री सुदीन धवलीकर ने रविवार को कहा कि गोवा में कांग्रेस खत्म हो जाएगी और 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए आखिरी हो सकता है। महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के वरिष्ठ नेता धवलीकर ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस ने हमारे नेताओं को आयात करके हमें खत्म करने की कोशिश की, लेकिन आज उन्हें उसी परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उनके नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

## नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो छत्तीसगढ़ होगा नक्सलमुक्त : शाह

**एजेंसी। खैरागढ**
रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ में एक जनसभा में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और नीतियों का बखान किया। वे यहां भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडेय के समर्थन में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कांग्रेस पर कई तीखे प्रहार किए। उन्होंने राज्य की जनता को नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त राज्य बनाने का भरोसा



दिया।

केंद्रीय मंत्री शाह ने सभा में अपना भाषण की शुरूआत मां बम्बलेश्वरी को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि आज आंबेडकर जयंती है, आज संविधान निमार्ता को पूरा देश याद कर रहा है। शाह ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया था, ठीक उसी तरह इस चुनाव में भूपेश बघेल को भारी मतों से हराकर घर भेज दीजिए। शाह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते है कि मोदी संविधान बदल देंगे। इनके चले-चपेटे कहते हैं कि मोदी फिर आए तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। मैं बताना चाहूंगा कि यह लोग झूठ का व्यापार करते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए भाजपा ना आरक्षण खत्म करेगी और ना करने देगी।

## खरगे से मिले आप नेता संजय सिंह, 'इंडिया' ब्लॉक के लिए आम घोषणापत्र पर चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ 20 मिनट से अधिक बैठक की। चर्चा मुख्य रूप से 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने पर केंद्रित थी, जिसे सत्ता में आने पर दोनों पार्टियां लागू करने पर सहमत हैं। दिल्ली में खड़गे के आवास पर बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने बताया, हमने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि



कैसे 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर सभी दल एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हमने विपक्ष के खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में चिंताओं को संबोधित किया और संविधान की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। बैठक में एक साझा घोषणापत्र के विकास पर भी चर्चा हुई, जिसमें सिंह ने जल्द ही निर्णय लेने की उम्मीद जताई।

भाजपा के रविवार को जारी घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए सिंह ने कहा, आपके पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है। आपने 10 साल में क्या हासिल किया? घोषणापत्र सिर्फ वादों के बारे में नहीं होना चाहिए... लोग घोषणापत्र पर कितना भरोसा कर सकते हैं? क्या लोगों को 20 करोड़ नौकरियां मिलीं? क्या किसानों को एमएसपी मिला? क्या मुद्रास्फीति में गिरावट आई?

## भाजपा का संकल्प पत्र, संकल्पों के पूरा होने की गारंटी : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को भाजपा द्वारा जारी संकल्पपत्र को ऐतिहासिक और भविष्य के भारत की नींव रखने वाला बताते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र, संकल्पों के पूरा होने की गारंटी है। अनुराग ठाकुर ने कहा, जैसा कि सर्वविदित है रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई ठीक इसी प्रकार हमारा संकल्प पत्र है। इसके एक-एक संकल्प के पूरे होने की 100 प्रतिशत गारंटी है।

### प्रमुख राजनीतिक दलों के मुखिया खुद चुनाव मैदान में नहीं

# बिहार में अपने 'योद्धाओं' को विजयी बनाने में जुटे हैं दलों के 'दिग्गज'

**एजेंसी। पटना**
लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब कुछ ही समय शेष है, ऐसे में जहां सभी योद्धा (उम्मीदवार) चुनावी मैदान में एक-दूसरे को पछाड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं, वहीं अपने-अपने योद्धाओं को इस चुनावी महाभारत में विजयी बनाने के लिए दिग्गज जुटे हुए हैं। बिहार में इस चुनाव में प्रमुख दलों के मुखिया खुद तो चुनाव मैदान में नहीं उतरे हैं, लेकिन वे अपने प्रत्याशियों को विजयी बनाने में लगे हुए हैं। विपक्षी दलों के



महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद अभी तक चुनावी प्रचार में नहीं निकले हैं, लेकिन उनके पुत्र तेजस्वी यादव अपने दल में सारथी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। तेजस्वी यादव कहीं से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं,



लेकिन प्रतिदिन तीन से चार चुनावी जनसभा कर अपने योद्धाओं की जीत सुनिश्चित कराने में लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राबडी देवी भी इस चुनाव में अब तक प्रचार करने नहीं निकली हैं। ऐसा ही कुछ हाल कांग्रेस में भी है। कांग्रेस के प्रदेश



अध्यक्ष अखिलेश सिंह हाल ही में राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए हैं, ऐसे में उनके भी चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है। लेकिन, कांग्रेस की रणनीति को सरजमीं पर उतारने की जिम्मेवारी उन्हीं पर है।

## आज का राशिफल

**मेष:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। अपने

**वृषभ:** संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पत्ति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन:** अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

**कर्क:** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह:** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या:** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

**तुला:** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु:** बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

**मकर:** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**कुम्भ:** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन:** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

## न्यूज बॉक्स

### जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे : राजनाथ सिंह

**पटना।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बिहार के जमुई और बांका में जनसभा को संबोधित किया। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे? उन्होंने कहा कि राजद



का अहंकार इस हद तक बढ़ गया है कि कहते हैं हमारी सरकार बनेगी तो पीएम मोदी को जेल में डाल देंगे। किसने मां का दूध पिया है जो मोदी जी को जेल में डालेगा। जमुई लोकसभा क्षेत्र के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में आयोजित जनसभा में राजग से चिराग रामविलास की पार्टी के उम्मीदवार अरुण भारती के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि चिराग पासवान एनडीए की पिच के रन हिटर हैं। जितने रन बनाने की जरूरत होगी, उतनी रन बनाने की क्षमता चिराग पासवान रखते हैं। आज मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि रामविलास पासवान जी का जो सपना था, उसे वे निश्चित रूप से साकार करेंगे। जमुई में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजनाथ सिंह बांका के लिए रवाना हो गये। बांका के शंभुगंज स्थित हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2.30 बजे उन्होंने दूसरी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। दूसरे चरण में निर्धारित बांका लोकसभा सीट से एनडीए ने जदयू के गिरधारी यादव को उम्मीदवार बनाया है। तेजस्वी यादव के हेलीकॉप्टर में मछली खाने पर कहा कि आपको कुछ भी खाना हो, खाओ लेकिन दिखाने की क्या जरूरत है ? मैं लालू यादव से कहूंगा कि ऐसे लोगों को संभालिए। रक्षा मंत्री बांका में जनसभा को संबोधित करने के बाद देवघर होते हुए वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### चुनावी सभाओं में जमकर झूठ बोल रहे मादी, नहीं करते महंगाई और आम आदमी की बात : प्रियंका गांधी

**जयपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को पश्चिमी राजस्थान के जालोर की धरती पर केंद्र की मोदी सरकार व भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन दिनों चुनावी सभाओं में जमकर झूठ बोल रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि मोदी जी देश की जनता से दूर हो चुके हैं। वो कभी भी महंगाई और आम आदमी की समस्याओं पर बात नहीं करते हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को



पार्टी उम्मीदवार वैभव गहलोत के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने राज्य की भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने पर लगी है। इस सरकार को जनता के हित से कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदीजी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं, कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। प्रियंका ने कहा कि वे असल में देश की जनता से कट चुके हैं। महंगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल आपको कुछ देने का प्रचार किया जा रहा है लेकिन आपको कुछ मिल नहीं रहा है। कांग्रेस की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला लेकिन भाजपा की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी में धकेला है। भाजपा की सरकार फिर से आई तो कुछ बदलेगा नहीं। ये देश किसी जी-20 से या बड़े-बड़े इवेंट्स से आगे नहीं बढ़ सकता। प्रियंका ने कहा कि अब साफ-साफ दिख रहा है कि मोदीजी गरीब के संघर्ष को पहचानने का तैयार नहीं हैं। भ्रष्टाचार के बहाने दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। उन्होंने कहा कि 10 सालों से किसानों, महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। न रोजगार मिल रहा है न किसानों को कुछ मिल रहा है। जिस तरह उद्योगपतियों के लोन माफ हो रहे हैं, देश की संपतियां इनको दी जा रही है, हम चाहते हैं कि ये सभी आपको वापस मिले। आपको सिर्फ झूठ बताया जा रहा है, सच्चाई आपको नहीं बताई जाती। देश में जो 30 लाख पद खाली हैं, उनको हम भरेंगे।

### नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत का झंडा पूरी दुनिया में हुआ ऊंचाः धामी



**पीलीभीत ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत ने दुनिया में अपना स्थान बनाया है। भारत का झंडा पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रबुद्धजनों के सम्मेलन में कहा कि आज आवश्यक हो गया है कि हम सबको एकजुट होकर क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को जिताना है। आपका पड़ोसी होने के नाते मैं आप सबसे मिलने आया हूं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से यदि देश और जनता के लिए इतनी लगन से सर्वाधिक कार्य किया है तो वह नरेन्द्र मोदी हैं। यही बात जन-जन तक पहुंचानी है। पूरी दुनिया का डिजिटल ट्रांजेक्शन का 50 फीसदी अकेले भारत में होता है। यह सब इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि हमारे पास सशक्त एवं दृढ़ निश्चय वाला व्यक्ति नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने जब यूपीआई को बढ़ावा देकर डिजिटल ट्रांजक्शन की बात की तो विपक्षी मजाक बना रहे थे। कहते थे कि यहां कम पढ़े-लिखे लोग हैं। वे कैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन करेंगे। तब मोदी ने कहा था कि ऐसा बोलने वालों को देश की जनता खुद जवाब देगी। वही हुआ। आज हर ठेले पर भी यूपीआई से ट्रांजेक्शन हो रहा है।
धामी ने मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, जनधन योजना समेत तमाम योजनाओं का जिक्र कर इसे जनता के जीवन में बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जो कभी नहीं सोचा था, पीएम मोदी ने वह भी करके दिखाया। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया। तीन तलाक समाप्त हुआ। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। सीएए लागू किया।





# कोलकाता ने लखनऊ को 8 विकेट से हराया

## साल्ट की रही अर्धशतकीय पारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फिलिप साल्ट की 47 गेंदों पर 14 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 89 रन की पारी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) की टीम रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद 7 विकेट पर 161 रन बनाए। इसके जवाब में केकेआर की ओपनिंग जोड़ी ने सधी शुरूआत की और विकेट्स को बचाते हुए साल्ट और श्रेयस अय्यर (38 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 38 रन) की बदौलत मैच को अपने नाम कर लिया। टीम ने मात्र दो विकेट गंवाए जिसमें सुनील नारायण (6) और अंगकृष रघुवंशी (7) के विकेट शामिल थे।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर क्विंटन डिकॉक ने मिचेल स्टार्क के खिलाफ शुरूआती दो गेंदों में लगातार दो चौके लगाए जबकि कप्तान राहुल ने अरोड़ा की गेंद पर छक्का जड़ा। अरोड़ा ने हालांकि डिकॉक की आठ गेंद में 10 रन की पारी को खत्म कर दिया। क्रीज पर आए दीपक हुड्डा (आठ) प्रभावित करने में विफल रहे। स्टार्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर रमनदीप सिंह ने उनका कमाल का कैच लपका। बडोनी ने छठे ओवर में हर्षित राणा के खिलाफ दो चौके लगा कर पिछले मैच से मिली लय को जारी रखा जिससे पावरप्ले में एलएसजी का स्कोर दो विकेट पर 49 रन हो गया।

केकेआर के गेंदबाजों ने इसके बाद कसी हुई गेंदबाजी कर राहुल और बडोनी को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। राहुल ने 11वें ओवर में रसेल का स्वागत छक्के से किया लेकिन अगली गेंद को रमनदीप के हाथों में खेल गये। स्टोइनिस (10) ने क्रीज पर आते ही रसेल के खिलाफ दो चौके लगाये। बडोनी ने अगले ओवर में वरुण चक्रवर्ती की गेंद को दर्शकों के पास भेजा पर इस गेंदबाज की फिरकी में फंस कर स्टोइनिस विकेटकीपर फिल साल्ट के दस्तानों में गेंद दे बैठे।

पूरन ने चक्रवर्ती की फुलटॉस गेंद पर बड़ा छक्का लगाकर 14 ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा करवाया। अगले ओवर में नारायण के खिलाफ बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में बडोनी अंगकृष रघुवंशी को कैच दे बैठे। पूरन ने 17वें ओवर में हर्षित के खिलाफ छक्का जड़ने के बाद अरोड़ा की दो गेंदों को दर्शकों तक पहुंचाया। आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए आये स्टार्क ने पूरन की आक्रामक पारी को खत्म करने के बाद अरशद खान (पांच) को बोल्ड किया। कृणाल पंड्या सात रन पर नाबाद रहे।

## आरसीबी को हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत है : एसआरएच कोच

**बेंगलुरू।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की आईपीएल में खराब शुरूआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि सोमवार को मेजबान को हराने के लिए उनकी टीम को ह्यअसाधारण' प्रयास की जरूरत होगी। आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में छह मैचों में से सिर्फ एक जीतकर दो अंकों के साथ आईपीएल तालिका में 10वें स्थान पर है। विटोरी ने रविवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम आरसीबी के स्तर को कम आंकती है।

# इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया




**एजेंसी।**

कैंसास सिटी करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया।

इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

# सर्वेश कुशारे ने कैलिफोर्निया में जीता हाई जंप का खिताब



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के रजत पदक विजेता सर्वेश कुशारे ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में आयोजित ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों के हाई जंप का खिताब जीता। कुशारे, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.27 मीटर है, ने शनिवार को ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल करने के लिए 2.19 मीटर के बार को पार कर लिया। टोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक जीतने वाले निशाद कुमार ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और कॉम कॉटन, स्काई सिसकारेली और ओवेन पेनिंगटन के साथ छठे स्थान पर रहे, सभी ने 1.98 मीटर की छलांग लगाई। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर को प्रतिस्पर्धा करनी थी लेकिन अंततः उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया। पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में, परवेज खान 3:38.76 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 12वें स्थान पर रहे, और खुद को इस स्पर्धा के इतिहास में चौथे सबसे तेज भारतीय के रूप में स्थापित किया। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ, 2022 में 3:40.89 था।

# दूसरी जीत की तलाश में हैदराबाद से भिड़ेगा बेंगलुरु

**बेंगलुरु ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 30वें मैच में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर अपनी दूसरी जीत हासिल करने के लिए मैदान में उतरेगा। सितारों से सजी बेंगलुरु की टीम को इस सत्र की अपनी दूसरी जीत के लिए विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक के बल्लेबाजी में कमाल के साथ उसके गेंदबाजों को भी अपनी धारा दिखानी होगी। दोनों टीमों के बीच कुल 23 खेले गए मुकाबलों में से 10 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीते है वहीं हैदराबाद सनराइजर्स ने 12 मैचों में जीत मिली है। एक मैच टाई रहा। इस हिसाब से हैदराबाद का पलड़ा भारी लगा रहा है और उसके बल्लेबाज भी आईपीएल के इस सत्र में फार्म में है। आंकड़े बताते हुए पिछले मैच में कप्तान फाफ डुप्लेसी (61), रजत पाटीदार (50) दिनेश कार्तिक (53) रनों की पारी के दम पर बेंगलुरु ने 196 रनों बड़ा स्कोर तो खड़ा किया लेकिन उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव नहीं कर पाए और मुम्बई इंडियंस से मुकाबला सात विकेट से हार गए। इससे पहले छह अप्रैल को भी विराट कोहली की शतकीय और फाफ डुप्लेसी की शानदार पारियों के दम खड़े किये गए 183 रनों स्कोर का उसके गेंदबाज बचाव नहीं कर सके और टीम राजस्थान से छह विकेट से यह मुकाबला ही हार गई।

# कंधे की चोट के कारण 10 दिनों तक एक्शन से बाहर धवन



**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 7 या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं। पीबीकेएस के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने इसकी पुष्टि की है। अगर धवन एक हफ्ते के लिए बेंच पर बैठते हैं तो वह आईपीएल 2024 के दो पीबीकेएस घरेलू मैच, मुंबई इंडियंस के खिलाफ (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटंस (21 अप्रैल) से चूक सकते हैं। संजय बांगर ने कहा, कंधे में चोट के कारण धवन टीम से बाहर हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उसके कुछ दिनों के लिए खेल से बाहर रहने की संभावना है। एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज, शिखर जैसा कोई, जिसके पास खेलने का अनुभव है ऐसे विकेट पर टीम के लिए बेहद अहम हो जाता है।" धवन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ पीबीकेएस के शनिवार रात के मैच में भी नहीं खेल पाए। सैम करन ने उनकी जगह टीम की कप्तानी संभाली। बांगड़ ने किंग्स की तीन विकेट से हार के बाद कहा, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वह उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि वह कम से कम सात से 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकता है। धवन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब की टीम की कमान सैम करन के पास थी।

# अक्षय राउंड 3 के अंत में फिसले शेफलर ऑगस्टा में एकल बढ़त पर



**एजेंसी। ऑगस्टा**

भारतीय अमेरिकी अक्षय भाटिया को 16-17 पर दो होल के मामले में तीन शॉट का नुकसान उठाना पड़ा और इसके साथ ही उन्होंने एक साल पहले साहिथ थीगाला की तरह शीर्ष -10 में जगह बनाने का मौका खो दिया।

भाटिया (72-75-72) पहले से ही पीजीए टूर पर दो बार विजेता, 5-ओवर और संयुक्त-28 थे , जबकि एक अन्य भारतीय अमेरिकी साहिथ थीगाला ने लगातार तीसरा 74 का शॉट लगाकर 6-ओवर और संयुक्त-36वां स्थान प्राप्त किया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शेफलर ने बैक नाइन में दो-दो बर्डी और बोगी के साथ रोलर-कोस्टर खेला, इसके अलावा अपने दूसरे नाइन में एक ईगल और एक डबल लगाया। 66-72-71 के साथ वह अब 7-अंडर और एकल बढ़त पर हैं। शेफलर से पीछे दो बार के मेजर विजेता, कॉलिन मोरीकावा (6-अंडर) हैं और उनका पीछा मैक्स होमा (5-अंडर), नौसिखिया लुडविग एबर्ग (4-अंडर) और ब्रायसन डीचैम्ब्यू (3-अंडर) कर रहे हैं। पांच बार के मास्टर्स विजेता टाइगर वुड्स ने ऑगस्टा नेशनल में अपना सबसे खराब 82 का स्कोर किया, क्योंकि एक दिन पहले रिकॉर्ड संख्या में सीधे कट लगाने के बाद वह लीडरबोर्ड में नीचे खिसक गए।

# मैनचेस्टर सिटी के ट्रॉफी की दौड़ में शामिल होने पर खुश हैं गार्डियोला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मैनचेस्टर सिटी के बॉस पेप गार्डियोला ने सीजन के अंत तक ट्रॉफी की दौड़ में बने रहने के लिए आभार व्यक्त किया और हर चुनौती को लंबे समय तक बढ़ाने की महत्वाकांक्षा पर जोर दिया।

बुधवार रात चैंपियंस लीग में रियल मैड्रिड और शनिवार को एफए कप सेमीफाइनल में चेल्सी के साथ, सिटी के लिए बड़े मैच आते रहेंगे और गार्डियोला ने कहा कि सिटी को तीन प्रतियोगिताओं में पहले तीन मैचों के बाद ट्रॉफी की दौड़ में रहने का आनंद लेना होगा।

पेप गार्डियोला ने कहा, हमने खिलाड़ियों से बात की कि यहां दोबारा आना कितना अविश्वसनीय है। खेल से पहले हमने बात की और कहा हमें इसे स्वीकार करना होगा, यह कितने सौभाग्य की बात है। हमने खिलाड़ियों से इस बारे में बात की और उन्हें एहसास दिलाया कि यहां तक एक बार फिर पहुंचना कितना खास है। शनिवार की रात की जीत ने सिटी को आर्सेनल और लिवरपूल से ऊपर कर दिया। गार्डियोला ने कहा कि वे केवल खिताब प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव बनाए रखने की कोशिश कर सकते हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### पहली तिमाही में कुल 4,541 चीन-यूरोप मालगाड़ियां संचालित हुईं

**बीजिंग।** चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष की पहली तिमाही में कुल 4,541 चीन-यूरोप मालगाड़ियां लांच की गईं, जिससे 4.93 लाख टीईयू (20 फीट इक्वीवेलेंट यूनिट) माल वितरित हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः नौ प्रतिशत और 10 प्रतिशत ज्यादा हैं। मार्च 2024 के अंत तक चीन-यूरोप मालगाड़ियों ने 87 हजार से अधिक ट्रेनों का परिचालन किया है, जो 25 यूरोपीय देशों के 222 शहरों तक पहुंची हैं। चीन चीन-यूरोप मालगाड़ियों के लिए विविध चैनलों और मार्गों के निर्माण को बढ़ावा देता है और चीन-यूरोप मालगाड़ियों की विकिरण सीमा का और विस्तार करता है। चीन ने शीआन, छोंगछिंग और ईवू से जॉर्जिया के पोटी और तुर्की के इस्तांबुल तक चीन-यूरोप मालगाड़ियों के दक्षिणी गलियारे पर परिवहन परीक्षण किया है। दक्षिणी गलियारे के माध्यम से कुल 6 चीन-यूरोप मालगाड़ियों का संचालन किया गया है , जिसमें गत वर्ष से 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### चीन की मदद से सूरीनाम में बिजलीघर का निर्माण

**बीजिंग।** सूरीनाम दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी हिस्से में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल करीब एक लाख 60 हजार वर्ग किमी. और जनसंख्या छह लाख से अधिक है। इनमें दो लाख से ज्यादा लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। सूरीनाम के ग्रामीण क्षेत्रों में घने उष्णकटिबंधीय वर्षावन और नदियां मौजूद हैं। वहां जनसंख्या बिखरी हुई है और बुनियादी ढांचों का निर्माण कमजोर है। तमाम ग्रामीण निवासियों तक बिजली की सुविधा नहीं पहुंच सकी है। इन दिनों चीनी कंपनियों की मदद से निचली सूरीनाम नदी में छोटे हाइब्रिड पावर स्टेशन का निर्माण हो रहा है। स्थानीय लोगों की स्थिर बिजली आपूर्ति की इच्छा साकार होगी। बिजलीघर का निर्माण पूरा होने के बाद समर्पित ट्रांसमिशन लाइनों के जरिए आसपास के नौ गांवों तक बिजली पहुंचायी जाएगी।

### एयरटेल और जियो दे सकते हैं तगड़ा झटका, महंगे हो सकते हैं रिचार्ज प्लान्स




**नई दिल्ली।** टेलीकॉम कंपनियों ने अपने ओवरऑल पोर्टफोलियो में पिछले कई सालों से बड़ा बदलाव नहीं किया है। यहां तक 5जी सर्विस के लॉन्च के बाद भी हमें टैरिफ प्राइस में हाइक देखने को नहीं मिला है, जो जल्द ही हो सकता है। मार्केट एनालिस्ट का ऐसा मानना है। दरअसल, एंटीक्वा स्टॉक ब्रोकिंग का कयास है कि लोकसभा चुनाव के बाद 15 से 17 परसेंट का प्राइस हाइक देखने को मिल सकता है। ये प्राइस हाइक भारती एयरटेल के प्लान्स में देखने को मिलेगा। PTI की रिपोर्ट के मुताबित, आखिरी प्राइस हाइक 20 परसेंट का देखने को मिला था। जो दिसंबर 2021 में हुआ था। अनुमान है कि भारतीय एयरटेल अपना अप्ढव सुधारने की कोशिश कर रही है। कंपनी वित्तवर्ष 2027 तक अपने एवरेज रेवेन्यू पर यूजर को 208 रुपये से बढ़ाकर 286 रुपये तक पहुंचा सकती है। वहीं ये कयास कई वजहों से लगाया जा रहा है। इसमें टैरिफ हाइक्स, 2जी 4जी पर कस्टमर्स का ट्रांजेक्शन और महंगे डेटा प्लान पर स्विच करने जैसी वजहें शामिल हैं। हालांकि, फिलहाल, इस मामले में टेलीकॉम कंपनियों की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई हैं।

# फोर्स गुरखा 5-डोर का फर्स्ट लुक सामने आया

## इस साल जून में हो सकती है लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**

फोर्स मोटर्स ने अपनी अपकमिंग एसयूवी गुरखा के 5-डोर वर्जन का फर्स्ट लुक जारी किया है। कंपनी 2022 से गुरखा 5-डोर पर काम कर रही है और इसके प्री-प्रोडक्शन मॉडल को भारत में कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है। नई गुरखा में 3-डोर वर्जन से 425एमएम लंबा व्हीलबेस भी मिलेगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एसयुवी को इंडियन मार्केट में इस साल जून में लॉन्च किया जा सकता है। फोर्स गुरखा 5-डोर की कीमत 16 लाख रुपए से शुरू हो सकती है, जबकि वर्तमान में 3-डोर गुरखा की शुरूआती कीमत 5.10 लाख रुपए है। लॉन्च होने के बाद 5-डोर गुरखा का मुकाबला सेगमेंट में अपकमिंग थार 5-डोर और मारुति जिम्नी से रहेगा।

### गुरखा 5-डोर : एक्सटीरियर डिजाइन

**तस्वीर से पता चलता है कि अपकमिंग 5-डोर स्वश का डिजाइन गुरखा 3-डोर से मिलता-जुलता होगा, लेकिन कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। अपकमिंग फोर्स गुरखा 5-डोर में 3-डोर मॉडल के राउंड शेप हेडलैंप्स की तुलना में LED DRLs के साथ नए स्कॉयर शेप हेडलैंप यूनिट मिलेगी। हालांकि, कंपनी की सिग्नेचर टू-स्लैट ग्रिल लाइफस्टाइल एसयूवी में भी दी जाएगी। इसके अलावा लेटेस्ट कार में 3-डोर वर्जन के 16-इंच पहियों की जगह 18-इंच डायमंड-कट डुअल टोन अलॉय व्हील और 2 एक्स्ट्रा रियर डोर दिए गए हैं। फ्रंट और रियर में नए बंपर के अलावा किसी अन्य बड़े बाहरी बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसमें 3-डोर मॉडल की तरह टेलगेट माउंटेड स्पेयर व्हील और लैडर, और स्नॉर्कल दिया गया है।**

### चार व्हील ड्राइव ऑप्शन के साथ आएगी नई गुरखा

**फोर्स गुरखा 5-डोर मॉडल में 3-डोर वर्जन में मिलने वाला 2.6-लीटर की डीजल इंजन दिया जा सकता है, जो 90 PS की पावर और 250Nm का टॉर्क जनरेट करता है। लेकिन इस इंजन को थोड़ा ट्यून करके पेश किया जा सकता है। कंपनी ने ये इंजन मर्सिडीज से लिया है।**

# मोटो जी64, 5जी कल होगा लॉन्च

## यह सेगमेंट का फास्टेस्ट फोन, इसमें 6000 एमएच बैटरी और 50एमपी कैमरा मिलेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्मार्टफोन मेकर मोटोरोला 16 अप्रैल को अपना नया बजट स्टमार्टफोन 'मोटो जी64 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने जा रही है। इस स्मार्टफोन में कंपनी मीडियाटेक डायमेंसिटी 7025 (ऑक्टाकोर) प्रोसेसर दे रही है। कंपनी का दावा है कि यह सेगमेंट का फास्टेस्ट फोन होगा। इसके अलावा स्मार्टफोन में 6.5 इंच की फुल HD+ डिस्प्ले, 6000एमएच की बैटरी और 50 मेगापिक्सल का कैमरा दे रही है। मोटोरोला इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अपने हैंडल पर अपकमिंग स्मार्टफोन का टीजर जारी करते हुए लॉन्च डेट की जानकारी दी है।



**बैटरी और चार्जिंग : पावर बैकअप के लिए फोन में 30W चार्जिंग सपोर्ट के साथ 6000एमएच की बैटरी दी है।**

कंपनी इस स्मार्टफोन को दो स्टोरेज और तीन कलर ऑप्शन में भारतीय बजार में लाने जा रही है। स्मार्टफोन की शुरूआती कीमत 20,000 रुपए हो सकती है।

### मोटोजी64, 5जी स्पेसिफिकेशन

डिस्प्ले : मोटोजी64, 5जी में 120Hz रिफ्रेश रेट वाला 6.5 इंच का फुल HD+ डिस्प्ले दिया गया है। जिसका रेजोल्यूशन 2400x 1080 पिक्सल है।

**कैमरा : फोटोग्राफी के लिए मोटो जी64 5जी में डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है। इसमें क्वाड पिक्सल टेक्नोलॉजी पर बेस्ड 50MP का प्रायमरी कैमरा और 8MP का अल्ट्रा वाइड एंगल कैमरा शामिल है। वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए पंच होल डिजाइन के साथ 16MP का फ्रंट कैमरा दिया गया है।**

**रैम और स्टोरेज :** मोटोजी64 5जी स्मार्टफोन में कंपनी ने दो रैम और स्टोरेज दिया है। इसमें 8GB रैम के साथ 128GB स्टोरेज और 12GB रैम के साथ 256GB स्टोरेज का ऑप्शन मिलेगा। स्टोरेज को रऊकार्ड लगाकर 1TB यानी 1024GB तक बढ़ाया जा सकता है।

**OS और प्रोसेसर :** परफॉर्मेंस के लिए स्मार्टफोन में 2.5GHz ऑक्टा-कोर CPU के साथ मीडियाटेक डायमेंसिटी 7025 प्रोसेसर दिया गया है। यह एंड्रॉयड 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। कंपनी ने कहा है कि इस स्मार्टफोन में डर-15 अपडेट और 3 साल के लिए सिक्योरिटी अपडेट देगी।

### 21 भारतीय स्टार्टअप्स ने जुटाई 10 करोड़ डॉलर से अधिक की पूंजी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह देश में 21 स्टार्टअप्स ने लगभग 10.5 करोड़ डॉलर की नई पूंजी जुटाई। इनट्रैकर की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें विकास-चरण के छह सौदे और प्रारंभिक-चरण के 12 सौदे शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, एक विकास-चरण स्टार्टअप और दो प्रारंभिक-चरण स्टार्टअप्स ने जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया। लगभग 30 शुरूआती और विकास-चरण वाले स्टार्टअप्स ने इससे पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से लगभग 17.271 करोड़ डॉलर जुटाए थे। छह स्टार्टअप्स ने इस सप्ताह विकास-चरण सौदों के बीच 5.45 करोड़ डॉलर जुटाए।

# इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदना 16,000 तक हुआ महंगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनियों ने अपने ईवी की कीमतें बढ़ाना शुरू कर दी हैं। क्योंकि, अब ईवी कंपनियों को सरकार की तरफ से सब्सिडी के रूप में मिलने वाली राशि कम हो गई है। दरअसल, FAME-II स्कीम की मियाद 31 मार्च 2024 को खत्म हो गई है। इसकी जगह 1 अप्रैल से नई इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम 1 अप्रैल से लागू हो गई है।

इस कारण एथर, बजाज, TVS और विडा जैसी बड़ी ईवी कंपनियों ने अपने टू-व्हीलर्स पर 16 हजार रुपए तक बढ़ा दिए हैं। हालांकि, ओला इलेक्ट्रिक ने कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा नहीं की है, लेकिन बताया जा रहा है कि कंपनी 15 अप्रैल को इसका खुलासा कर सकती है। फिलहाल, कंपनी फेस्टिवल ऑफर में अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर बेच रही है।

**EMPS स्कीम के तहत 10 हजार रुपए सब्सिडी देगी सरकार**

EMPS के तहत सरकार 500 करोड़ रुपए की सब्सिडी देगी। इसमें इलेक्ट्रिक टू व्हीलर, इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर और ई-रिक्शा पर सब्सिडी दी जाएगी। इसमें इलेक्ट्रिक 4 व्हीलर्स को शामिल किए जाने की फिलहाल जानकारी नहीं दी गई है।

नई योजना के तहत इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के लिए सब्सिडी 22,500 रुपए से घटाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है। वहीं, इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर और ई-रिक्शा के लिए सब्सिडी 25,000 रुपए और अधिक बैटरी क्षमता वाले इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर्स के लिए 50,000 रुपए निर्धारित की गई है।



## शोषितों, वंचितों को उनका हक व अधिकार मिले

रांची। बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहब ने समाज में वर्ग के विभाजन को तोड़ सबको संविधान में समान अधिकार दिया है। आज पुनः उनके कथन और मार्गदर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। शोषितों, वंचितों को उनका हक व अधिकार मिले यह हमारी प्राथमिकता। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सामाजिक न्याय के प्रणेता और भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सिल्ली स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कही।



## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आंबेडकर को किया नमन

रांची। बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के जयंती पर रविवार को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रांची के डोरंडा स्थित पुराना हाई कोर्ट के समीप डॉ अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम भी उपस्थित थे। उन्होंने भी माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा, बाबा साहेब की जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। जो हमारा संविधान है, वह पूरे दुनिया में अनूठा संविधान है। इस संविधान ने हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोगों को एक समान अधिकार दिया है।



## कांग्रेस भवन में मनाई गई आंबेडकर जयंती

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने रविवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस दौरान नेताओं ने डॉ आंबेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनके जीवनी पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सदियों से शोषित-दलित मानव के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। वे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी और विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यंत संघर्ष करते रहे। बाबा साहब एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ और राष्ट्रीय नेता थे।



## डॉ.आंबेडकर के आदर्श आज भी प्रासंगिक : सुबोधकांत

रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव आंबेडकर के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। सामाजिक समरसता की दिशा में डॉक्टर अंबेडकर द्वारा किए गए प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता। समता मूलक समाज के पक्षधर रहे डॉ.भीमराव आंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर हम राष्ट्र के नवनिर्माण में सहभागिता निभा सकते हैं। सहाय रविवार को नामकुम स्थित हंगर बर्ड रेस्टोरेंट में झारखंड प्रदेश भीम सेना द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में बोल रहे थे।

# सर्वसमावेशी संविधान तैयार करने वाले आंबेडकर का जीवन प्रेरणा स्रोत : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश और समाज के लिए उनके योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के लिए सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सभी के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। हम उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् एवं राजनीतिज्ञ के रूप में याद किये जाते रहेंगे। भारत का एक-एक नागरिक उनके योगदान पर गौरवान्वित महसूस करता है।



### बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री

महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनाएं झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

### संविधान बचाओ देश बचाओ को लेकर झामुमो का एक दिवसीय धरना

# भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार तथा भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है उसी के तहत लोकतंत्र है। इस वक्त में बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा है। देश का सत्ता पक्ष इस संविधान को ही खत्म करना चाहता है। जिसके विरोध में हम यहां शांतिपूर्वक लोकतांत्रिक तरीके से धरना पर बैठे हैं। यह धरना प्रतिवाद भी है यह धरना



बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा केंद्र सरकार पिछले 10 वर्ष में तानाशाही से लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है और संविधान को तार-तार करने की कोशिश कर रही है। आप उनके लोकसभा प्रत्याशियों को सुन रहे होंगे जो खुले मंच पर साफ तौर पर कह रहे हैं कि 2024 में जब भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनेगी तो संविधान को बदल दिया जाएगा। इसका जवाब जनता आगामी चुनाव में देगी। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, कुदूस अंसारी, अंतू तिर्की, रांची जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, बीरु तिर्की, बीरु साहू, सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, लालजी रमण, संजय राय, जिला संयुक्त सचिव आदिल इमाम, सुजित उपाध्याय, महिला मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष नयनतारा उरांव, उपाध्यक्ष मंजू महतो, सचिव शांति तिर्की, उपाध्यक्ष राखी देवी, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, जीत गुप्ता, शमीम बढ़ेहार, परविंदर नामधारी, अंशु लकड़ा, पुष्पा बरदेवा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गांडेय के जनादेश का अपमान किया : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह के बेंगाबाद में आयोजित ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में झामुमो पर निशाना साधते कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सालों तक गांडेय में 'राज' किया है। क्षेत्र का विकास नहीं खुद का विकास करना झामुमो की प्राथमिकता रही है। विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में नहीं है। अब यहां से राजा परिवार चुनाव लड़ने की तैयारी में है। राजा परिवार जहां हाथ रख दे, उस सीट को खाली करनी पड़ती है। अब जनता को तय करना है कि उसे चेहरा चाहिए या काम।? उन्होंने कहा कि जनता को बिना बताये यहां के विधायक का इस्तीफा जनादेश का अपमान है। एक परिवार के निजी स्वार्थ और सत्ता की महत्वाकांक्षा का परिणाम है यहां का उपचुनाव। इन्होंने जनता को छलने का काम किया है। इसका जवाब जनता अपने वोट के चोट से देगी। आजसू के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को कुशल नेतृत्व देना हमारा लक्ष्य है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे सभी कार्यकताओं की भूमिका अहम है। कार्यकर्ता पार्टी द्वारा दी गयी सांगठनिक जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ करें। मैं भी एक कार्यकर्ता हूँ। सांगठनिक मजबूती के आधार पर हम सभी मिलकर गांडेय में राजनीतिक बदलाव करेंगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक 10 चूल्हा का नेतृत्व हमारा चूल्हा प्रमुख कर रहे है। वोटर से नेतृत्वकर्ता बनाने का काम हमने किया है। पार्टी ने पृष्ठभूमि देखकर नहीं उनकी काबिलियत देख कर पार्टी ने गरीब परिवार से आने वाले लोगों को महत्वपूर्ण दायित्व दिया है।





### आप सभी के आशीर्वाद से जिंदा हूं व सुरक्षित लौटी हूं

**रांची।** अपने ऊपर हुए हमले के बाद गीता कोडा ने एक्स पर लिखा जनसंपर्क के दौरान रविवर को पूर्वी गम्हरिया प्रखंड के मोहनपुर गांव में झामुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा मुझ पर और मेरे कार्यकर्ताओं पर तलवार, डंडे और तीर से हमला किया गया जिसमें मेरे कई कार्यकर्ता घायल भी हुए। यह सुनियोजित हमला इसलिए किया गया ताकि मुझे चुनाव प्रचार करने से रोका जा सके। इनकी इस गीदड़ भभकी से मैं डरने वाली नहीं हूं मैं सिंहभूम की बेटी हूं और सिंहभूम के उत्थान के लिए अपने अंतिम सांस तक लडूंगी। मन समर्पित तन समर्पित, सिंहभूम के लिए जीवन का कण कण समर्पित।

# भाजपा का घोषणा पत्र संविधान बदलने का दस्तावेज : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के संकल्प पत्र को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संविधान बदलो पत्रर का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र एक छलावे के समान है यह जनता के हितों के लिए संकल्प पत्र नहीं बल्कि देश के संविधान को बदलने के लिए भाजपा द्वारा लिया गये संकल्प का दस्तावेज है। ठाकुर ने कहा कि प्रपंच और प्रोपेगेंडा भाजपा की चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है जो वह पिछले 10 सालों से जनता के साथ करते आ रही हैं परंतु जनता इस बार उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेकर प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश कर रहे हैं,सबसे पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हो पर चलने वाले आदिवासी समुदाय के सरना धर्म कोड की मांगों के बारे में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है जबकि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड लागू करने का विधेयक भी पास करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया है।



आदिवासी समुदाय से आने वाले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने वाले प्रधानमंत्री मोदी को आदिवासी समुदाय के हितों की बात करना शोभा नहीं देता है। यह इससे पता चलता है कि उनके इस पूरे घोषणा पत्र मे जुमलेबाजी के सभी शब्द शामिल है लेकिन जनता महंगाई और बेरोजगारी के जिन मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है वही शब्द इस घोषणा पत्र में नहीं है। झूठ के ऐसे पुलिंदे पत्र को देश का युवा,किसान,महिला सहित समाज के सभी अन्य वर्ग पूरी गंभीरता से परखेंगे जिसमें ना ही रोजगार की,ना ही किसानों की, ना ही महिलाओं के अधिकार की उनकी सुरक्षा की, ना ही गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले जनता को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने की बात की गई है।

## न्यूज बॉक्स

### झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया साइड लाइन : अमर बाउरी



**जमशेदपुर।** झारखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रविवार को कहा कि झामुमो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को साइड लाइन कर दिया है, इसीलिए उन्हें सरायकेला में उनके विधानसभा क्षेत्र भेज दिया गया है। वह यहां कार्यक्रम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की अहम जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन संभाल रहीं हैं। अमर कुमार बाउरी ने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सवाल किया कि वह (कल्पना सोरेन) ऐसा किस हैसियत से कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती रही है कि झामुमो में परिवारवाद हावी है। कल्पना सोरेन के आगे आने से यह सही साबित हुआ है। बाउरी ने कहा कि चंपई सोरेन कहते हैं कि इंडी गठबंधन सभी 14 सीट जीतेगा। वह हताशा में बयान दे रहे हैं। मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं।

### होमकर ने की एसॉल्ट ग्रुपों, बीडीएस कर्मियों की ब्रीफिंग



**रांची।** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड जगुआर प्रांगण में रविवार को झारखंड जगुआर के सभी एसॉल्ट ग्रुपों, पदाधिकारियों एवं बीडीएस के कर्मियों के लिए ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। यह आवश्यक ब्रीफिंग पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) सह झारखंड जगुआर सह राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी अमोल विनुकांत होमकर एवं अन्य पदाधिकारियों ने की। इस दौरान लोकसभा चुनाव में भय मुक्त, निष्पक्ष, बिना जान माल की क्षति के सुचारू रूप से मतदान कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। साथ ही, मूवमेंट के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

### भाजपा झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगी : बाबूलाल मरांडी

**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बूथ कार्यकताओं को संबोधित करते कहा कि जो व्यक्ति जेल में है, बेल में है वे मोदी के संकल्प को पूरा करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगी। बाबूलाल मरांडी रविवार को ललित नारायण स्टेडियम में लोहरदगा विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मोदी सभी एक सौ चालीस करोड़ लोगों की चिंता करते हैं। लेकिन कुछ लोग केवल अपनी चिंता करते हैं। मोदी इलाज की व्यवस्था की पांच लाख तक पूरा इलाज करा सकते हैं। मोदी गरीबों की राशन,जल,शौचालय, घर, सहित कई अन्य व्यवस्थाओं को बहाल किया, जो व्यक्ति देश की तरक्की और विकास का बात करत हों। उसका एक ही लक्ष्य हमारे देश का आर्थिक रूप से सशक्त किया जाना लक्ष्य और 11वें स्थान अब तीसरे स्थान पर आर्थिक रूप से हमारा देश मजबूत होगा। हमारा देश विज्ञान, मोबाइल,स्वास्थ्य सुरक्षा यंत्र सहित अनेक क्षेत्रों में केवल आयात करते थे। लेकिन आज हम निर्यात कर रहे हैं क्योंकि आज अपने लोगों पर भरोसा है उसे अवसर दिया कोरोना काल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारा देश एक नहीं दो दो वैक्सीन बनाया, चंद्रयान का सफल लैंडिंग हुए जहां विकसित देश भी नहीं पहुंच पाए।

### भाजपा का नहीं,अधिनायकवाद का घोषणा पत्र है : सुप्रियो



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रीयो भट्टचार्य ने रविवार को भाजपा के घोषणा पत्र पर तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का संकल्प पत्र नहीं है, एक अधिनायकवादी का पत्र है. जिसमें संघीय ढ़ांचे को तहस-नहस करने की गांरटी दी गई है। जिसमें उद्योगपतियों के लिए लूट की छूट की गारंटी है। मोदी के संकल्प पत्र में मणिपुर, महंगाई, बेरोजगारी, किसान, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का जिक्र तक नहीं है। संकल्प पत्र में नहीं बताया गया कि 400 का सिलेंडर 1400 तक कैसे पहुंच गया। गरीबी हटाने की बात करने वाले मोदी ने यह नहीं बताया कि देश में 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त में अनाज क्यों नहीं दिया जा रहा है। तेल का भाव, चावल का भाव, गेंहू का भाव, सरसो तेल का भाव, दाल का भाव, प्याज का भाव को लेकर कोई जिक्र नहीं किया गया। बेरोजगारी का जिक्र नहीं किया गया। संकल्प पत्र पूरी तरह से उद्योगपतियों को लूट की छूट देने के लिए लायी गयी है। यह बात झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। झामुमो नेता ने कहा कि संकल्प पत्र में नए नये शब्द प्रयोग किया गया है, बातों को 360 डिग्री की तरह गोल-गोल घुमाया गया है. सोशल और डिजिटल इंफ्रास्क्ट्रचर की बातें कही गई हैं। मगर यह क्या है, इसका कोई स्पष्ट जिक्र नहीं है।

### विकास के नाम पर भाजपा सरकार ने लोगों को सिर्फ ठगा : कालीचरण मुंडा



**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कर्रा प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। कालीचरण मुंडा ने कर्रा प्रखंड के लोधमा, सावड़ा ,घुनसुली, कुदलुम, कुलहुटू आदि गांवों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। मुंडा ने सावड़ा ग्राम के ग्रामीणों के साथ डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होंने भाजपा सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताया और कहा कि अब जनता को समझ जाना चाहिए कि कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में जन समर्थन मांगा। उन्होने कहा कि भाजपा धन, बल का प्रयोग कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश कर सकती है। इसलिए जनता इनके प्रलोभन पर ध्यान ना देकर जमीनी नेता को अपना सांसद चुने, जो हमेशा आपके साथ खड़ा रहे। कांग्रेस पार्टी केवल काम की राजनीति करती है। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद, भ्रष्टाचार की राजनीति करती है, लेकिन काम की राजनीति नहीं करती।

# मतदाता जागरण एवं सहायता केंद्र 25 मई तक चलाएगा जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एकल फ्यूचर, एकल अभियान रांची ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता जागरण एवं सहायता केंद्र कार्यालय का उद्घाटन रविवार को बरियातू रोड स्थित आरोग्य भवन 1 की कोठी संख्या 38 में किया। इस केंद्र के माध्यम से 25 मई तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान एवं राष्ट्रहित में मतदान का संदेश लेकर शहर के अपार्टमेंट और मोहल्लों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया जाएगा। मतदाताओं को सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के प्रति जागरूक किया जाएगा। किसी भी मतदाता को अपने मतदान के प्रति किसी भी प्रकार का संशय या समस्या हो, तो उसका समाधान इस केंद्र के माध्यम से किया जाएगा।

# हिंदू होना गुनाह, गौ माता को बचाया तो मुझे प्रताड़ित कर रहे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को देवघर पुलिस ने रविवार को नोटिस भेजा है। देवघर के मोहनपुर थाने की तरफ से नोटिस भेज कर भाजपा सांसद को थाने में हाजिर होने के लिए कहा गया है। बताया जा रहा है कि एक पशु व्यापारी ने बीजेपी सांसद के खिलाफ केस दर्ज कराया था जिसके बाद पुलिस ने अब उन्हें पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा है। इधर पुलिस द्वारा नोटिस भेजे जाने के बाद भाजपा सांसद भड़क गए हैं। उन्होंने पुलिस के इस ऐक्शन पर सवाल पूछने के अंदाज में कहा है कि क्या गाय को बचाने की वजह से राज्य सरकार उन्हें प्रताड़ित करेगी? एक्स पर निशिकांत दुबे ने लिखा, "मैं एक सनातनी हूं, गौ माता की रक्षा मेरा धर्म का हिस्सा है। विपक्ष एक खास धर्म से प्रेम करती है और हिंदू से नफरत, अगर मैंने गौ माता को बचाया तो क्या मुझे राज्य सरकार प्रताड़ित करेगी? क्या मैंने हिंदू धर्म में पैदा होकर गुनाह किया है?' भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस मुद्दे पर मीडिया से बातचीत भी की है। न्यूज एजेंसी अठकसे बातचीत सांसद ने कहा, 'झारखंड सरकार का नियम है कि राज्य से गाय को खरीदने के बाद उसे बेचने के लिए उसी राज्य में ले जा सकते हैं जहां गौ हत्या पूर्ण प्रतिबंध हो। वैसे वो गाय बांग्लादेश जा रही थी जिसकी मैंने शिकायत की थी। एफआईआर कहा गया है कि वो गाय को लेकर बिहार जा रहे थे।



## पृष्ठ एक के शेष

**कांग्रेसी राजनीति के बुलंद...**

संचार करता है। व्यवसायी नवल तुलस्यान बताते हैं कि वे मेरे पिताजी स्व. रामनिरंजन तुलस्यान के वे परम मित्र थे। इस दौरान हमने जो महसूस किया है कि वे निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदो के साथ खड़े हो जाते थे। वे कभी भी किसी को गलत सलाह नहीं देते थे। बहरहाल, आज भी लोग उन्हें भूले नहीं हैं। उनका नाम पलामू, झारखंड में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में आदर और सम्मान के साथ लिया जाता था। पलामू में उनका योगदान सदैव याद किया जाता रहेगा।

**कोल्हान विवि के प्रश्नपत्र में...**

यूनिवर्सिटी का प्रश्न पत्र नहीं है। किसी ने गलत तरीके से यह वायरल किया है।

**डीन एकेडमिक बोले, शिक्षक से बात करूंगा :** कोल्हान विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ राजेंद्र भारती से जब इस मसले पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि इस पर शिक्षक से बात करूंगा। देखेंगे कि कहां मिस्टेक हुई है। फिर पूछा गया कि यह यह सिलेबस का पार्ट है, तो उन्होंने कहा कि वैसे अर्बन नक्सलिज्म पर भी सवाल पूछे जाते हैं। उन्होंने यह स्वीकार किया कि उनके पास भी यह प्रश्न पत्र पहुंचा है।

**पीएम मोदी ने कहा, अगली सरकार...**

ले जाने का काम किया है। हम सुनिश्चित करें कि गरीब की थाली पोषण युक्त हो, मन को पसंद आने वाली हो और सस्ती भी हो। उन्होंने कहा, जन औषधि केंद्र पर सस्ती दावा मिलती रहेंगी, ये मोदी की गारंटी है। आयुष्मान से सस्ता इलाज मिलता रहेगा, ये मोदी की गारंटी है। 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। पीएम ने कहा, बीजेपी सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बना के दिए, हम 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लेकर चले हैं। अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर घर पहुंचाने का काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, अब करोड़ों परिवारों का बिजली बिल जीरो करने और उससे कमाई का काम करने का काम करेंगे, करोड़ों लोगों को मुद्रा योजना से इंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाया है। अब मुद्रा योजना से 20 लाख तक का लोन मिलेगा। युवाओं को अब अपनी रुचि का काम करने के लिए और अधिक पैसे मिलेंगे। आगे कहा, स्वनिधि योजना ने रेहड़ी पटरी वाले भाई बहनों को बिना गारंटी के मदद मिल रही है, अब 50 हजार के कर्ज की लिमिट को बढ़ाया जाएगा। इस योजना को देश के छोटे कस्बों और गांव देहात तक ले जाया जायेगा। जिसे किसी ने नहीं पूछा उसे मोदी पूछता है, हमने 10 साल में दिव्यांग साथियों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी है और आगे भी दी जाएगी। उनके लिए विशेष घर बनाए जाएंगे। ट्रांसजेंडर साथियों को बीजेपी ने पहचान देने का काम किया, अब उन्हें भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार प्राकृतिक खेती पर जोर देगी, नैनो यूरिया के अधिक इस्तेमाल पर जोर देगी। साथ ही पीएम ने कहा कि देश में नए सेटेलाइट टाउन बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा, बीजेपी देशहित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पिछे नहीं हटती, हमारे लिए दल से बड़ा देश है।

**कई लोगों ने पुनः घर...**

कमलेश उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत,रमेश उरांव, शिव शंकर उरांव, श्री चंद प्रजापति,सुनीता सिंह, मनोज मिश्रा गुमला प्रभारी, एडवर्ड सोरेन, ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद अन्य भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे साही कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक, लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी मण्डल के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य, मण्डल मंच मोर्चे के अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारी,के अलावे मण्डल के सभी बूथ के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता, तथा उस विधानसभा में निवास करने वाले जिलास्तर एवं जिलामोर्चे के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य,बजरंग उरांव,यशवंत सिंह ,नजीर आलम खान शामिल हुए।

# भाजपा का संकल्प पत्र जनता को गुमराह करने वाला मेनिफेस्टो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की ओर से रविवार को जारी संकल्प पत्र पर विपक्ष ने करारा हमला बोला है। झारखंड के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास सह उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि पीएम मोदी और भाजपा का चुनावी मेनिफेस्टो जनता को भ्रमित और गुमराह करने वाला है।

उन्होंने कहा है कि जो भी करना है वर्तमान की जरूरत के अनुसार ही होना चाहिए। लेकिन भाजपा और उसके नेता आम लोगों की मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा के साथ-साथ गरीबों को क्या चाहिए इसकी बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता सीधे स्मार्ट सिटी, ग्रीन सिटी, रेलवे, हवाई जहाज और काला धन की बात कर रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा और केंद्र सरकार का कोई भी काम जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है।

**स्मार्ट सिटी, ग्रीन सिटी, रेलवे, हवाई जहाज और काला धन की बात कर रहे हैं।**

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा के मौजूदा सांसद सुनील कुमार सिंह का टिकट कटने पर चुटकी लेते हुए कहा है कि हवा-हवाई कार्यशैली के कारण मौजूदा सांसद को जनता का विरोध झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सांसदों को आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों का चयन और उसका समुचित विकास करने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन आज तक ना तो सांसद के आदर्श गांवों में बिजली पहुंची और ना ही पानी। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य भी भगवान भरोसे ही है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आगे कहा है कि भाजपा को प्लानिंग करके चुनावी संकल्प पत्र जारी करना चाहिए, जिससे सीधे गरीबों को लाभ मिले।




## एक नजर

### 10 मई को रोहिणी नक्षत्र में खोले जाएंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री जयंती के अवसर पर रविवार को पुरोहित समाज ने यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित कर दी गई है। मां यमुना के मंदिर के कपाट 10 मई को अक्षय तृतीया पर सुबह 10.29 बजे रोहिणी नक्षत्र में खोले जाएंगे। पुजारी मनमोहन उनियाल और पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि इससे पहले मां यमुना की डोली खरसाली गांव में सुबह 6.15 बजे यमुनोत्री धाम के लिए रवाना होगी। यमुना के भाई शनिदेव महाराज भी अपनी बहन को विदा करने के लिए यमुनोत्री धाम साथ में जाएंगे। वहीं, गंगोत्री धाम के कपाट भी 10 मई को दोपहर 12:25 बजे खोले जाएंगे। अक्षय तृतीया पर इस बार सबसे पहले बाबा केदारनाथ के कपाट सुबह सात बजे पूरे विधि-विधान के साथ खोले जाएंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को ब्रह्म महूर्त में सुबह छह बजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।

### एलजी मनोज सिन्हा ने माता वैष्णो देवी प्राचीन यात्रा मार्ग को दिखाई हरी झंडी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को श्री माता वैष्णो देवी प्राचीन छड़ी यात्रा मार्ग को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि श्री माता वैष्णो देवी जी प्राचीन पवित्र छड़ी यात्रा मार्ग को हरी झंडी दिखाया। इसके साथ ही पवित्र कोल कंडोली मंदिर नगरोटा में पूजा-अर्चना में शामिल हुआ।

### कोटा में छात्रावास की इमारत में आग लगने से आठ छात्र घायल

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक छात्रावास की इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लगने से आठ छात्र घायल हो गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि यह घटना कुन्हाड़ी पुलिस थाने क्षेत्र में लैंडमार्क सिटी में सुबह करीब 6.15 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार पांच मंजिला छात्रावास भवन के भूतल में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी।

# रामनवमी पर 25 लाख भक्तों के स्वागत के लिए तैयार अयोध्या

**एजेंसी। अयोध्या**

राम नवमी में सिर्फ दो दिन बचे हैं। ऐसे में अयोध्या बड़े पैमाने पर भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार हो रही है, जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देखी गई भीड़ से भी ज्यादा। 16 अप्रैल की आधी रात से शुरू होने वाले रामनवमी समारोह के लिए अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों को 24 घंटे लंबी शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। चीफ सेक्रेटरी डी एस मिश्रा ने कहा कि सरकार लगभग 25 लाख भक्तों के आने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सभी मुख्य क्षेत्रों में एम्बुलेंस तैनात करने का निर्देश दिया गया है, जबकि सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर हैं। उन्होंने कहा कि 12 स्थानों पर



अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं और उन्हें सभी आवश्यक दवाओं और सुविधाओं से लैस किया जाएगा। भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं और पार्किंग क्षेत्रों में मंदिर के गर्भ गृह से लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। सुरक्षाकर्मी मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में चौबीस घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। पूरे क्षेत्र का सीसीटीवी कवरेज चौबीसों घंटे किया जाएगा।

इनका उपयोग श्रद्धालुओं की आवाजाही पर नजर रखने, यातायात नियंत्रण और भीड़ के आकलन के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में 24 स्वचालित नंबर-प्लेट पहचान कैमरे लगाए गए हैं और शहर में प्रवेश करने वाले आगंतुकों का आकलन प्राप्त करने के लिए अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर और बाराबंकी जिलों की सीमाओं पर लगाए गए कैमरों की निगरानी की जाएगी।

## मॉरीशस, श्रीलंका समेत कई देशों के राजनयिकों ने लगाई बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी

**वाराणसी।** मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स और मोलडोव समेत कई देशों के राजनयिकों ने रविवार शाम श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। दरबार में सभी विदेशी राजदूतों ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद राजदूत आह्लादित दिखे। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी राजनयिकों एवं उनके परिजनों का श्री विश्वनाथ दुपट्टा एवं प्रसाद देकर स्वागत किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रबंधन के मुताबिक दर्शन-पूजन के बाद राजनयिकों ने मंदिर गेट के समक्ष फोटो भी खिंचवाया। मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स, मोलडोव, घाना, माली, जमैका सहित कई देशों के राजनयिकों ने शैव साधना के संबंध में जिज्ञासा प्रकट की तथा ध्यान एवं मंदिर आराधना के संबंध में भी प्रश्न किए। इन जिज्ञासाओं का समाधान विद्वान अर्चक गुरु पं. श्रीकांत से करवाया गया।

## चूरु-सालासर हाईवे पर कार-ट्रक की टक्कर में सात लोग जिंदा जले

**एजेंसी। चूरु**

राजस्थान के सीकर के फतेहपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चूरू-सालासर हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। आग से कार सवार सात लोग जिंदा गए। पुलिस के मुताबिक मरने वालों में दो बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। हादसा आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर दूरी पर हुआ। आगे चलते ट्रक से कार पीछे से टकराई। ट्रक में रूई भरी हुई थी। कार यूपी नंबर की बताई जा रही है। हालांकि, मृतकों की संख्या के बारे में प्रशासन की ओर से अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। फतेहपुर कोतवाली एसएचओ सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। कार के अंदर से जले लोगों को बाहर निकाला गया है। जले हुए लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। ट्रक में लगी आग को बुझाने का काम जारी है। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, डीएसपी रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर एसएचओ मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।

# भारत ने इजराइल और ईरान से तनाव कम करने का किया आग्रह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने रविवार को इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से संयम बरतने व हिंसा से पीछे हटने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से गंभीर रूप से चिंतित हैं, इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने का आह्वान करते हैं। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के एक्स पर किए पोस्ट में कहा, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। क्षेत्र में अपने दूतावास व भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं। यह महत्वपूर्ण है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे।

### ईरान के खिलाफ इजरायल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेंगे : बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से स्पष्ट कहा है कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ इजरायल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा। अमेरिकी समाचार पोर्टल एक्सिऑस ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि बाइडेन ने ईरान के हमले को विफल करने के लिए इजरायल, अमेरिका तथा अन्य देशों के सम्मिलित प्रयासों की सराहना करते हुए नेतन्याहू से कहा, आपकी जीत हुई है, जीत को स्वीकार कीजिये।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने की इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा



**संयुक्त राष्ट्र।** यूएनओ की रविवार को एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई है। इसमें ईरान द्वारा इजराइल पर किए जा रहे ड्रोन और मिसाइल हमले पर चर्चा की जाएगी। गुटेरेस ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने पर चिंता जताई है। शनिवार को ईरानी हमलों के कुछ ही मिनटों के भीतर, इजराइल ने माल्टा की परिषद अध्यक्ष वैनेसा फ्रैज़ियर से बैठक बुलाने का आग्रह किया। गुटेरेस ने कहा, मैं इस्लामी गणतंत्र ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए हमले की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, मैं सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करता हूं।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम ने आंबेडकर की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर रविवार को संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। बाद में कई लोगों ने पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव क्रमशः उत्पल कुमार सिंह और पी सी मोदी ने भी केन्द्रीय कक्ष में आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। केन्द्रीय कक्ष में आंबेडकर की तस्वीर का अनावरण 12 अप्रैल 1990 को तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया था। राष्ट्रपति की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, हमारे संविधान के निर्माता और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्र निर्माताओं में से एक, बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा, भारत के महान सपूत बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय के समर्थक भी थे।



## मप्र में 40 घंटे बाद 6 साल के बच्चे को बोरवेल से निकाला, हो चुकी थी मौत

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में शुक्रवार को एक बोरवेल में गिरे छह साल के बच्चे मयंक कोल की मौत हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमों ने 40 घंटे से ज्यादा समय तक चले अभियान के बाद रविवार सुबह उसे निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बच्चा प्रयाग और वाराणसी (उत्तर प्रदेश) की सीमा पर रीवा जिले की त्योंथर तहसील के एक गांव में गहरे बोरवेल में गिर गया था। निकाले जाने के बाद जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि बोरवेल में गिरने के तीन-चार घंटे बाद ही लड़के की मौत हो गई थी। वाराणसी से बुलाए गए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने हरसंभव प्रयास किया और सूखे बोरवेल में 40 फीट गहरे फंसे लड़के तक पहुंचने के लिए खुदाई जारी रखी। मयंक उस बोरवेल त्रासदी का ताजा शिकार है जिसे राज्य पिछले कई साल से झेल रहा है।



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर को रविवार को हैदराबाद में उनकी जयंती पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कनाडा में 24 साल के भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। ओटावा**

कनाडा के वैंकूवर के सनसेट इलाके में 24 साल के एक भारतीय छात्र की उसकी कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वैंकूवर पुलिस ने एक बयान में कहा, 24 वर्षीय चिराग एंटिल को इलाके में एक वाहन के अंदर मृत पाया गया। सीबीसी न्यूज ने पुलिस प्रवक्ता तानिया विसिंटिन के हवाले से बताया कि गोलियों की आवाज सुनने के बाद, पड़ोस के लोगों ने आपातकालीन सेवा को बुलाया। वैंकूवर पुलिस ने कहा,



लोगों द्वारा गोलियों की आवाज सुनने के बाद अधिकारियों को ईस्ट 55वें एवेन्यू और मेन स्ट्रीट पर बुलाया गया। 24 वर्षीय चिराग एंटिल को इलाके में एक वाहन के अंदर मृत पाया गया। पुलिस ने कहा कि मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

# नई सरकार बनते ही भारत को मिलेंगे नए थल सेना, वायु सेना और नौसेना प्रमुख

### एक ही एनडीए बैच के 'दोस्तों' की 'तिकड़ी' के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान

### नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश, स्क्रीनिंग कमेटी ने तीन वैज्ञानिकों के नाम सुझाए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नए चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा।

फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नए प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जाएगा। खास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए बैच के 'तीन दोस्तों' के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करने वाली ह्यतिकड़ीह्व में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे।

रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जाएगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की चयन समिति ने पांच वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के नाम नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) को भेजे हैं। उम्मीद है कि एसीसी जल्द ही अगले नौसेना प्रमुख की घोषणा करेगी।

वरिष्ठता को देखते हुए नौसेना स्टाफ के वर्तमान उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रमुख दावेदार हैं। वाइस एडमिरल त्रिपाठी जुलाई 1985 में नौसेना में शामिल हुए। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है और उन्होंने फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में भूमिकाएं निभाईं हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना के जहाजों आईएनएस विनाश, आईएनएस किर्च और आईएनएस त्रिशूल की कमान संभाली है।

इसके बाद अगली नियुक्ति सेना प्रमुख की होगी, क्योंकि जनरल मनोज पांडे 31 मई को अपना पद छोड़ देंगे। जनरल पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को जनरल मनोज मुकुंद नरवणे से सेना की बागडोर संभाली थी। भारतीय सेना चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है, जिसमें 2 मिलियन से अधिक सक्रिय कर्मी हैं। सेना प्रमुख के अलावा शीर्ष पदों के लिए पांच वरिष्ठतम अधिकारियों को भी चुना जाना है। उत्तरी कमान में कमांडर के रूप में महत्वपूर्ण कार्यकाल के बाद 15 फरवरी को सेना के उप प्रमुख बने लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी मौजूदा सेना अध्यक्ष जनरल पांडे के बाद सबसे वरिष्ठ सेना अधिकारी हैं।

इसके साथ ही सरकार को नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश है, क्योंकि एजेंसी के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ करीब तीन साल के कार्यकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। भविष्य के युद्ध के लिहाज से डीआरडीओ उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में लगा है। स्क्रीनिंग कमेटी ने डीआरडीओ के तीन वरिष्ठ वैज्ञानिकों के नाम सुझाए हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली के महानिदेशक डॉ. बीके दास, माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्प्यूटेशनल सिस्टम और साइबर सिस्टम के महानिदेशक सुमा वरुघीस और मिसाइल और रणनीतिक सिस्टम के महानिदेशक उम्मालनेनी राजा बाबू दास हैं।

## मेरठ में घर में घुसा तेंदुआ, वन विभाग ने रेस्क्यू किया

**एजेंसी। मेरठ**

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के कसेरूखेड़ा रिहायशी इलाके में तेंदुआ के पहुंच जाने से दहशत फैल गई। कसेरूखेड़ा निवासी समीर के घर में तेंदुआ घुस गया, जिससे क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बन गई। बाद में वन विभाग की टीम ने तेंदुआ को करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर अपने साथ ले गई। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह को एक घर में तेंदुआ घुसा था, जिसे शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे के बाद आठ घंटे की कड़ी मशक्कत कर रेस्क्यू किया गया। मेरठ डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ), राजेश कुमार ने बताया कि जंगल से निकलकर एक तेंदुआ शनिवार की सुबह कसेरूखेड़ा रिहायशी इलाके में पहुंचकर शिकार की तलाश में एक घर में प्रवेश कर गया। इसे देखकर इलाके के लोग शोर मचाने लगे और दहशत में रिहायशी इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम कसेरुखेड़ा इलाके में पहुंची और आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पहले तेंदुआ को ट्रेंकुलाइज कर (बेहोशी का इंजेक्शन देकर) किया गया और फिर उसे रेस्क्यू कर लिया गया।

## पाक जेल में सरबजीत की हत्या करने वाला सरफराज की लाहौर में गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान की जेल में भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। लाहौर में अज्ञात लोगों ने उसे गोलियों से भून डाला। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह अपनी कार से कहीं जा रहा था। बता दें कि उसने भारतीय नागरिक सरबजीत की धारदार हथियारों से हत्या कर दी थी। उसने आईएसआई के इशारे पर सरबजीत को मौत के घाट उतारा था।

**लाहौर की सेंट्रल जेल में हुई थी सरबजीत की हत्या :** दरअसल, भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की मौत 2 मई 2013 को हुई थी। साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद लाहौर की सेंट्रल जेल में कुछ कैदियों ने सरबजीत पर हमला कर दिया था और पांच दिन बाद अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था।

**गलती से सीमा पार कर पाक पहुंच गए थे सरबजीत :** सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। वे किसान था। 30 अगस्त 1990 को वह अनजाने में पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गए थे, जहां से उन्हें पाकिस्तानी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय सरबजीत ने तर्क दिया था कि वह गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गए थे।